दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 320 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत से पंगा लेना मालदीव को इस कदर महंगा पड़ रहा है कि उसकी अर्थव्यवस्था चौपट होने की कगार पर पहुंच गई है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु चीन के हाथों की कठपुतली बनकर भारत विरोधी रूख अख्तियार कर मालदीव का बेड़ा गर्क करने का सामान कर बैठे हैं। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार कर दिया है। नतीजतन वहां के पर्यटन उद्योग का भट्टा बैठ गया है। मालदीव में ही वहां के राष्ट्रपति का विरोध हो रहा है। उनकी कुर्सी खतरे में पड़ गई है। बहुत जल्द वो न घर के रहेंगे न घाट के।

कैबिनेट : महतारी वंदन को हरी झंडी, तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय की कैबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद ने तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा के लिए नई योजना संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद ने तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा के लिए नई योजना संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इस नवीन योजना के संचालन के लिए शासन द्वारा 75 प्रतिशत एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 25 प्रतिशत धनराशि वित्तीय अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। मंत्रिपरिषद ने पीएम नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रूपए प्रतिमाह अर्थात् साल में 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातें में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री श्री

नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के हित में एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। जिसके तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब संग्रहण पारिश्रमिक 4000 रूपए प्रतिमानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा प्रदाय किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद ने तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा हेतु नवीन योजना संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इस नवीन योजना के संचालन के लिए शासन द्वारा 75 प्रतिशत एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 25 प्रतिशत धनराशि वित्तीय अनुदान के रूप में प्रदान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इनको मिलेगा लाभ

इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंग विभेद, असमानता, जागरूकता की कमी होने के फलस्वरूप समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव को समाप्त करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना से महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को भी योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है।

प्रदेशभर में आईटी की रेड

पूर्व मंत्री भगत निशाने पर, भिलाई में 2 करोड़ 64 लाख जप्त

■ एसबीआई सेक्टर 1 के पास संदिग्ध कार से मिले 2 करोड़ 64 लाख

रायपुर/भिलाई/अंबिकापुर/नवप्रदेश। बुधवार की सुबह से ही प्रदेश के कई जिलों में व्यापारियों और मंत्रियों के ठिकानों पर आईटी और पुलिस की बड़ी कार्रवाई चली।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की आईटी टीम ने छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के अंबिकापुर निवास अल सुबह छापा मारा। पूर्व में ईडी ने कोयला घोटाले में नाम आने के बाद पूर्व मंत्री पर एफआईआर भी दर्ज की है। इसके बाद पूर्व मंत्री जांच के दायरे में आ गए है और 31 जनवरी को सुबह ही उनके अंबिकापुर निवास पर आईटी की मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की संयुक्त टीम ने छापा मार दिया।

वहीं दुर्ग पुलिस ने भी सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को बड़ी कारवाई करते हुए भिलाई में दो संदिग्ध वाहनों से भारी रकम जप्त की है। पुलिस के अनुसार एसबीआई सेक्टर 1 के पास दो संदिग्ध वाहन मिले जिसकी जांच करने के बाद उसमें 2,64,00,000 रुपए मिले। पुलिस विभाग के इसकी जानकारी आयकर विभाग को भेज दी है।

आज प्रदेश में राजधानी रायपुर, दुर्ग, भिलाई राजनांदगांव और कोरबा में कई बड़े व्यापारी और बिल्डरों के ठिकानों पर आईटी की टीम पहुंची है। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की टीम में आईटी के 200 से ज्यादा अधिकारी मौजूद है।

इनके यहां पड़ा छापा

पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, भिलाई में चौहान बिल्डर अमर हूरा, हर पाल अरोरा, कैलाश बजाज के घरों और अन्य ठिकानों पर आईटी ने दबिश दी है। बिल्डर अजय चौहान के राम नगर स्थित ऑफिस और चौहान स्टेट, दुर्ग में राइस इंड्रस्टीज और पंचवटी सोसाइटी स्थित एस के केजरीवाल के घर आईटी की टीम पहुंची है।

भगत के करीबी एसआई और ड्राइवर के घर भी दबिश

अमरजीत भगत के नजदीकी स्ढ्ढ रूपेश नारंग के घर भी IT की टीम ने दबिश दी है। आईटी की टीम दो गाड़ियों में पहुंची है। रूपेश सीतापुर और अंबिकापुर थाने में लंबे समय तक थाना प्रभारी रहे हैं। रूपेश नारंग की पोस्टिंग मंत्री रहे अमरजीत भगत के कारण हमेशा अच्छे थानों में रही। अमरजीत भगत के ड्राइवर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छापे के बाद अमरजीत की बिगड़ी तबीयत

अमरजीत भगत के रायपुर के विधायक कॉलोनी स्थित निजी आवास सरगुजा कुटीर पर भी आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। करीब दो एकड़ में बंगला, मंदिर, गार्डन और दफ्तर है। यहां सुबह से ही आईटी की टीम दस्तावेजों को खंगाल रही है। छापे के बाद अमरजीत भगत की तबीयत भी बिगड़ गई है। उनके फैमिली डॉक्टर निवास पर पहुंचे और उन्हें धूप में बैठने की सलाह दी है।

पूर्व मंत्री के निजी सहायक पर भी शिकंजा

बलरामपुर में पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के निजी सहायक राजेश वर्मा के घर पर भी आयकर विभाग की टीम कार्रवाई में जुटी है। वर्मा का घर जिले के राजपुर में है। सुबह करी 6.30 बजे 4 गाड़ियों में पहुंची ढ्ढञ्ज की टीम दस्तावेज खंगालने और पूछताछ में जुटी है।

हेमंत सोरेन ने दिया इस्तीफा चंपई सोरेन होंगे नए सीएम

झारखंड/ नवप्रदेश(ए.)। झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद, विधायक राजभवन के बाहर खड़े होकर हंगामा कर रहे। झारखंड के नए सीएम मंत्री चंपई सोरेन होंगे। जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी की पूछताछ के बाद इस्तीफा देने सीधे राजभवन पहुंचे। अभी हेमंत सोरेन राजभवन में ही हैं। बताया जाता है कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद ईडी गिरफ्तार कर सकती है।

सभी विधायक राजभवन के बाहर डटे हुए हैं। वह मांग कर रहे हैं कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाए। विधायक दल की बैठक में ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना है। साथ ही ईडी ऑफिस, राजभवन और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कौन हैं चंपई सोरेन...

चंपई सोरेन झारखंड सरकार में मंत्री हैं। इससे पहले भी वो एक बार मंत्री रह चुके हैं। चंपई सोरेन सरायकेला से विधायक हैं. चंपई को झारखंड का टाइगर भी कहा जाता है. उनके पिता सेमल सोरेन खेती किसानी करते थे. चंपई ने भी खेती की है. चंपई हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के सहयोगी रहे हैं. झारखंड के आंदोलन में चंपई ने शिबू सोरेन का साथ दिया था. हेमंत सोरेन सार्वजनिक मंचों पर भी चंपई सोरेन के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए दिखे हैं और रिश्ते में उन्हें चाचा मानते हैं. कहा तो ये भी जाता है कि चाहे मामला सरकार का हो या पार्टी के अहम विषयों का...हेमंत सोरेन चंपई सोरेन से सलाह मशविरा जरूर करते हैं।

खाई में गाड़ी गिरने से 7 लोगों की मौत, 8 घायल

उरी (ए.)। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां एक यात्री वाहन खाई में गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए बारामूला रेफर किया गया है. घायलों में से तीन ही हालत गंभीर बनी हुई है. जानकारी के मुताबिक एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा. इसमें एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे. हादसे की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. इनमें से 7 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

मोदी सरकार की सारी गारंटियां फेल हो गई : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में सरकार की जो उपलब्धियां गिनाई गई हैं। उनका कोई महत्व नहीं है और अब साफ हो गया है कि मोदी सरकार की सारी गारंटियां फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल तथा लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि इस अभिभाषण से देश को बहुत उम्मीद थी लेकिन इस अभिभाषण में सरकार के वादे गायब थे और इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार की सारी गारंटियां फेल हो गई हैं।

केजरीवाल को ईडी ने भेजा 5वां समन

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर तलब किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को पांचवां समन भेजा है। केजरीवाल को 2 फरवरी को ईडी मुख्यालय में पेश होने को कहा गया है। ऐसे में केजरीवाल के पास इस बात पर विचार के लिए दो ही दिन का टाइम बचा है कि वह इस बार जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे या नहीं। दिल्ली के सीएम इससे पहले 4 समन को दरकिनार कर चुके हैं। केजरीवाल ने ईडी के समन को हर बार अवैध बताकर नजरअंदाज किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि बीजेपी लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराना चाहती है। खुद केजरीवाल ने टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में उन्हें कैंपेन से रोकने के लिए साजिश रची जा रही है और झूठे केस में गिरफ्तार किया जा सकता है।

यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

देहरादून (ए.)। सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक सहिता-यूनीफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी-CC) लागू करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। यूसीसी के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंपेगी।

कैबिनेट मंजूरी के बाद सरकार यूसीसी को लेकर 06 फरवरी को विधानसभा सत्र में विधेयक लाएगी। उत्तराखंड का विधानसभा सत्र 05 फरवरी से शुरू हो रहा है। बता दें कि धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने का वादा किया था।

प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री धामी ने राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को अपनी मंजूरी दे दी और 27 मई 2022 को पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया। उधर, मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यूसीसी हमारा विधानसभा चुनाव के समय का संकलप था।

इसे पूरा करने के लिए देवभूमि की जनता ने आशीर्वाद दिया। भाजपा सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे अब साकार करने जा रहे हैं।

बजट सत्र : राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली (ए.)। संसद के बजट सत्र की शुरुआत बुधवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ इसका आरंभ हो चुका है। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर राष्ट्रपति मुर्मू ने बड़ी उपलब्धियों का जिक्र किया है और इस बात की खुशी जताई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात फीसदी रही है. चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही है। वहीं जुलाई-सितंबर

की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 फीसदी की दर से बढ़ी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भारत को पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जाता था. आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं. राष्ट्रपति ने कहा, दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है.

महंगाई दर के घटते आंकड़े पर जताया संतोष

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश में पहले मुद्रास्फीति यानी महंगाई की दर दहाई अंक में रहा करती थी जो अब चार फीसदी पर है. बैंकिंग क्षेत्र पर उन्होंने कहा, पहले हमारी बैंकिग व्यवस्था चरमरा रही थी, पर आज हम विश्व में सबसे मजबूत बैंकिंग प्रणालियों में से एक हैं. आज के समय में बैंकों के नॉन-परफॉरमिंग ऐसेट्स (एनपीए) चार फीसदी ही हैं. सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए कहा कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार स्तंभों- युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब पर खड़ी होगी. इन चार स्तंभों को सशक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट का फैसला अब ज्ञानवापी के तहखाने में होगी पूजा

नई दिल्ली/(ए.)। अदालत ने हिंदू याचिकाकर्ताओं को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में पहले सील किए गए तहखाने में पूजा करने की अनुमति दे दी है। वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को दोपहर में यह फैसला सुनाया। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों द्वारा पूजा-अर्चना की जा सकती है। अदालत ने कहा कि, मस्जिद के तहखाने में प्रवेश पर रोक के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने की व्यवस्था की जानी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने तहखाने को एएसआई के सर्वेक्षण के दौरान सील करने का आदेश दिया था। ज्ञानवापी केस में हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने एएनआई से कहा कि, 1993 में वहां पूजा-पाठ होती थी. मुलायम सिंह की तत्कालीन सरकार ने बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के उसको लोहे की पट्टिका से घिरवाकर वहां पूजा बंद करा दी थी। इसमें एक मुकदमा दायर किया गया उसमें दो रिलीफ मांगे गए. पहला रिलीफ मांगा गया कि व्यासजी के तहखाने के दरवाजे खिड़की टूटे हैं, जर्जर हैं और उस पर बलात कब्जा रोका जाए. जिला अधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 17 जनवरी 2024 को आदेश कर दिया और 24 जनवरी को जिलाधिकारी ने उसको अपने कब्जे में ले लिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

हैरतअंगेज... परसदा में हुआ रोचक वाक्या, क्रेन से उतारने का नहीं था पैसों तो गांव वालों ने लगाई जुगत

खाने के लालच में छत पर चढ़ गया बैल, चार दिन बाद उतारा गया

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम परसदा (जगन्नाथपुर) में विगत दिनों रात से एक मकान की छत पर चढ़े सांड को मंगलवार की शाम 4 बजे उतारा गया। सीढ़ियों के रास्ते से सांड छत पर चढ़ तो गया था लेकिन ऊंचाई अधिक होने और डर के मारे वापस नीचे नहीं उतर पा रहा था। ग्रामीणों सहित पशु चिकित्सा विभाग को समझ नहीं आ रहा था कि इसे कैसे उतारे। क्रेन से उतारने पर पैसों का संकट था। सांड को छत से उतारने पशु विभाग, पंचायत प्रशासन और ग्रामीण जुटे हुए थे। सांड का डर दूर करने सीढ़ियों पर पैरा डाला गया। गड्ढे छुपा दिए गए। सांड के गले में रस्सी बांधकर धीरे धीरे खींचा गया। इसके बाद ग्रामीणों और पशु

चिकित्सा विभाग ने राहत की सांस ली।

परसदा के ग्राम पटेल भावसिंह यदुवंशी के घर की छत पर चढ़े नंदी (सांड) को उतारने में पशु चिकित्सा विभाग ने सफलता हासिल कर ली। अच्छी और रोचक बात यह है कि बिना किसी क्रेन की मदद से ही देसी जुगाड़ से ही इसे उतारने में सफल हुए हैं। मंगलवार की शाम को टीम दलबल के साथ पहुंची थी। पूर्व सरपंच हीरामन ठाकुर ने सीढ़ियों पर पैरा भरने का सुझाव दिया। इससे गड्ढा छिप जाएगा और नंदी को डर नहीं लगेगा और वह एक बालकनी तक उतर कर आ जाएगा और गली में ट्रैक्टर ट्राली रख देंगे तो उसमें फिर वह उतर जाएगा। अधिकारियों ने उनकी बात मानी और वैसा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इनका रहा योगदान

पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डीके सिहारे, टीडी देवांगन, बीके विश्वकर्मा, बीएस नायक, अभिषेक मिश्रा, सोमेश जोशी,कैलाश कुमार आर्य, एआर खान, सरपंच पति घुरऊ राम साहू, हिरामन ठाकुर, भाव सिंह यादव, उपसरपंच टुमन सेन भी मौजूद रहे। सांड को छत से उतारने में स्टाफईश्वर पर्दे शुभम ठाकुर, जय प्रकाश साहू, सुरेंद्र कुमार, कामता यादव, नूतेश पटेल आदि ने सहयोग किया।

लाखड़ी के लालच में छत पर चढ़ा

ज्ञात हो कि उक्त सांड शनिवार की रात से इस छत पर चढ़ा हुआ था। लाखड़ी खाने के लालच में खुले गेट के जरिए सीढ़ियों के रास्ते छत पर आ गया था। लेकिन उतर नहीं पा रहा था। तब से ये मामला चर्चा में आया था। पशु विभाग के उपसंचालक देवेंद्र सिहारे ने कहा कि हमारे पास इस संबंध में कोई फंड नहीं है। सरपंच पति घुरऊ राम साहू ने कहा कि हम सहयोग करने के लिए तैयार हैं। रही बात पिछले बार क्रेन के किराए को लेकर तो मुझे पिछली बार किसी ने कहा ही नहीं, मैंने उस समय जेसीबी मंगवाया था उसका किराया हमने दिया भी था।

चारा पानी का लालच देते रहे

सीढ़ियों पर पूरी तरह से पैरा भर दिया गया फिर सांड को नीचे आने के लिए चारे का लालच दिया गया। पर वह आने के मूड में नजर नहीं आ रहा था। फिर क्या था उसके गले में रस्सी बांधी गई और उसे पीछे से धक्का दिया गया। उस पर पानी भी डाला गया। धीरे-धीरे फिर सांड नीचे की ओर आने लगा और ट्राली में कूदा फिर कुछ दूर ले जाकर उसे छोड़ दिया गया।

न्यूज गैलरी

शिवसेना शिंदे गुट के विधायक अनिल बाबर का निधन

सांगली(वार्ता)। महाराष्ट्र शिवसेना (शिंदे) गुट के नेता और खानापुर अटपाडी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अनिल बाबर का बुधवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने श्री बाबर के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके निधन की खबर मिलने के बाद आज होने वाली कैबिनेट बैठक को रद्द कर दिया गया।

नशीले पदार्थों के तस्करों डीलरों पर होगी सख्त कार्रवाई

जम्मू(वार्ता)। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफलड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित जम्मू पुलिस का 'ड्रग रोधी प्रकोष्ठ' विशेष टीमों के साथ जल्द ही मादक पदार्थों के आपूर्तिकर्ताओं और ड्रग डीलरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगा। पुलिस विभाग के सूत्रों ने कहा कि ड्रग रोधी प्रकोष्ठ के गठन से पुलिस टीमों के कामकाज में बहुत फर्क पड़ेगा, जो विशेष रूप से जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मामलों को संभालने में काम करेंगी।

अमृतसर में छह किग्रा हेरोइन, गोला बारूद सहित 4 तस्कर गिरफ्तार

जालंधर(वार्ता)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध इंटेल-आधारित ऑपरेशन में अमृतसर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से चार भारतीय तस्करों को गिरफ्तार कर नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और नशीले पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद जब्त करने में सफलता हासिल की है। बीएसएफके प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय की कड़ी मेहनत से विकसित की गयी खुफिया जानकारी के बाद यह ऑपरेशन किया गया और हेरोइन के संभावित गिराने वाले स्थान की भी टोह ली गयी। उन्होंने बताया कि गहन मूल्यांकन और योजना के बाद, बीएसएफ की ऑपरेशनल टीमों ने 29 जनवरी, 2024 की शाम को संदिग्ध क्षेत्र में घात लगाकर हमला किया। रात करीब 11:30 बजे, घात लगाकर बैठे दल ने एक ड्रोन की संदिग्ध आवाज़ सुनी और देखा कि तीन लोग एक पैकेट की ओर बढ़ रहे थे, जिसे अभी-अभी गिराया गया था।

तीन नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली(वार्ता)। संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को राज्यसभा के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली और सदन ने दो दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने मनोनीत सतनाम सिंह संधू, दिल्ली से निर्वाचित आम आदमी पार्टी के सदस्य नारायण दास गुप्ता और सुश्री स्वाति मालिवाल को सदस्यता की शपथ दिलायी। इसके बाद सभापति ने दो पूर्व सदस्यों हरिशंकर भाभड़ा और श्रीमती सुश्री देवी के हाल के दिनों में निधन होने की जानकारी सदन को दी। इसके बाद दो मिनट मौन रहकर सदस्यों ने दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने सदन की ओर से दो सदस्यों श्री सदानंद शेट तानावडे और श्री साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

एसीबी ने भरतपुर जिले में लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति किया जागरुक

भरतपुर(वार्ता)। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को पकड़ने के साथ वह लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरुक करने का काम भी करती है और इसके तहत बुधवार को भरतपुर जिले के मुरवारा में ग्रामीणों को जागरुक किया गया। एसीबी की विशेष इकाई भरतपुर द्वारा सजग ग्राम योजना के चयनित मुरवारा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। एसीबी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के बारे में अवगत कराया।

संसद भवन की सुरक्षा में हुआ बड़ा बदलाव, सीआईएसएफ ने संभाला मोर्चा

नई दिल्ली। गत वर्ष 13 दिसंबर को हुए सुरक्षा चूक मामले में केंद्र सरकार ने संसद भवन परिसर में कई तरह के सिक्योरिटी बदलाव कर दिए हैं। अब मुख्य गेटों पर जांच पड़ताल के लिए दिल्ली पुलिस नहीं है। यह जिम्मेदारी, सीआईएसएफ को सौंपी गई है। सीआईएसएफ द्वारा संसद भवन में चेकिंग का तकरीबन वही तरीका अपनाया है, जो अमूमन एयरपोर्ट पर देखने को मिलता है। अब संसद भवन परिसर में प्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा। प्रवेश पत्र (स्मार्ट कार्ड) दिखाने के बाद बायोमैट्रिक पुष्टि होगी। उसके बाद ही किसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा।

सीआईएसएफके अलावा संसद भवन परिसर में सादे कपड़ों वाली टीम (खुफिया ब्यूरो) की मौजूदगी को बढ़ा दिया गया है। संसद भवन की ओवरऑल सुरक्षा का जिम्मा पहले की भांति सीआरपीएफ के 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' (पीडीजी) के पास है।

बता दें कि गत वर्ष 13 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की विजिटर गैलरी से एकाएक दो युवक कूद गए थे। उनमें से एक युवक ने अपने जूते से एक स्प्रे कैप्सूल निकाल कर सदन में धुआं फैला दिया। इससे सदन में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षाकर्मियों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके दूसरे साथी संसद भवन परिसर के बाहर भी खड़े थे। वहां पर भी उसी स्प्रे कैप्शूल का इस्तेमाल किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। मौजूदा समय में सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

संसद भवन के गेटों पर पहले दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहते थे। आगुंतकों की जांच का काम भी उन्हीं को सौंपा गया था। दिल्ली पुलिस ही उनका सामान, मोबाइल फोन, बैग या फाइलों की जांच करती थी। अगर किसी व्यक्ति को लोकसभा या राज्यसभा की कार्यवाही देखने के लिए जाना होता तो दूसरे कई गेटों पर भी कार्ड देखा जाता था। दिल्ली पुलिस के जवान, मैटल डिटेक्टर की मदद से वहां पर आगुंतकों की जांच करते थे। पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस 'पीएसएस' के कर्मी, लोगों के पास आदि तैयार करते हैं। संसद भवन परिसर में प्रवेश के लिए दस्तावेज जांचने की जिम्मेदारी भी इन्हीं की रहती है। इस चूक मामले की जांच के लिए सीआरपीएफडीजी अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने अपनी जांच में कई अहम सुझाव दिए थे। उसके बाद संसद भवन के मौजूदा सिक्योरिटी घेरे में भी कई परिवर्तन किए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संसद भवन परिसर में 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल' सीआईएसएफ की नियमित तैनाती की योजना बनाई। अब संसद भवन के सभी प्रवेश मार्गो पर सीआईएसएफ तैनात है। इतना ही नहीं संसद परिसर का सिक्योरिटी एवं फायर सर्वे कराया गया। सीआईएसएफके डीआईजी अजय कुमार ने इस टीम को हेड किया है। इस टीम ने संसद भवन में पीएसयू की तर्ज पर फायर सुरक्षा सर्वे किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद सीआईएसएफ मुख्यालय ने 20 दिसंबर को इस सर्वे के संबंध में आदेश जारी किए थे। संसद भवन परिसर एवं वहां स्थित दूसरी बिल्डिंगों की सुरक्षा एवं फायर सेफ्टी के मद्देनजर, सीआईएसएफ की नियमित तैनाती के लिए इसी टीम ने सर्वे कार्य किया था।

संवैधानिक पद नहीं, फिर भी उपमुख्यमंत्रियों की भरमार

भारत के 7 राज्यों में उपमुख्यमंत्री पद की नई सियासत, राज्यों में 26 डिप्टी सीएम

नई दिल्ली। बिहार में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों (सीएम मंत्री) की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मौजूदा समय में सात राज्यों में रिकॉर्ड 26 उपमुख्यमंत्री पद पर हैं। मजे की बात ये है कि उपमुख्यमंत्री कोई संवैधानिक पद नहीं है। यानी इस पद के लिए किसी तरह का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और यह महज किसी सहयोगी गुट या प्रभावशाली व्यक्ति को खुश रखने के लिए इस्तेमाल हो रहा है। उपमुख्यमंत्री पद को पार्टियां वोट बैंक साधने के लिए भी इस्तेमाल कर रही हैं।

कहां कितने डिप्टी सीएम हैं?

डिप्टी सीएम मंत्री के रूप में शपथ लेते हैं, लेकिन क्रम में उनका दर्जा ऊंचा होता है। पार्टियां इस पद को राजनीति साधने के लिए इस्तेमाल करती हैं तो वहीं विशेषज्ञ इसे सामाजिक आंदोलनों के बाद जागरूकता के रूप में भी देखते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा डिप्टी सीएम के मामले में दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश में पांच डिप्टी सीएम हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मेघालय और नागालैंड में दो-दो डिप्टी सीएम हैं।

वहीं हरियाणा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश में एक-एक डिप्टी सीएम हैं। 26 मौजूदा डिप्टी सीएम में से 13 बीजेपी से, दो बीजेपी सहयोगियों से, पांच वाईएसआर कांग्रेस से और तीन कांग्रेस से हैं। पूर्व सांसद और जद (यू) प्रवक्ता के सी त्यागी ने कहा कि विरोधाभास होने के बावजूद संवैधानिक वैधता हमेशा जरूरी नहीं होती है। उन्होंने कहा, ये एडजस्टमेंट और मैनेजमेंट का वक्त है। यह हमारे समाज और इसकी विविधता को भी दर्शाता है। लोग पहले इतने जागरूक नहीं थे। लेकिन सामाजिक न्याय आंदोलन ने जागरूकता पैदा की है और हर कोई अपना प्रतिनिधित्व चाहता है।

उपप्रधानमंत्री पद के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि आजादी के बाद से भारत में ऐसे सात उदाहरण हैं जब देश को डिप्टी पीएम मिले थे। पहले डिप्टी पीएम तो खुद सरदार वल्लभभाई पटेल थे।

मोराजी देसाई दूसरे उपप्रधान मंत्री थे। वे बाद में देश के चौथे प्रधानमंत्री भी बने। दिलचस्प बात यह है कि 1989-1991 में दो बार डिप्टी पीएम रहे देवी लाल ने ...मैं 'डिप्टी पीएम' के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करूंगा के रूप में शपथ ली थी। ये शपथ '...मैं संघ के मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करूंगा'' से अलग थी।

देश के संविधान में डिप्टी सीएम पद का जिक्र तक नहीं

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विराग गुप्ता ने बताया, देश के संविधान में राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बारे में अनुच्छेद 164 में प्रावधान है. लेकिन उपमुख्यमंत्री के बारे में कुछ नहीं बताया गया है।

यहां तक की इस पद का भी कहीं जिक्र नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि किसी राज्य के उप मुख्यमंत्री सिर्फ सीएम की तरफ से दिए गए विभाग या मंत्रालय को ही देख सकते हैं. इतना ही नहीं उप मुख्यमंत्री की सैलरी, अन्य भत्ते और सुविधाएं कैबिनेट मंत्री के बराबर ही होती हैं।

उप मुख्यमंत्री पद की शुरुआत उप-प्रधानमंत्री पद बनने के बाद हुई है।

हिमाचल में बर्फबारी ने रोकी वाहनों की रफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में साल की पहली बड़ी बर्फबारी के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसको लेकर चार राष्ट्रीय राजमार्गो सहित 134 सड़कें बंद हो गईं। मंगलवार रात से रुक-रुक कर बर्फबारी का क्रम जारी है। साथ ही अधिक बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने 31 जनवरी और 1 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बर्फबारी और भारी बर्फ बारी के पूर्वानुमान ने किसानों और फल और सब्जी उत्पादकों को खुश कर दिया है। जिन्हें सूखे के कारण फ सल का भारी नुकसान हुआ था। कृषि विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि बारिश का मौसम रबी फ सलों के लिए फायदेमंद होता है। पर्यटन कारोबारी भी उत्साहित हैं क्योंकि बर्फ बारी से भारी संख?या में पर्यटकों की उम्मीद बनी हुई है। बता दें मनाली और शिमला को मानसून आपदा के कारण नुकसान उठाना पड़ा था। वहीं नए साल पर कमरे की व्यस्तता लगभग 60 प्रतिशत थी, जो चार दशकों में सबसे कम थी।

लद्दाख में चीनी सैनिकों से भिड़े निहत्थे चरवाहे, बख्तरबंद वाहनों पर चलाए पत्थर

लद्दाख। लद्दाख में कुछ भारतीय चरवाहों ने चीन से लगी सीमा के पास चीन के सैनिकों को जवाब दिया। ये चरवाहे इस इलाके में भेड़ चराने आए थे। चीनी सैनिकों ने इन्हें रोका, जिसके बाद चरवाहों ने कहा कि हम भारतीय जमीन पर खड़े हैं। ये घटना इस महीने की शुरुआत की बताई जा रही है। 2020 में हुए गलवान विवाद के बाद से स्थानीय चरवाहे इस इलाके में अपने मवेशियों को चराने नहीं लाते थे। गलवान विवाद के बाद से ये पहली बार है जब चरवाहों ने इस इलाके को अपना बताया और चीनी सैनिकों को यहां से जाने को कहा। इस बातचीत का वीडियो सामने आया है। पूर्वी लद्दाख के चुशुल से पार्षद कोंचोक स्टेन्जिन ने सोशल मीडिया पर ये वीडियो शेयर किया। लिखा कि देखिए किस तरह से हमारे स्थानीय लोगों ने चीन की सेना के सामने अपनी बहादुरी दिखाते हुए दावा किया कि जिस इलाके में उन्हें दाखिल होने से रोक रहे हैं, वह हमारे बंजारों की ही चरागाह भूमि है।

इंडिया अलायंस में ममता-अधीर के बीच फिर खिंची तलवार

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया अलायंस में साथी दलों के बीच चौड़ी होती खाई को फिर उजागर किया है। मंगलवार को राज्य के उत्तरी हिस्से में पदयात्रा करते हुए ममता ने लोगों से तृणमूल कांग्रेस के बैनर तले एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस-लेफ्ट और बीजेपी को हराने की अपील की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल के जिन शहरों से होकर गुजरे, उन्हीं शहरों चोपड़ा और इस्लामपुर में कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी ने पदयात्रा कीं। इस दौरान उन्होंने कहाः वह तृणमूल कांग्रेस ही है, जो राज्य के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रही है। हमें बंगाल में कांग्रेस-सीपीआई (एम)-बीजेपी गठजोड़ को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। ममता की यह टिप्पणी उस दिन आई जब पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल पर बंगाल में पदयात्रा के रास्ते में बाधाएं पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह राज्य में भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते रहेंगे। चौधरी ने मुर्शिदाबाद में मीडियाकर्मियों से कहा, अगर पश्चिम बंगाल में चोरी हो रही है, तो क्या मैं कहूंगा कि ऐसा नहीं हो रहा है?...क्या हम भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को भ्रष्ट नहीं कह सकते।

अनियंत्रित वाहन खाई में गिरा, 1 की मौत, 1 घायल

देहरादून(वार्ता)। उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद में बुधवार को एक अनियंत्रित वाहन बुधवार को गहरी खाई में गिर गया जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। राज्य आपदा मोचन बल प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने बताया कि आज जिला नियंत्रण कक्ष, रुद्रप्रयाग ने तिलवाड़ा मयाली मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर खाई में दुर्घटनाग्रसर कार संख्या यूके 13बी 0654 में 02 व्यक्ति सवार थे। जो तिलवाड़ा से मयाली की ओर जा रहे थे। अचानक रास्ते में अनियंत्रित होने से लगभग 500 मीटर नीचे खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गये।

मणिशंकर अय्यर को घर खाली करने का नोटिस

नई दिल्ली। कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर और उनकी बेटी सुरन्या अय्यर को दिल्ली के जंगपुरा स्थित अपना घर खाली करने का नोटिस मिला है। जो रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें। नोटिस में लिखा गया है कि आपको ऐसे अपशब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे शांति भंग हो सकती है और अन्य निवासियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। आप सोचते हैं कि आपने अयोध्या में राम मंदिर की

प्रतिष्ठा के विरोध में क्या गलत किया है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि कृपया किसी अन्य कॉलोनी में चले जाएं, जहां लोग इस तरह की नफरत पर अपनी आंखे बंद कर सकते हैं। दरअसल, मणिशंकर की बेटी सुरन्या अय्यर ने 20 जनवरी को फेसबुक पोस्ट किया था। इसमें दावा किया था कि वह अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विरोध में 3 दिन का व्रत कर रही है। उनका यह व्रत मुस्लिम नागरिकों के प्रति प्यार और दुख की अभिव्यक्ति है। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा है कि सुरन्या अय्यर ने सोशल मीडिया पोस्ट में जो कहा वह शिक्षित व्यक्ति के लिए अशोभनीय था। उन्हें समझना चाहिए कि राम मंदिर 500 साल बाद बनाया जा रहा है वो भी सुप्रीम कोर्ट ने फैसले के बाद। आप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ ले सकती हैं। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लिखा है कि आप अपने देश की भलाई के लिए राजनीति में कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन कृपया याद रखें कि आप जो भी कहते हैं, जो भी करते हैं उससे कॉलोनी का अच्छा और बुरा नाम होता है। इसलिए ऐसी पोस्ट और टिप्पणी करने से बचें।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद में हाईकोर्ट की एंट्री

चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के मुद्दे को लेकर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। अदालत ने इस मामले में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम से तीन हफ्तों के भीतर रिपोर्ट तलब की है। गठबंधन की तरफ से धांधली के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही चुनाव अधिकारी पर सवाल उठाए गए हैं। मंगलवार को घोषित नतीजों में भारतीय जनता पार्टी उम्मीवार मनोज सोनकर ने जीत हासिल की थी। आम आदमी पार्षद कुलदीप कुमार ने बैलेट पेपर में छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। इस संबंध में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की अनुमति दे दी थी।

मालदीव में कभी भी गिर सकती है राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सरकार

माले। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नई सरकार पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। विपक्ष ने भी संकेत दे दिए हैं कि सही समय पर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही दावा किया जा रहा है कि विपक्ष के पास संसद में जरूरी समर्थन भी है। संभावनां जताई जा रही हैं कि मालदीव में विपक्ष 27

मई यानी मौजूदा संसदीय कार्यकाल से पहले बड़ा फैसला ले सकता है। मालदीव की वेबसाइट द एडिशन के अनुसार, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के संसदीय समूह या PG नेता मोहम्मद रशीद हुसैन ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सबसे उचित पर समय पर विचार करने के बाद लाया जाएगा। साथ ही उन्होंने संकेत दिए हैं कि मौजूदा संसदीय कार्यकाल में प्रस्ताव लाया जा सकता है। MDP के संसदीय समूह का कहना है कि उन्होंने जरूरी संख्या से ज्यादा हस्ताक्षर भी हासिल कर लिए हैं। विपक्षी नेता ने कहा, 'हम इसे दाखिल करने के लिए समय और हालात पर विचार कर रहे हैं। हम सबसे सही समय पर इसे प्रस्तुत करेंगे।' उन्होंने यह भी दावा किया है कि इसमें सरकार से जुड़े सांसदों के भी वोट होंगे।

तमिलनाडु के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक

चेन्नई। मद्रास हाई कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को आदेश दिया कि मंदिरों में ऐसे बोर्ड लगाने चाहिए, जिसमें लिखा हो कि गैर हिंदुओं को मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है कि कोई भी घूमने चला आए। हिंदुओं के अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने का मौलिक अधिकार है। हाई

कोर्ट की मदुरै बेंच की जस्टिस एस श्रीमथी ने डी सेंथिलकुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। सेंथिलकुमार पलानी हिल टेंपल डिवोटीज ऑर्गनाइजेशन के संयोजक हैं। याचिकाकर्ता सेंथिलकुमार की मांग थी कि, अरुलमिगु पलानी धनदायुथापानी स्वामी मंदिर और अन्य मंदिरों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की अनुमति दी जाए। वह यह भी चाहते थे कि सभी एंट्री गेट पर इस संबंध में डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं।

सियासत... महागठबंधन से अलग होते ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधा

अलग होते ही नीतीश ने याद दिलाया लालू का जंगलराज

नई दिल्ली(ए.)। महागठबंधन से अलग होते ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की हालत क्या थी, कोई निकलता नहीं था घरों से। सड़कों की हालत क्या थी कहीं कोई पुल-पुलिया नहीं बनता था। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना कहा अभी वह बच्चा है, हम ही आए थे उसको क्या पता है। तेजस्वी बार-बार रोजगार का

दावा कर रहे थे। नीतीश ने कहा कि हमने काम किया और क्लेम वो लोग कर रहे हैं। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन पर भी बड़ा हमला। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने छोड़ दिया, कोई कुछ काम नहीं कर रहा था, यह भी तय नहीं कर रहा था कि कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना है। अब वह लोग जानें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमने दूसरा नाम बोला था, लेकिन इन लोगों ने इंडिया नाम रख लिया।

राहुल गांधी के उस बयान पर भी सीएम ने जवाब दिया, जिसमें राहुल ने कहा था कि जातिगत गणना हमारे कहने पर नीतीश कुमार ने कराई थी। नीतीश ने कहा कि बिल्कुल गलत बात है, वह क्रेडिट ले रहे हैं, हमने जातिगत गणना कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि टीचर भर्ती को लेकर जो क्रेडिट लिया जा रहा है बिल्कुल गलत है, वह मेरा विजन था। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार के विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं और इसी विकास को आप लोग दिखाइए। नीतीश कुमार बुधवार को पटना में चौबीस घंटे काम करने वाले आपदा प्रबंधन इमरजेंसी कंट्रोल रूम का उद्घाटन करने पटेल भवन पहुंचे थे। जहां उन्होंने ये बातें कीं। वहीं, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि 17 बरस बनाम 17 महीने हर कोई जानता है। आज किसी भी धर्म का व्यक्ति हो हर जगह हताशा का माहौल है। नीतीश कुमार तो पहले भी मुख्यमंत्री थे, लेकिन इतनी नौकरियां कहां मिलीं।

आंध्र प्रदेश में अगले सात दिन मौसम शुष्क रहने के आसार

अमरावती(वार्ता)। तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में अगले सात दिन के दौरान मौसम शुष्क रहने के अनुमान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में मौसम शुष्क बना रहा।

मोती बाग के समीप स्मार्ट लाइब्रेरी की सुविधा बहुत जल्द, पंजीयन आज से

■ **कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने ली नालंदा प्रबंधन सोसायटी की बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज नालंदा प्रबंधन सोसायटी के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक लेकर कहा है कि मोतीबाग में निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम की सदस्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया 01 फरवरी 2024 से प्रारंभ किया जायेगा। जो प्रतिभागी स्मार्ट रीडिंग रूम मोतीबाग में सदस्यता चाहते हैं वे नालंदा परिसर लाइब्रेरी एवं सेंट्रल लाइब्रेरी रायपुर से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। नवनिर्मित लाइब्रेरी का संचालन जल्द ही शुरू होगा एवं ÷पहले आओ पहले पाओ÷ के आधार पर विद्यार्थियों का पंजीयन किया जाएगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। मोतीबाग के समीप स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट रीडिंग रूम बनाया जा रहा है जो युवाओं के लिये यथाशीघ्र प्रारंभ होगा। यह लाइब्रेरी भी नालंदा परिसर लाईब्रेरी जैसे 24ङ्क7 संचालित होगी। जी प्लस टू में निर्माणाधीन इस लाइब्रेरी में 600 युवाओं के लिये एक साथ बैठने की व्यवस्था है। पूर्णतः वातानुकूलित इस लाइब्रेरी में कम्प्यूटर सिस्टम, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी किताबें, फ्री-वाई फाई के साथ-साथ अत्याधुनिक सिक्योरिटी सिस्टम सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर पुस्तक दान महादान की भी हुई शुरुआत, उपयोगी पुस्तक दान करने वाले दानदाताओं को मिलेगा प्रशस्ति पत्र डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टर सह अध्यक्ष नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी की अध्यक्षता में सोसायटी के कार्यकारिणी समिति की 30 जनवरी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो गणमान्य नागरिक युवाओं के लिये उपयोगी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साहित्यिक पुस्तकें दान करना चाहते हैं, वे कार्यालयीन समय में नालंदा परिसर व सेंट्रल लाइब्रेरी में पुस्तकें दान कर सकते हैं। दान दाता जिसमें कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें 02 वर्ष से अधिक पुरानी न हों तथा पुस्तकें अच्छी अवस्था में हो।

पुस्तक दान दाताओं का नाम उनके द्वारा दान किये गये पुस्तकों में लिखा जायेगा तथा जिला प्रशासन रायपुर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर रायपुर द्वारा गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक उपयोगी पुस्तकें दान करने का अपील किया है ताकि युवा इन पुस्तकों से लाभान्वित हो सके।

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाक़ात की और छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब बेचते एक कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस

राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभारी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 30.01.2024 को थाना टिकरापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भैरव नगर नागरची भवन के पास थाना टिकरापारा के पास एक व्यक्ति अपने पास एक नारंगी रंग के झोला में मदिरा रखा है तथा बिकी करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती श्री राजेश चौधरी, तथा थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को मदिरा के साथ रंगे हाथ पकडने निर्देशित किया

गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। दिनांक 30.01.2024 को थाना गुढियारी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढियारी क्षेत्रांतर्गत रेल्वे प्लेट फार्म नं. 7 के पास पार्किंग के पास उडिसा के एक व्यक्ति अपने पास एक काला बैग में अवैध मादक प्रदार्थ गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रायपुर श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा तथा थाना प्रभारी गुढियारी निरीक्षक परेश पाण्डेय को सूचना की तस्दीक कर आरोपीं को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया।

ठगी के आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी परविन्दर सिंह ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आमानाका

नंदनवन रोड स्थित रस ब्यूटी प्रा.लि. कम्पनी में आई.टी डिपार्टमेंट का कार्य देखता है। कम्पनी में स्कीन केयर प्रोडक्ट एवं हर्बल प्रोडक्ट बनाकर ऑनलाईन प्रोडक्ट की बिक्री भारत के विभिन्न राज्यों के शहरों में की जाती है। दिनांक 30.11.2023 को प्रार्थी को सूचना प्राप्त हुई की अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारक द्वारा कम्पनी के कस्टमरों को लगातार फोन कर उन्हें कम्पनी के प्रोडक्ट को स्कीम के तहत खरीदने का प्रलोभन देकर कम्पनी के कस्टमरों से रूपयों का भुगतान अपने द्वारा भेजे लिंक से कराकर कम्पनी के कस्टमरों से ठगी किया गया है जिसके कारण कम्पनी को कस्टमरों का नुकसान हुआ है। जिस पर अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारक के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 21/2024 धारा 420 भादवि. एवं 66सी, 66डी आई.टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर(भा.पु.से), उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा, थाना प्रभारी आमानाका एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस

राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

न्याय यात्रा के छत्तीसगढ़ में प्रवेश से पहले प्रदेश कांग्रेस महासचिव का इस्तीफा

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव और न्याय यात्रा के छत्तीसगढ़ में प्रवेश से ठीक पहले एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस में विवादों का दौर शुरू हो गया है। AICC सदस्य और छत्तीसगढ़ कांग्रेस महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया ने पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस महासचिव अरुण सिसोदिया ने अपने इस्तीफे का कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार को बताया। उन्होंने कहा- विनोद वर्मा समानांतर संगठन चला रहे हैं। सिसोदिया ने अपने इस्तीफे में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा और उनके अन्य साथियों को कारण बताया है। आरोप लगाया है कि वर्मा समानांतर संगठन चल रहे हैं और कार्यो में विभिन्न तरीकों से हस्तक्षेप करते हैं।

वर्मा और उनके साथी बनाते हैं दबाव

सिसोदिया ने अपने इस्तीफे में आरोप लगाया है कि, विनोद वर्मा और उनके साथी दबाव बनाते हैं।

इसके चलते पहले उन्हें प्रदेश महामंत्री पद से हटाया गया, फिर प्रभारी महामंत्री संगठन और प्रशासन से हटा दिया गया। ये सब उनके लिए अपमानित करने जैसा है।

वैशाली नगर से थी दावेदारी, पर कमजोर को दिया टिकट

पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी, उसे हमेशा निभाया है। 18,300 बूथ कमेटियों का गठन किया। लक्ष्य 23,902 का था। यह लक्ष्य रोक-टोक और हस्तक्षेप के कारण पूरा नहीं हो पाया। वैशाली नगर से उनके टिकट की दावेदारी थी, लेकिन कमजोर प्रत्याशी उतारा गया। इससे हार का सामना करना पड़ा।

धान खरीदी की तारीख बढ़ाना अपर्याप्त

■ **धान खरीदी की तिथि 1 मार्च तक बढ़ाई जाय - दीपक बैज**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी की तारीख सिर्फ 4 फरवरी तक बढ़ाया जाना अपर्याप्त है। 1 मार्च तक धान खरीदी की तारीख बढ़ाई जाये ताकि लक्ष्य की प्राप्ति हो तथा सभी किसान अपना धान बेच सके। अभी भी 5 लाख से अधिक किसान धान बेच नहीं पाये है, वहीं 21 क्विंटल के हिसाब से पूर्व में 20 क्विंटल धान बेच चुके किसानों से प्रति एकड़ 1 क्विंटल अतिरिक्त धान की खरीदी की जानी है। इस वर्ष के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 135 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया था, तब प्रति एकड़ 20 क्विंटल की खरीदी तय हुआ था, वर्तमान में ज़ब प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी के आदेश जारी हो गए है तो लक्ष्य भी बढ़ेगा कम से कम 150 लाख मीट्रिक टन खरीदी पहुंचेगी। इसलिये एक महीने धान की खरीदी बढ़ाई जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि किसानों को भाजपा अपने वादानुसार धान की क़ीमत 3100 रु. प्रति क्विंटल भुगतान तत्काल करें। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानो से वादा किया है कि वह धान की क़ीमत 3100 रु. प्रति क्विंटल देगी तथा इसका एकमुश्त भुगतान धान बेचने के तुरंत बाद खरीदी केन्द्रों की ग्राम पंचायतों में ही अलग से काउंटर बना कर किया जायेगा। इस संबंध में शासन के तरफ से कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है, जिसके कारण उनको समर्थन मूल्य पर ही भुगतान हो रहा है। किसान चिंतित है कि उनको 3100 रु. की क़ीमत कैसे और कब मिलेगी? किसानों को समर्थन मूल्य 2183 रू. की ही भुगतान हो रहा है। किसानों को 3100 रु. की क़ीमत कैसे और कब मिलेगी? सरकार को इसको स्पष्ट करना चाहिये।

पुलिस का चेकिंग अभियान असमाजिक तत्वों की जांच जारी

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था में कसावट लाने के मद्देनजर समस्त थाना प्रभारियों को अपने - अपने थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों की चेकिंग/तस्दीक कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा गुण्डा बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग कर भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने आदि।

वाहन चालकों का किया गया नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण

■ **नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हरिशंकर स्कूल, भनपुरी यातायात थाना परिसर में चलाया गया जागरूकता अभियान**

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा माह 2024 के सोलहवें दिन यातायात पुलिस रायपुर द्वारा मालवाहक व्यवसायिक वाहनों के चालकों का नेत्र/स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 205 वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। व्यवसायिक वाहन चालकों के अतिरिक्त 22 पुलिस स्टाफ का भी नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की गई। नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच के लिए ए.एस.जी. आई हास्पिटल शंकर नगर की टीम, ज्योति जीवन मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल की जांच टीम के द्वारा की गयी। वाहन चालकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं सुरक्षित वाहन चलाकर स्वयं एवं दूसरों को सुरक्षित रखने का प्रण लिया गया। स्वास्थ्य जांच में चालकों के बी.पी. एवं शुगर की जांच की गई। नेत्र जांच में 42 से अधिक लोगों को नजर में परेशानी होने से हास्पिटल में आकर निःशुल्क जांच कराकर चश्मा लेने के लिए कूपन दिया गया है। उक्त जांच शिविर में श्री अनिस सारथी यातायात भनपुरी प्रभारी, सउनि टीकाराम सागर, सउनि संतकुमार टंडन के साथ साथ यातायात की टीम भी मौजुद थे। निरीक्षक अनीस सारथी ने भी वाहन चालकों को बताया कि आप लोग भारी वाहन को चलाते है। बड़े वाहनों को चलाने में असुविधा भी होती है, वाहनों में सहयोगी परिचालक अवश्य रखे। थकान की स्थिति या नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं।

वाहनों के कलपुर्जे की जांच कर ही वाहन निकाले क्योकिं लंबी दूरी आप लोगों को तय करना होता है। वाहनों के दस्तावेज को अवश्य रखें, कहीं पर भी बिना संकेतक के वाहन खड़ा न करें। सड़क पर वाहन खराब हो जाने पर संकेतक बोर्ड अवश्य लगाएं, बताया गया।

आज मंत्री नेताम करेंगे विभागीय काम-काज की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। किसान कल्याण और आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम आज 1 फरवरी को सवेरे 11 बजे से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की प्रगति की समीक्षा करेंगे। आदिम जाति, अनुसुचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग की बैठक नेशनल ट्राइवल रिसर्च इंस्टीट्यूट नया रायपुर में आयोजित की गई है। मंत्री श्री नेताम एक फरवरी को ही अपरान्ह 3 बजे कृषि विकास, किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग की अटल नगर, नवा रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में बैठक लेंगे और विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे।

सिर पर प्राणघातक हमला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी संतोष जैन ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विरासत अपार्टमेंट खम्हारडीह में रहता है। प्रार्थी दिनांक 26.01.24 की रात्रि करीबन 11:25 बजे अपनी कार से तेलीबांधा की ओर से अपने घर खम्हारडीह जा रहा था, कि अवंति विहार के मेन रोड जैतखम्भ के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से वाहन क्रमांक यू.के. 08 ए के 5059 स्पीड से आ रहीं थी जो प्रार्थी के कार से टकराते हुए बचीं।

इसी बात को लेकर प्रार्थी एवं उक्त कार में सवार 02 लड़को का आपस में विवाद हुआ इसी दौरान दोनों लड़के प्रार्थी का गला काटकर मारने की धमकी दिये, जिससे प्रार्थी डर कर अपने कार में बैठकर अपने घर जाने लगा तथा दोनों लड़के भी अपने कार में बैठकर प्रार्थी की कार का पीछा करते हुए उसके घर के कालोनी के बाहर पहुंच गये तथा उनके पीछे दो कार में सवार उनके अन्य 07-08 साथी उतरे जो अपने हाथ में डण्डा, रॉड एवं हथियारनुमा चींजे रखें थे जो प्रार्थी को निशाना बनाकर ईट पत्थर मारने लगे और कॉलोनी के मेन गेट को तोडने की कोशिश करते हुए अन्दर प्रवेश करने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान एक लडका जिससे प्रार्थी का पहले विवाद हुए था जिसके हाथ में कार का जेक था वह प्रार्थी को आज तुम्हे मारकर ही दम लेंगे कहते हुए अपने अन्य साथियो के साथ डण्डा और रॉड से मारपीट करते हुए अपने हाथ में रखे जेक से प्रार्थी के सिर पर मारकर प्राण घातक हमला कर चोट पहुचाये।

डिप्टी सीएम साव ने फिल्म दुल्हा राजा देखी

रायपुर/नवप्रदेश। निर्माता डायरेक्टर अभिनेता राज वर्मा ने आज प्रभात सिनेमा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास अस्माल स्टेप फाउण्डेशन द्वारा संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला के लिए एक चैरेटी शो का आयोजन रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री माननीय अरुण साव जी अतिथि के रूप उपस्थित हो कर फिल्म देखी एवं फिल्म को दिल से सराहा व फ़िल्म यूनिट को बधाई भी दी फिल्म के निर्माता निर्देशक अभिनेता राज वर्मा ने माननीय मंत्री अरुण साव का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया यूनिट के सदस्यों कलाकारों से परिचय भी कराया मंत्री ने फिल्म की सफलता के लिए सभी कलाकारो को बधाई भी दी। इस शुभ अवसर पर मनमोहन ठाकुर , प्रदीप शर्मा

काजल सोनबेर, सुहैल खान, फिल्म डिस्ट्रिब्यूशन लक्की रंगशाही, राकेश मिश्रा उपस्थित रहे। फिल्म के निर्माता निर्देशक, अभिनेता राज वर्मा ने बताया कि इस शो की पुरी राशि वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए अरण्य फिल्म के द्वारा दान में दी जायेगी।

एनपीएल : कैरम सिंगल में शैलेश और डबल में राजपाल-शैलेश की जोड़ी विजेता रही

■ **बैडमिंटन सिंगल में अतुल चंद्राकर और डबल में अतुल-तरुण की जोड़ी एनपीएल विजेता बनी**

नवा रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया बताते कि इस वर्ष नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत कैरम, वॉलीबॉल और बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रदेश स्तरीय एवम् राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर हर मैच को रोमांचक बना दिया। नवा रायपुर स्थित विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवम् मंत्रालय में कार्यरत कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने भारी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत कैरम पुरुष डबल का मैच इब्राहीम कुरैशी आदिम जाति एवं पंकज मेहता उच्च शिक्षा,विरुद्ध राजपाल बघेल मंत्रालय, शैलेश शर्मा स्कूल शिक्षा विभाग के बीच फाइनल मैच खेला गया। मैच में काफी टक्कर रही दोनों टीम एक एक मैच की बराबरी के बाद परिणाम इस प्रकार रहा। मैच 3 सेट में मैच खेला गया। 16-20, 21-11 तथा 20-11 प्वाइंट अर्जित कर राजपाल बघेल, मंत्रालय, शैलेश शर्मा स्कूल शिक्षा विभाग की टीम विजेता रही एवं इब्राहीम कुरैशी आदिम जाति एवं पंकज मेहता, उच्च शिक्षा विभाग प्रतियोगिता में उप विजेता रहें। कैरम सिंगल में शैलेश शर्मा स्कूल शिक्षा विभाग एवं सुरेंद्र सोनी आदिम जाति विकास विभाग के बीच फाइनल मैच खेला गया। मैच काफी समय तक संघर्षपूर्ण चला।मैच का परिणाम शैलेश शर्मा स्कूल शिक्षा विभाग विजेता रहे एवं सुरेंद्र सोनी, आदिवासी विकास आदिवासी विकास उप विजेता रहे। नया रायपुर प्रीमियर लीग पुरुष सिंगल फाइनल मैच बैडमिंटन मैच राजेश सिंह और अतुल चंद्राकार के मध्य खेला गया।

घटती रोग प्रतिरोधक क्षमता और बढ़ते प्रदूषण से फंगल इंफेक्शन

■ **एम्स में माइक्रोबायो-लॉजी की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यशाला 'क्लिनिको माइकोलॉजिकल अपडेट-अनकवरिंग द अननॉन' के दूसरे दिन देश के प्रमुख माइक्रोबायोलॉजिस्ट ने नागरिकों में घटती रोग प्रतिरोधक क्षमता और बढ़ते प्रदूषण के कारण फंगल इंफेक्शन को चुनौतीपूर्ण बताया। विशेषज्ञों का कहना था कि फंगल इंफेक्शन के निरंतर परिवर्तित होने के कारण प्रभावी ड्रग मॉलीक्यूल्स पर शोध और डिसइंफेक्शन की नई विधियों को अपनाने की आवश्यकता है। एम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग और छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि और देश के प्रमुख क्लिनिकल माइकोलॉजिस्ट प्रो. (डॉ.) अरुणालोकी चक्रबर्ती, पूर्व माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष, पीजीआई चंडीगढ़ ने 'इंडियाज फंगल एपिडेमिक -ए कॉल फॉर विजिलेंस' विषय पर भारत में बढ़ते फंगल इंफेक्शन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उनका कहना था कि कैंडीडा ओरिस जैसे फंगल देश के मेट्रो शहरों में तेजी से फैल रहे हैं। इसका प्रमुख कारण लोगों में घटती रोग प्रतिरोधक क्षमता और बढ़ता प्रदूषण है। इससे वातावरण में नमी, दूषित जल और अस्वच्छता के कारण फंगल इंफेक्शन निरंतर फैल रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद आईसीयू में रहने वाले रोगियों को भी फंगल इंफेक्शन की चुनौती का सामना करना पड़ा।

संपादकीय

कांग्रेस की हताशा का परिचायक है खड़गे का बयान

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर यह विवादास्पद बयान दिया है कि 2024 में होने वाले चुनाव में यदि फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी तो देश में तानाशाही लागू हो जाएगी। उनका कहना है कि जिस तरह रूस में पुतिन आजीवन राष्ट्रपति बन गए हैं। उसी तरह भारत में भी मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे और चुनाव के नाम पर सिर्फ नौटंकी रह जाएगी। भाजपा अभी से चार सौ पार का दावा कर रही है। बाद में वह पांच सौ के भी पार जा सकती है। खड़गे ने मोदी सरकार को पहली बार तानाशाह नहीं कहा है इसके पहले भी जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे थे। तब भी उन्होंने इसी तरह का बेतूका बयान दिया था। जिसका परिणाम यह निकला कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ गया था। हालांकि कांग्रेस को तेलंगाना में जरूर सफलता मिली थी। लेकिन इसका कारण यह था कि वहां केसीआर सरकार के खिलाफ विरोध की लहर चल गई थी। चूंकि तेलंगाना में भाजपा अभी अपना जनाधार नहीं बना पाई है। इसलिए तेलंगाना के मतदाताओं ने केसीआर को सबक सिखाने के लिए कांग्रेस की सरकार बनाई थी। अब लोकसभा चुनाव में दो माह का ही समय शेष रह गया है और अभी तक आईएनडीआईए में सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं और इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेवजह की बयानबाजी कर कांग्रेस पार्टी की हतासा को ही जग जाहिर कर रहे हैं। खड़गे के बयान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कांगेस पर पलटवार किया है और कांग्रेस पार्टी को ही तानाशाही प्रवृत्ति का पर्याय करार दे दिया है सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के बखिया उधेड़ते हुए कहा है कि 1947 में आजादी के बाद पंड़ित जवाहरलाल नेहरू को देश का प्रथम प्रधानमंत्री बनाने के लिए तानाशाही की नींव रखी गई थी। जवाहर लाल नेहरू के पक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा था। इसके बावजूद उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। ताकि वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल का भी उल्लेख किया और कहा कि जो कांग्रेस पार्टी अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए तानाशाही प्रवृत्ति अपनाती रही है। वह भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाकर देश को गुमराह कर रही है। यह कांग्रेस की हतासा का ही परिचायक है। ऐसा लगता है कि चुनाव के पहले ही कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है। वास्तव में कांग्रेस इन दिनों ऊहापोह की स्थिति में है। आईएनडीआईए के नेतृत्व का सवाल भी वह अब तक हल नहीं कर पाई है। नतीजतन इस गठबंधन में दरार पड़ने लगी है। इस गठबंधन के सूत्रधार नीतीश कुमार तो पहले ही गठबंधन से किनारा कर फिर एक बार भाजपा के साथ हाथ मिला चुके हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कांग्रेस को आंखें दिखा रही है। उनकी देखा देखी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सीटों का बंटवारा फाइनल हुए बगैर उत्तरप्रदेश की सोलह सीटों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। जाहिर है वे भी कांग्रेस को कोई तवज्जों देने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस के लिए सिर्फ 11 सीटें छोड़ने पर सहमति दी है जबकि कांग्रेस बीस सीटें चाहती हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस की स्थिति यह है कि उसे लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय पार्टियो के रहमों करम पर रहने के लिए विवश होना पड़ रहा है। बेहतर होगा की कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेतूकी बयानबाजी से परहेज करें और अपनी ऊर्जा आईएनडीआईए को मजबूती देने में लगाएं अन्यथा 2024 के चुनाव में आईएनडीआईए और कांग्रेस को जोर का झटका जोर से लगना तय है।

खड़गे का बयान कितना जायज...

आशीष वशिष्ठ

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है।

कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया।

खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक?ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया' का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी। बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी?

इंडिया गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी।

मोदी का "जादू" हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को कब "भारत रत्न" दिलाएगा?

राजीव खंडेलवाल

नीतीश कुमार "सिद्धांत" पर अडिग! जो लोग नीतीश कुमार को "पलटू राम" कह रहे है, वे एक तरफा गलत आरोप नीतीश कुमार पर लगा रहे है। देश की पूरी राजनीति ही "पलटू राम" से भरी हुई है। क्या "राम" शब्द से परहेज रखने वाली राजनीतिक पार्टियों में भी पलटू राम के रूप में "राम" मौजूद नहीं है? और अगले ही दिन (30 जनवरी) को "हे राम" की समाधि पर श्रद्धांजलि देने जाने की भी मजबूरी होगी? नीतीश कुमार ने "सिद्धांत" की राजनीति की है। वह सिद्धांत एक मात्र यह रहा कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर साधन की पवित्रता को बाजू में रखकर एन केंन प्रकारेण बैठे रहे, जब कि गांधी जी ने साध्य के साथ साधन की सुचिता व पवित्रता पर बहुत जोर दिया था। अतः गलती नीतीश कुमार की नहीं, बल्कि उनका आकलन करने वाले राजनीतिक पंडितों की है, जो नीतीश कुमार के मूल सिद्धांत "कुर्सी को जकड़ कर पकड़ने" के सिद्धांत को पकड़ नहीं पाए। शायद नीतीश कुमार बचपन व अपनी युवावस्था में "कुर्सी पकड़ दौड़" खेल में हमेशा प्रथम आते रहे होंगे। स्पष्ट है नीतीश कुमार अपने सिद्धांत पर अडिग रहकर 9 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह उनके सिद्धांत के प्रति कट्टरता व जीवटता को दिखाता है? अतः ब्रेकिंग न्यूज नीतीश कुमार का पलटू राम होना नहीं है, बल्कि राजनीतिक पार्टियां का पलटू राम होना है। ठीक उसी प्रकार जैसे मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान चुनाव के पूर्व तक मुख्यमंत्री बना रहना ब्रेकिंग न्यूज थी, हटाना ब्रेकिंग न्यूज नहीं बनती। शपथ लेना व इस्तीफा व फिर शपथ लेना, यह उनकी दिनचर्या बन गई। राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का यह कथन याद कीजिए "मैं तो कुर्सी छोड़ना चाहता हूं, पर कुर्सी मुझे छोड़ नहीं रही है"। उक्त बात गहलोत स्वयं पर तो लागू नहीं कर पाए।

परन्तु शायद उनके मन, दिमाग में नीतीश कुमार का भाव उक्त कुर्सी पकड़ ज्यादा होगा, इसलिए उक्त बात नीतीश कुमार पर पूर्णता सही लागू होती है। मुझे लगता है कि 8वीं बार मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेने के बावजूद लोग उन्हें सुशासन बाबु के आगे से सुशासन मुख्यमंत्री के नाम से प्रचलित नहीं कर पाये। तब शायद उनको लगा होगा कि 9वीं बार शपथ ग्रहण करने पर अब तो बाबु से मुख्यमंत्री मान ले?

भारत देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और खांटी समाजवादी और शोषितों के जननायक, महानायक, गरीबों के मसीहा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को दिए जाने का निर्णय भले ही अत्यंत देरी से लिया गया हो, तब भी अत्यंत स्वागत योग्य और एक "गलती" को सुधारने का देरी से किया गया सफल प्रयास है। आपको याद दिला दें। कर्पूरी ठाकुर की मृत्यु 64 वर्ष की आयु में 17 फरवरी 1988 को हुई थी। वे पहली बार वर्ष 1952 में बिहार विधानसभा के लिए चुने गये थे। "यूं तो दुनिया मुर्दा परस्त है", दिवंगत लोगों की ही प्रशंसा करती है। परन्तु "भारत रत्न" देने का यह कोई नियम नहीं है कि 'माननीय' को देश के लिए किए गए सर्वोच्च उत्कृष्ट कार्यों की प्रशस्ति के लिए मृत्यु उपरांत ही "भारत रत्न" दिया जाकर सम्मानित व याद किया जा सकता है। बल्कि ऐसे उदाहरण है हमारे देश में, जब जीवित व्यक्ति को भी देश के प्रति उनके योगदान के लिए भारत रत्न देकर सम्मानित किया गया है, जैसे सचिन तेंदुलकर क्योंकि वे उसकी योग्यता, पात्रता रखते थे।

सम्मान अविवादित! परन्तु राजनीतिक सोउद्देश्य लिये हुए।'

जहां तक कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व का सवाल है या उनको "भारत रत्न" दिए जाने का प्रश्न है, यह निर्विवाद है। यह इस बात से भी सिद्ध होता है कि देश की समस्त राजनीतिक पार्टियों ने केंद्र सरकार के इस निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। परंतु महत्वपूर्ण प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि क्या "भारत रत्न" वास्तव में कर्पूरी ठाकुर को सिर्फसम्मान देने के उद्देश्य से दिया गया है, जिसके वे निसंदेह हकदार है। अथवा इस घोषणा के साथ "राजनीति" भी जुड़ी हुई है? देश की वर्तमान में जो राजनीतिक परिस्थितियां विद्यमान है, उनमें हर क्षेत्र में न केवल राजनीति प्रविष्टि हो जाती है, बल्कि राजनीति को घुसेड़ भी दिया जाता है, ऐसा हम देखते चले आ रहे हैं। फिर चाहे धर्म में राजनीति का ही प्रश्न क्यों न हो? शिक्षा, कला, खेल इत्यादि क्षेत्रों में के मूल क्षेत्रों के अतिरिक्त वहां भी राजनीति हमेशा हावी रहती है। इसलिए यदि स्वर्गीय कपूरी ठाकुर को मृत्युपरांत शीघ्र ही कुछ समय बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व भारत रत्न दिया गया है, तो इसके पीछे एक बड़ा राजनीतिक उद्देश्य भी छुपा हुआ ही नहीं है, बल्कि दिखता हुआ शामिल है/शामिल दिखता हुआ है।

अत्यंत सादगी से परिपूर्ण जीवन

कर्पूरी ठाकुर का जन्म गांव पितौंझिया में जिसे अब "कर्पूरी ग्राम" कहां जाता है, बाल काटने के पेशे से जुड़े सीमांत किसान के घर में हुआ था। 1970 के दशक के राजनीतिज्ञों में कर्पूरी ठाकुर का एक महत्वपूर्ण, विशिष्ट, अति सम्मानीय, स्थान रहा है। वे देश के ऐसे मुख्यमंत्री थे, जो अत्यंत गरीबी के चलते राजनीति में आये थे। वे जीवनपर्यंत दलित, शोषित व वंचित वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष करते हुए कुछ-कुछ सफलता भी प्राप्त की। वे देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने "मंडल" व उसकी प्रतिक्रिया में आये "कमंडल" के काफी पहले वर्ष 1978 में "मुगेरीलाल आयोग" की रिपोर्ट को लागू कर सिर्फ

पिछड़ा वर्ग को ही आरक्षण व अतिपछड़े वर्ग को 8 प्रतिशत आरक्षण प्रदान नहीं किया, बल्कि गरीब सवर्ण को भी सबसे पहले 3 फीसदी आरक्षण प्रदान किया था। लम्बे समय तक विधायक रहने के साथ उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री पद पर दो बार तथा नेता प्रतिपक्ष पर विराजित होने के बावजूद उनका मानना था कि "तलवार म्यान में ही अच्छी लगती है"। उनके सरल स्वभाव, हृदय व अत्यंत सादगी पूर्ण जीवन को महात्मा गांधी के कुछ निकट अवश्य कहा जा सकता है।

बेहद ईमानदार व्यक्तित्व

स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर कुछ उन चुनिंदा राजनीतिज्ञों में से रहे है, जिन्होंने राजनीति को भी शुद्ध जन सेवा के रूप में लिये व जिये, जिनके लक्षण, दर्शन व कल्पना भी आज दुर्लभ है। अर्थात यह भावना आज "थोथे बांस कड़ाकड़ बाजें" दुर्लभ व लुप्त होती हुई व "लुप्त प्रजाति" में परिवर्तित हो गई है। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर, डॉ. राम मनोहर लोहिया के राजनैतिक चेले और लालू, नीतीश, रामविलास पासवान व सुशील मोदी के राजनीतिक गुरू रहे। मधु लिमये जैसे दिग्गजों के साथी रहे। वे अपने कर्मों व जीवन शैली से शुद्ध व कष्टदायक, ईमानदारी के पर्यायवाची हो गये थे।

ध्यानचंद को भारत रत्न कब?

देश में अनेक ऐसी सफल और श्रेष्ठतम प्रतिभाएं हैं, जो उक्त सर्वोच्च पुरस्कार पाने की अधिकारी होने के बावजूद "भारत रत्न" उन्हें तब तक नहीं मिल सकता है, जब तक राजनीति पर वोट बैंक के रूप में उनका प्रभावी प्रभाव व पकड़ न हो। तेंदुलकर ऐसे ही खिलाड़ी थे, जिनकी प्रतिभा पर कोई प्रश्न चिन्ह नहीं लगाया जा सकता है। परंतु यदि उनका करोड़ो खेल प्रेमी जनता पर प्रभाव न होता तो उन्हें भी भारत रत्न शायद ही मिलता। ध्यानचंद को खेल रत्न दिए जाने की मांग काफी पुरानी है। अतः देश के असंख्य खेल प्रेमियों को केंद्रीय सरकार का ध्यान ध्यानचंद को भारत रत्न दिए जाने पर आकर्षित करना है तो उनको यह जज्बा पैदा कर प्रदर्शित करना होगा, परसेप्शन बनाना होगा कि यदि ध्यानचंद को "भारत रत्न" नहीं दिया गया तो, देश के करोड़ों खेल प्रेमी प्रेमियों का "ध्यान" वर्तमान से हटकर उस ओर केंद्रित करना होगा जो उन्हें आश्वासित करें। क्योंकि लोकतंत्र में तो राजनीतिक पार्टिया मुद्दों की नहीं, वोट बैंक की ही राजनीति को समझती हैं, और उसी से प्रभावित व हडकायी होती है। मतलब साफ है! ध्यानचंद पर ध्यान नहीं तो हमारा वोट पर भी ध्यान नहीं? हाँ! यदि ध्यानचंद किसी आरक्षित वर्ग से होते तो शायद चुनावी वर्ष में उन्हें भी भारत रत्न मिल जाता।

"बेशर्म" शब्द ने भी हाथ खड़े कर दिये।"

देश की राजनीति का सबसे गंदा चरित्र का सबसे ताजा उदाहरण बिहार में विध्वस रूप में देखने को मिल रहा है। इसके लिए देश की अधिकतर पार्टी व नेतागण जिम्मेदार है। जैसा कि राजनीति के लिए कहा भी गया है "इस हमाम में हम सब नंगे है"। एक तरफ कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार को गौरवान्वित किया गया है, तो दूसरी तरफ उसी भारत रत्न की उर्वरा भूमि बिहार में राजनीति का जिस तरह का नंगा नाच अभी चल रहा है, उसके लिए यही कहा जा सकता है कि "तत्ता कौर न निगलने का न उगलने का"। ये "दावत है या अदावत है"? वैसे बेशर्मी हमेशा नंगी ही होती है या यह कहे नंगा (साधु संतों को छोड़कर) बेशर्म ही होता है। जिस बेशर्मी का नंगा प्रदर्शन हुआ है, शायद उसके लिए अब "बेशर्म" शब्द भी परेशान होकर, बेशर्म होकर यह कहने लग गया कि आज की "राजनीति की बेशर्मी" को पूरी तरह व्यक्त करने का सामर्थ्य अब मेरे पास नहीं रहा है। कृपया अब अन्य कोई मजबूत "शब्द" की खोज कर ले? एक दौर था, जब हरियाणा के भजनलाल ने पूरी की पूरी सरकार का ही दलबदल करा कर इतिहास बनाया था। अब उसके "मास्टर ऑफ मास्टर" "सुशासन बाबू" नीतीश कुमार हो गये है। भ्रष्टाचार के आरोप का प्रभाव तो सिर्फ एक-दो या कुछ व्यक्तियों तक ही सीमित रहता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1827 में आज ही के दिन कलकत्ता बंगाल क्लब की स्थापना हुई थी। 1855 में 1 फरवरी के दिन ही ईस्ट इंडिया रेलवे का विधिवत उद्घाटन हुआ था। 1881 में आज ही के दिन दिल्ली के सबसे पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन कॉलेज की स्थापना हुई थी। 1884 में 1 फरवरी के दिन ही डाक बीमा योजना लागू हुई थी। 1922 में आज ही के दिन असहयोग आंदोलन तेज करने की जानकारी महात्मा गांधी ने भारत के वायसराय को दी थी। 1924 में 1 फरवरी के दिन ही यू.एस.एस.आर. ने यूनाइटेड किंगडम को मान्यता दी थी। 1949 में आज ही के दिन 'प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया' ने 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफइंडिया' का अधिग्रहण कर लिया था। 1964 में 1 फरवरी के दिन ही भारत में 'यूनिट ट्रस्ट' की स्थापना हुई थी। 1972 में आज ही के दिन 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय विमान पतनन प्राधिकरण' का गठन हुआ था। 1976 में 1 फरवरी के दिन ही 'राष्ट्रीय संवाद समिति समाचार' का गठन हुआ था। 1977 में आज ही के दिन 'भारतीय तट रक्षक बल' का गठन हुआ था।

QUIZ TIME

1) समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया लि. (पीटीआई) की स्थापना कब हुई थी?

2) 24 घंटे में सूर्य के सामने कितने देशांतर गुजर जाते हैं?

3) दिल्ली को कब केन्द्र प्रशासित क्षेत्र बनाया गया था?

4) भारत में सबसे पहले रेडियों स्टेशन कहाँ स्थापित किए गए थे?

5) मशहूर पंजाबी गायक सुरिंदर शिंदा का हाल ही में निधन हो गया। उनका पहला गाना क्या था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 27 अगस्त 1947 (2) 360 (3) नवम्बर, 1956 (4) दिल्ली (5) उच्चा बुर्ज लाहौर दा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -320

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:17, सूर्यास्त : 06:04, चन्द्रोदय : 22:50, चन्द्रास्त : 10:08, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : चित्रा, योग : धृति, प्रथम करण : तैतिल (11:36 तक), द्वितीय करण : गर (24:52 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 18:22 से 20:10, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:08 से 25:08, रवियोग : 25:08 से 31:08, विजय मुहूर्त : 14:18 से 15:01, गोधूलि मुहूर्त : 17:50 से 18:16, सायाह्न सन्ध्या : 17:52 से 19:12, निशिता मुहूर्त : 24:04 से 24:57, राहुकाल : 12:30 से 13:51, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:29 से 09:49, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : नन्दी पर (11:36 से भोजन में)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें) आज जन्मे शिशुओं का नामकरण आज जन्मे शिशुओ का नाम चित्रा नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (पे, पो,रा, री) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा दिन के आरंभ में आपका स्वभाव अत्यंत जिद्दी एवं मनमाना रहेगा फिर भी इससे कुछ ना कुछ लाभ ही होगा कार्य ।

वृषः आज के दिन आप अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रस्त रहेंगे पूर्व में मिली प्रशंसा से मन मे अभिमान आएगा लेकिन आज आपके अधिकांश निर्णय विपरीत ही जाने वाले है।

मिथुनः आज का दिन अधिकांश समय अशांति में बीतेगा घर मे किसी पुरानी बात अथवा संतानों के कारण प्रातः काल ही संघर्ष की स्थिति बनेगी।

कर्कः आज का दिन आपको धन लाभ कराएगा लेकिन आज आपका स्वभाव अत्यंत गर्म रहेगा जिससे किसी ना किसी से मामूली बातो पर उलझ संबंधों में खटास लाएंगे।

सिंहः आज का दिन सामान्य ही रहेगा दिन के आरंभ से ही धन एवं अन्य कार्यो में लापरवाही दिखाएंगे।

कन्याः आज के दिन आप अपनी मस्ती में मस्त रहेंगे कोई कुछ भी कहे एक बार जो निर्णय कर लिया उसे पूरा करके ही मानेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिये हानि देने वाला रहेगा आज आप जिस भी कार्य अथवा योजना को बनाएंगे आरम्भ में ही उसकी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे।

वृश्चिकः आज आपको सामाजिक क्षेत्र से मान सम्मान मिलेगा लेकिन स्वभाव में थोड़ा रूखापन आने से ज्यादा देर टिकेगा नही।

धनुः आज का दिन आपको आकस्मिक लाभ की प्राप्ति कराएगा। जिससे आप कोई उम्मीद नही रखते आज वही आपके जीवन मे कोई नई दिशा देगा।

मकरः आज के दिन आपका भाग्य पक्ष प्रबल रहेगा फिर भी दिन से मिले जुले परिणाम मिलेंगे।

कुंभः आज के दिन मध्यान तक सेहत में थोड़ी बहुत नरमी रहने के कारण दिनचार्य धीमी रहेगी।

मीनः आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगी।

न्यूज गैलरी

नंदिनी थाना सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष निर्धारित मापदंडों के आधार पर देश के पुलिस स्टेशनों का रैकिंग किया जाता है। वर्ष 2023 के लिए यह रैकिंग 5 जनवरी 2024 को वार्षिक सम्मेलन 2024 के दौरान जारी किया गया। जिसमें दुर्ग जिले के नदिनी पुलिस थाना को वर्ष 2023 के लिए छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन चुना गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने कहा कि गृह मंत्रालय से जिला दुर्ग के नंदिनी थाना को बेहतर थाना का पुरस्कार मिलने से पूरे छत्तीसगढ़ में जिला दुर्ग पुलिस का सिर ऊंचा हुआ है। इस पुरस्कार प्राप्त होने से राज्य सहित जिले के अन्य सभी थानों को उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही उन्होंने जन-सेवा एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित थाने के समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक ललित के प्रयास से मिली सौगात

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से अब नगपुरा और अंजोरा में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विधायक के सार्थक प्रयासों से राज्य शासन द्वारा अंजोरा ख नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और नगपुरा में 50 बिस्तर अस्पतालों की सौगात दी जाएगी। इसके लिए स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक चंद्राकर ने कहा है कि सेवा मेरा प्रथम दायित्व है। जब वे विधायक नही थे तब भी दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार प्रयासरत् रहा। जनता के आशीर्वाद से विधायक बनने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रयास शुरु किए थे, जिसके सुखद परिणाम सामने आने लगे है। अनुपूरक बजट में ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दो गांवो में 50 बिस्तरो के नए सिविल अस्पताल निर्माण की मंजूरी दी गई है। यहां 58 पदों पर भर्ती होगी। अस्पताल अधीक्षक से लेकर वार्ड बाय, आया सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। इस सौगात से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

हटाए गए बृजेश, नए अध्यक्ष महेश वर्मा

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने चार जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। भिलाई में बृजेश बृजपुरिया को हटाते हुए पार्षद महेश वर्मा को नया जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही रायपुर ग्रामीण में श्याम नारंग, धमतरी में प्रकाश बैस और बालोद में पवन साहू को नई जिम्मेदारी दी गई है। जारी पत्र के अनुसार यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

मनरेगा से 205 मजदूरों को मिला रोजगार

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रवेली में आज मनरेगा का कार्य शुरू हुआ। इसकी शुरुआत सरपंच श्रीमती पुष्पा संजय वर्मा ने पूजा अर्चना कर किया। इस कार्य में गांव के 205 मजदूरों को काम मिल रहा है। बताया जा रहा है की मजदूरों की संख्या आगे जाकर और बढ़ेगी। अभी वर्तमान में स्टाप डेम गहरी करण कार्य शुरू हुआ जिसकी लागत राशि सात लाख है। इनमे मजदूर 205 लोग कार्यरत है। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा संजय वर्मा, उपसरपंच विष्णु शर्मा रोजगार सहायक बुद्ध सेन प्रजापति, समस्त पंच मेट रघुनाथ साहु ,चुरामनी वर्मा , अनीता वर्मा ,मोहनी साहु, रेस्मा यादव ,रूखमनी साहु, वीसम्भर ठाकुर, टोमन साहु, राधिका साहु ,उमा ठाकुर, महेश्वरी साहु , अर्जुन वर्मा ,सरिता वर्मा ,मनहरन यादव, किरण वर्मा ,महीला मेट और ग्राम वासियों के द्वारा पुजा अर्चना कर कार्य शुरू कर दिया गया।

शिव महापुराण कथा का समापन

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम महुदा मे अन्नपुर्णा स्वसहायता समुह व ग्राम वासियों के सहयोग से सात दिनो तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। आचार्य प्रदीप शर्मा द्वारा शीव भक्तो को निरंतर सात दिनो तक शिवमहापुराण के कथाओ पर अनेक लिलाओ का वर्णन कर भक्तों को सराबोर किया। अंतिम दिन मे शोभायात्रा के साथ कथा का समापन हुआ। जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा द्वारा पुरे गांव के लिए भोज भंडारा का व्यवस्था रखा गया था।

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 ने रचा नया कीर्तिमान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अपने कीर्तिमानों की श्रंखला में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस-2) के ब्लूम कास्टर के एक नया इतिहास रचा है। गत वर्ष लगातार 300 हीट्स के कीर्तिमान रचने वाला ब्लूम कास्टर ने न केवल अपने ही पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त कर दिया, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी 316 हीट्स के नए कीर्तिमान को स्थापित किया है।

विगत राष्ट्रीय कीर्तिमान सेल के ही राउरकेला स्टील प्लांट का था जब उनके कास्टर ने 9 जनवरी 2024 को 309 हीट का कीर्तिमान रचा था। 7 जनवरी 2024 को 03:30 बजे शुरू हुए सीक्वेंस में, टीम एसएमएस-2 ने प्लांट के 4-स्ट्रैंड ब्लूम कास्टर के माध्यम से स्टील के 315 हीट ली। ये सीक्वेंस 24 जनवरी को 2:45 पूर्वाह्न को समाप्त हुयी जब योजनाबद्ध रखरखाव के लिए ब्लूम कास्टर को बंद किया गया। 18 दिनों के इस लंबे अनुक्रम के दौरान, 20 टंडिश और 19 टंडिश ऑपरेशनों का उपयोग करके कुल 38,035 टन रेल स्टील ब्लूम कास्ट किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर इस नई ऊंचाई को हासिल करने पर एसएमएस-2 समूह की सराहना करते हुए, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने टीम एसएमएस-2 और इंस्ट्रुमेंटेशन, पीपीसी, आरईडी, ब्लास्ट फर्नेस, डब्ल्यूएमडी, टी एंड डी, आरसीएल आदि जैसे संबद्ध विभागों को हार्दिक बधाई दी जिनका इस सफलता में योगदान रहा है। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने कहा कि एसएमएस-2 किसी भी चुनौती को स्वीकार कर सकता है और उसे धावक की तरह पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि एसएमएस-2 बिरादरी के लिए कोई भी रिकार्ड अप्राप्य नहीं है। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) श्री एस के घोषाल ने इस संतोषजनक और अद्भुत उपलब्धि के लिए पूरे एसएमएस-2 बिरादरी को बधाई दी। एसएमएस-2 की क्षमता में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि सुरक्षा, गुणवत्ता और उत्पादकता के प्रति एसएमएस-2 की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद देते हुए, श्री घोषाल ने कहा कि इस तरह की उपलब्धि हासिल करने के लिए, प्रत्येक अपस्ट्रीम ऑपरेशन ब्लास्ट फर्नेस और कन्वर्टर शॉप ने अपना पूरा सहयोग दिया जिनके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

मैत्री बाग में 4 को भव्य फ्लावर शो, व्यापक तैयारियां जारी

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा फ्लावर शो - 2024 का आयोजन आगामी 04 फरवरी, 2024 (रविवार) को मैत्री बाग में प्रातः 9 बजे से किया गया है। इस फ्लावर शो के लिये वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रमुख, गरिमामय और प्रतिष्ठापूर्ण आयोजनों में शामिल फ्लावर शो में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित रहेंगे।

नवाचारी प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

16 एवं बेमेतरा के 8 बच्चों को मिला सम्मानित

दुर्ग नव प्रदेश

इंसपायर अवार्ड मानक जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रादर्श प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम जिला प्रशासन सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आज खालसा स्कूल सभागार में किया गया। स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर एमके वर्मा की अध्यक्षता में दो दिवसीय नवाचारी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव एवं एनआईएफ के सुदीप्तो बैनर्जी उपस्थित थे। विधायक गजेन्द्र यादव ने दीप प्रज्जवलित कर नवाचारी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर भी मौजूद थे। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा ऑटोमेटिक ब्लैक बोर्ड, स्ट्रा कलेक्शन मशीन, पैडी केयर मशीन, ऑटोमेटिक सिग्नल जैसे अनेक प्रकार के रोचक मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई है।

एम.के. वर्मा ने घूमकर छात्रों द्वारा डिज़ाइन किए गए विभिन्न मॉडलों को देखा और छात्रों द्वारा दिए गए विवरणों का मूल्यांकन किया। प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दुर्ग जिले के 16 बच्चों एवं बेमेतरा जिले के 8 बच्चों को इंसपायर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता में दुर्ग और बेमेतरा जिले से 288 माडल प्राप्त हुए थे, जिसमें से 24 माडलों का का राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रादर्श प्रतियोगिता में चयन किया गया। स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर एमके वर्मा ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य के बाल वैज्ञानिक अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें बच्चों की प्रकृति के प्रति जुड़ाव देखा। आज जितने भी मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए हैं सभी आवश्यकता के अनुरूप बनाया गया है और यही भाव से वैज्ञानिक भी अविष्कार करते हैं। हमारे देश का अंतरिक्ष विज्ञान बहुत उन्नत है। बाल वैज्ञानिक ही कल के महान वैज्ञानिक बनेंगे। बच्चों में ऐसी बहुत सी प्रतिभा दिखी, जो उनके स्टार्टअप में सहायक होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि नीति आयोग की यह योजना जिसमें 6वीं से 10वीं तक छात्र-छात्राएं नवाचारी विचार अपलोड करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 60 प्रादर्शो का चयन किया जाता है।

आईएएस के तृतीय समूह ने संयंत्र का किया भ्रमण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक दिवसीय प्रवास पर आए आईएएस प्रषिक्षणार्थियों के 13 सदस्यीय तृतीय समूह ने आज 31 जनवरी 2024 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण कर इस्पात निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस्पात भवन स्थित निदेषक प्रभारी सभागार में संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित एक प्रस्तुतीकरण बैठक में आईएएस प्रषिक्षु शामिल हुए। इस बैठक में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), डॉ एके पंडा, कार्यपालक निदेषक (रावघाट) समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेषक पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक बीके गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रस्तुतीकरण बैठक में संयंत्र में लौह और इस्पात निर्माण की प्रक्रिया को सुक्ष्मता के साथ प्रदर्षित किया गया। प्रस्तुतीकरण के पश्चात आईएएस प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया पर जिज्ञासा व्यक्त की गई। जिसका उत्तर संयंत्र प्रबंधन की ओर से निदेशक प्रभारी ने दिया। इस दौरान आईएएस प्रषिक्षणार्थियों द्वारा संयंत्र के निदेषक प्रभारी को एक प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

हितग्राहियों की सूची तैयार, कर सकते हैं दावा-आपत्ति

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची तैयारी किया गया है। आपत्ति दावा प्रकाशन नगर पालिक निगम, दारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित, राजस्व विभाग, निगम टैक्स संग्रहण एजेंसी (स्पैरो) तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के एमआईएस पोर्टल/ सीएलएसएस डेटा से मिलान पश्चात पात्र/ अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी किया गया है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो दिनांक 29 जनवरी 2024. लिखित रूप से आपत्ति दावा किया जा सकता है। 12 फरवरी 2024 आपत्ति दावा अमान्य होगा। 12 फरवरी 2024 तक की अवधि के उपरान्त किसी भी प्रकार का मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/ अपात्र की सूची को विभागीय वेबसाईड में देखा जा सकता है तथा यह सूची निगम मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित पीएम योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

ग्राम ओदरागहन में लगा विकासखंड स्तरीय पशु मेला

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। पशुधन विकास विभाग दुर्ग के तत्वाधान मे ग्राम ओदरागहन मे विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के पशु पालको और कृषकों के द्वारा उन्नत गाय, उन्नत बछिया, उन्नत बछड़ा, उन्नत भैंस, उन्नत पड़वा- पड़िया, स्वस्थ बैलजोड़ी, स्वस्थ भैंसा जोड़ी, उन्नत मुर्गी, बतख, बटेर का प्रदर्शन हुआ एवं सभी पशु पक्षी वर्गों मे प्रतियोगिता आयोजित कर पशु पालको को परस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्षा लोकमणी चंद्राकार, विशिष्ठ अतिथि लालेश्वर साहू मण्डल अध्यक्ष दक्षिण पाटन मण्डल एवं सरपंच जिनेश जैन के उपस्थित हुए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं दुर्ग डा सुधीर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यक्रम मे 188 पशुपालकों के द्वारा उपस्थिति दी गई। प्रदर्शनी प्रतियोगिता हेतु विभिन्न वर्गो मे 131 पशु पक्षियों का पंजीयन किया गया। उन्नत दुधारू गाय वर्ग मे डिडगा के देवेन्द्र चंद्राकार को प्रथम, उमरपोटी के फुलेश्वर साहू को द्वितीय व डिडगा के केशव यादव को तृतीय स्थान। उन्नत बछिया वर्ग मे अरमरीखुर्द के बुधुराम साहू को प्रथम, निपानी के लकेश साहू को द्वितीय और गातापार के देवानंद साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्नत बछड़ा वर्ग मे रीवागहन के कुँवर सिंह साहू को प्रथम, बटरेल के राजेन्द्र साहू को द्वितीय और उमरपोटी के हिरालाल साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्नत दुधारू भैंस वर्ग मे ओदरागहन के शिव कुमार साहू को प्रथम, ओदरागहन के प्रीत कुमार को द्वितीय और ओदरागहन के प्रवीण साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्नत पड़वा पड़िया वर्ग मे ओदरागहन अंजोर सिंह को प्रथम, चन्दुलाल साहू द्वितीय व यशपाल साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

फिल्म निर्माता मनोज राजपूत सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में मनोज राजपूत समाजसेवी, फिल्म निर्माता का जोरशोर से सम्मान मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएल डहरिया, बीआरसीसी महावीर वर्मा के द्वारा किया गया।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का बेहतरीन समापन के अवसर पर अतिथियों का आगमन हुआ। एक वर्ष पहले धमधा ब्लॉक में नवपहल कार्यक्रम जोर शोर से चला, जिसमे जन समुदाय को शाला में जोड़ने के लिए बेहतर कार्यक्रम चला। छत्तीसगढ की संस्कृति, सांस्कृतिक, लोककथा, कहानी, सफल व्यक्ति का साक्षात्कार, जन शाला सियान पर अनेकों कार्यक्रम समाज से जुड़कर कार्य किया गया। श्री राजपूत के द्वारा धमधा विकासखंड में बेहतर सहयोग मिला, विकासखंड के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मनोज राजपूत के सम्मान किया गया था।नव पहल के क्षेत्र में राजपूत जी महत्वपूर्ण योगदान था। मनोज राजपूत जी का सम्मान एक वर्ष बाद उनके उल्लेखीय कार्यों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मान किया गया।राजपूत जी एक फिल्म निर्माता के रूप में उभर कर आ रहे है उनकी छत्तीसगढ़ी फिल्म गांव में जीरो,शहर में हीरो फिल्मी जगत में हम सब के बीच आ रहा है।

समाज ने मनाई शाकम्भरी जयंती

पाटन। पटेल समाज कुम्हारी राज का प्रथम वार्षिक उत्सव व माँ शाकम्भरी पूजा उत्सव ग्राम बटंग में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। माता के पूजा के पश्चात नगर भ्रमण किया। समाज के बच्चों द्वारा सुंदर डांस प्रस्तुत व बीच मे अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया। प्रमुख रूप से सभी वक्ताओं ने शिक्षा, व्यवसाय, सामाजिक एकता के बारे के उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में माताओं बहनों युवा साथियों की भागीदारी बढ़चढ़ कर रही। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में राकेश ठाकुर में अपनी उपस्थिति दी। कुम्हारीराज अध्यक्ष टिकेंद्र पटेल, रायपुरराज राजकुमार पटेल, पाटनराज लक्ष्मी नारायण पटेल आदि मौजूद थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202311100400 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नरेन्द्र कुमार ताम्रकार आ./पति स्व. भुवनलाल ताम्रकार निवासी लुचकीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 51 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 549/3 रकबा 0.02 हें/ 1742 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400393 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टी प्रकाश आ./पति तम्बी कुच्चु कुंजु निवासी कचांदुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कचांदुर प.ह.न. 12 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 965/2 रकबा 0.20 हें/ वर्गफीट कृषि मुर्गी पालन अण्डा उत्पादन एवं डेयरी प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400394 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टी प्रकाश आ./पति तम्बी कुच्चु कुंजु निवासी कचांदुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कचांदुर प.ह.न. 12 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 858 रकबा 0.06 हें/ वर्गफीट औद्योगिक मुर्गी पालन अण्डा उत्पादन एवं डेयरी प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00020 फुलगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106401012024014

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम फुलगांव के वर्तमान भूमिस्वामी नयनतारा डेवलपर्स पार्टनर किशोर कुमार जैन पिता/ पति मोहनलाल जैन पता 101 वर्धमान नगर खंडेलवाल कालोनी रोड दुर्ग, बहेमुआम नयनतारा डेवलपर्स पार्टनर संगीता जैन पिता/ पति किशोरकुमार जैन पता- 101 वर्धमान नगर खंडेलवाल कालोनी रोड दुर्ग, बहेमुआम नयनतारा डेवलपर्स पार्टनर सुनीता जैन पिता/ पति राजेश जैन पता- 101 वर्धमान नगर खंडेलवाल कालोनी रोड दुर्ग, बहेमुआम नयनतारा डेवलपर्स पार्टनर सुशीला देवी बाघमार पिता/ पति मोहनलाल जैन पता- 101 वर्धमान नगर खंडेलवाल कालोनी रोड दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1(0.0114), 15000/1 (0.0114) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शोभना राउत पिता/पति प्रफुल्ल राउत पता 769 सड़क 4 शंकरनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 38/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24 पंजी. 202401103800021

आवेदक नवीन शर्मा आ. स्व. राधेश्याम शर्मा निवासी जैन मंदिर रोड बनियापारा नगर कचहरी रोड दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 30 बी प्लाट नं. 29 क्षेत्रफल 145 वर्गमीटर भूमि धारक राधेश्याम आ. कल्याणमल निवासी गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक राधेश्याम की मृत्यु दिनांक 19.11.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री नवीन शर्मा, ज्योति हरीदत्त [illegible]

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्कल (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 202401101200029/ अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गंगाबाई पति नारायण पटेल निवासी भानपुरी के द्वारा आवेदक पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम भानपुरी प.ह.न 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 510/11 रकबा 0.010 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल [illegible]

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401104600024 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र सिंह पिता फुलसिंह निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 697 रकबा 0.060 हे. भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत [illegible]

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401104600025 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद खलील पिता मगनशाह निवासी दुर्ग मंदिर के पास मरोदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम पुरई प.ह.न. 54 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 200/14 रकबा 0.0370 हे. भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत [illegible]

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202401103000050 /अ-06/वर्ष 2023-24

[illegible]

मुहर — अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-06/ वर्ष- 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमुराम पिता स्व. जगतराम साहू निवासी अरसनारा द्वारा ग्राम बासीन प.ह.न. 16 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 34 रकबा 0.9500 हे. भूमि आवेदक के माता दुगदी बाई पति जगतराम एवं अन्य के नाम पर सहखातेदार पर दर्ज है। सहखातेदार दुगदी बाई पति जगतराम [illegible]

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202401101400028 /अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुहन प्रसाद पिता झाडूराम विरुद्ध ताजूराम पिता झाडूराम, नोहर प्रसाद पिता झाडूराम पता- ग्राम व पो. मचांदुर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अनावेदक के शामिलात नाम से मौजा मचांदुर प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नं. 661/20 रकबा 0.080 हे. भूमि वर्तमान [illegible]

मुहर — नायब तहसीलदार-01 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107300005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी परागाबाई पिता/ पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली, जानकी,बाई पिता/ पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली, गिरधारी पिता/पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली, कमलाबाई पिता/पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली, दिलहरण पिता/पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली, चोवाराम पिता/पति स्व. मंथीर यादव पता चिखली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 316 [illegible]

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

किरन्दुल/नवप्रदेश। महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि एम एम डब्ल्यू (इंटक) श्रम संघ किरन्दुल के समक्ष निर्मित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर मनाई गई। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के त्याग, तपस्या, आजादी के आंदोलन मे उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रम संघ सदस्यों के साथ नगर परिवार भी बड़ी संख्या मे मौजूद थे। इस दौरान वक्ताओं ने भी गाँधी जी के आदर्शो को जीवन में अपनाने पर जोर दिया, तथा महात्मा गाँधी जी अमर रहे के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया, कार्यक्रम विनोद कश्यप ,अध्यक्ष, एम एम डब्लू यू (इंटक), के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व अरविंद गुप्ता, त्रिलोक बांधे, नथेला राम नेताम, बिजी प्रदीप , जी.रवि ,राकेश लाल, सादब जिलानी , पति राम , एम के मल्लाह, धर्मेंद्र कुमार सोनी, बी . लोहिदास, इमरान सिद्दीकी,संजय सिंह ,अगेश्वर साहू, नागनाथ ,बंता टांडी , सुनील कुमार नाग, भरत लाल बघेल ,ढाल सिंह, सम्पत राम साहू , कोमल साहू आदि का विशेष सहयोग रहा ।

निकाली गई नशा मुक्ति जागरूकता रैली

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के द्वारा 30 जनवरी 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जन मानस में तम्बाकू ,बीडी एवं मद्यपान से होने वाली नशा दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा जिले में लगभग 700 लोगों से संकल्प पत्र एवं शपथ दिलाया गया। जिले के ग्राम पंचायत फरसपाल, कुण्डेनार, कटेकल्याण, कारली, टेकनार में रैली निकाली गई तथा जिला स्तर पर आंवराभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं के द्वारा वृहद रैली निकालकर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उप संचालक संतोष टोप्पो, श्रीमती जुर्री, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, श्रीमती फुलेश सोरी, संतोष रवानी संकुल समन्वयक, श्रीमती किरण एक्का, श्रीमती लिलिमंजू टोप्पो, श्री कमल कर्मकार सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

लोटस पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

भटगांव/नवप्रदेश। लोटस पब्लिक स्कूल के द्वारा वर्सीकोत्सव सरगम का आयोजन किया गया वार्षिकोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक ,देशभक्ति जैसे अनेक आयोजन किए गए । जहाँ व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन एवं पत्रकारों में संदीप पटेल,बसंत सोनी,राम दुलार साहू,सहित पूरे पत्रकारों उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम नगर के बंगलाभाठा मैदान में आयोजित किया गया था जहां मुख्य अतिथि राजस्व एवम् खेल खुद मंत्री टंक राम वर्मा रहे जहां मंच को संबोधित करते हुए कहां अच्छे विचार रखने से पूरा जीवन बदल जाता है सुखमय हो जाता है। कार्यक्रम का शुरुआत भगवान श्री राम के भजन के साथ किया गया जिसमे कक्षा 11वी के बच्चो ने बड़ा ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया । और इसी क्रम में लगातार 42 कार्यक्रम 12 बजे रात तक चलता रहा। आपको बता दे लोटस पब्लिक स्कूल सारंगढ़ जिले का बड़ा ही चर्चित स्कूल है जहां के बच्चे छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा की टॉप 10 की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराते आ रहे है इस कार्यक्रम का क्षेत्रवासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है । वही इस कार्यक्रम को देखने सैकड़ों को संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चो से लेकर कक्षा 12वी के बच्चों ने बढ़चकर हिस्सा लिया और अपना धुआधार प्रोग्राम दिया। बच्चो का प्रोग्राम देख दर्शकगण देर रात तक कार्यक्रम से जुड़े रहे और कार्यक्रम के समापन में स्कूल के सभी शिक्षक जिन्होंने साल भर मेहनत कर बच्चो को टॉप 10 की लिस्ट में पहुंचाने के लिए तैयार करते है ऐसे सभी शिक्षको का मंच में सम्मान किया गया।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

■ **भाजपा की सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाली सरकार-लता उसेंडी**

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज कांकेर में लोकसभा चुनाव हेतु केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी, छग शासन के राजस्व एव युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा फीता काटकर व पंडित के मंत्रोचार के साथ भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, बस्तर संभाग भाजपा सह संगठन प्रभारी निरंजन सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, केसी पवार विधायकगण आशाराम नेताम, व नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में किया गया। भाजपा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन अवसर पर बोलते हुए सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि हमने चुनाव की घोषणा से ही पहले चुनाव कार्यलय खोलकर कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है । प्रदेश में तो हमारी सरकार बन गई है अब पुनः केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन वाली सरकार बनानी है। कांकेर लोकसभा में जीत का परचम लहराना है। केन्द्र में भाजपा सराकर की वापसी के बाद छग को विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ायेंगे। भाजपा की सरकार जन आंकाक्षाओं को पूरा करने वाली सरकार है। कांकेर लोकसभा अंतर्गत चार जिले आते है और चारों जिले के कार्यकर्ता पूरे जोश से भाजपा के लिए काम करेगे ये मेरा विश्वास है । मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छग में मोदी की गांरटी ने जादू किया और हमने सत्ता में वापसी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी को पूरा करने छग सरकार ने पहली केबिनेट में ही कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है जिससे चुनाव में किये गये घोषणाओं को पूरा करने कार्ययोजना बन गई है । पहली केबिनेट में ही छग में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु राशि आबंटित की गई । केन्द्र में फिर से भाजपा की सरकार बनानी है जिससे 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने हेतु आगे कदम बढ़ाया जा सके। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा में हमारे एक भी विधायक नही होने के बावजूद हमने कांकेर लोकसभा जीता है। इस बार तो तीन विधायक है जिससे कांकेर में लोकसभा में भारी बहुमत से जीत का परचम लहरायेंगे। इससे पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने केन्द्रीय गरीब कल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया था परंतु छग में भाजपा सरकार बनने के बाद पुनः हमने गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है । छग की जनता को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नल-जल, मुफ्त राशन, आयुष्मान सहित सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। बहुत जल्द ही नारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपये मिलने लगेंगे। कांकेर लोकसभा के कार्यकर्ता अपनी पूरी उर्जा के साथ चुनाव में अभी से जुट जायें। भाजपा जिलाध्यक्ष कांकेर सतीश लाटिया ने कार्यालय उदघाटन पर उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार माना। बालोद के भाजपा जिलाध्यक्ष केसी पवार ने कहा कि हम अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी के साथ प्रचार-प्रसार का काम करेंगे। इस चुनाव में हम भारी बहुमत के जीतेंगे।

कांकेर और दुर्ग सांसद ने मुख्यमत्री से की मुलाकात

■ **दोनो सांसदो ने मुख्यमंत्री से धान खरीदी के समय में वृद्धि करने की मांग की**

कांकेर/नवप्रदेश। किसान पुत्र केंद्रीय कृषि स्थाई समिति के सदस्य रामायणी सांसद श्री मोहन मंडावी जी एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल जी ने राजधानी रायपुर में अस्थाई मुख्यमंत्री निवास पहुना पहुंचकर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से भेंट कर धान खरीदी के समय में 1 हफ्ते की वृद्धि करने की मांग की गई। सांसद मोहन मंडावी एवम विजय बघेल ने बेमौसम हुई बारिश, विधानसभा चुनाव तथा धान के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों में बनी असमंजस की स्थिति के कारण किसानों के द्वारा धान खरीदी के अंतिम तिथि अर्थात 31 जनवरी 2024 तक धान बिक्री नहीं कर पाने के कारण किसानों के लिए उत्पन्न हुई समस्याओं से अवगत कराते हुए 1 हफ्ते बिक्री की अवधि बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री जी के समक्ष की गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने किसानों से जुड़े हुए इस मामले को गंभीरता पूर्वक विचार करने की बात कही है।

आदेश्वर पलिक स्कूल क्रीड़ा स्पर्धा का समापन

कोंडागाव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में संचालित आदेश्वर पब्लिक स्कूल में विगत तीन दिनों से वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ! जिसका सम्मापन आदेस्वर पब्लिक स्कुल के खेल मैदान में शांतिलाल सुराना के मुख्य आथित्य एवं विशिष्ठ अतिथि सुरेन्द्र सोनपिपरे अध्यक्ष प्रेस क्लब सह मिडिया फेडरेशन उपस्तिथि में किया गया! तीन तक चली इस खेल प्रतियोगिता में कोंडागांव व् फरसगांव विद्यालय के छात्र छात्राओं ने खो.खोए कबड्डीए बालीबाल, 100मी,200मी,व् रिलेरेसयजलेबी दौड़, बोरा दौड़ के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपमना जौहर दिखाकर इन खेलो स्थान प्राप्त किया ! सम्मापन के अवसर प्रेस क्लब अध्यक्ष सह मीडिया फेडरेशन के अध्यक्ष कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिक का विकास होता है मस्तिक के विकास के लिए प्रति दिन व्यायाम व् खेल खेलते रहना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि जो खिलाड़ी विजयी हुए उन्हें बधाई और जो विजय हासिल नही कर उन्हें निराश नही होना चाहिए बल्कि जीत हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिएए लगातार प्रयास से जीत मिलता है! इस दौरान आदेस्वर पब्लिक स्कुल के डारेक्टर बसंत पारख एपार्षद तरुण गोलछा पत्रकार रामाकांत सिन्हाए राजिव गुप्ता एफागु यादव एबंकिम साना स्कुल के प्राचार्य एशिक्षक गण छात्र छात्राओं के पालक गण सहित स्कुल प्रबंधन के कर्मचारी व् छात्र छात्राये बड़ी संख्या में मौजूद थे।

शिलान्यास कार्यक्रमों में कांग्रेस प्रतिनिधियों की अनदेखी भाजपा की छोटी सोच को दर्शाता है: गीतेश गांधी

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं कोंडागांव जिले में लगातार कांग्रेस एवम भाजपा द्वारा एक दूसरे पर विभिन्न मामलो पर आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। इसी बीच 31 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस क्लब भवन मंव प्रेसवार्ता आयोजित कर भाजपा पर आरोप लगाया गया की कोंडागांव नगरीय निकाय क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर की जा रही भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रमों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के साथ उपेक्षा एवं पक्षपात किया जा रहा है। इस मामले पर कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री गीतेश गांधी ने मीडिया के सामने कांग्रेस का पक्ष रखते हुए कहा की कांग्रेस की सरकार के दौरान कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा लाए गए विकास कार्यों में तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय हेमकुंवर पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी एवं अन्य भाजपा पदाधिकारीयों की सम्मान के साथ शिलालेखों में नाम अंकित किया जाता थाए तथा उन्हें कार्यक्रमों में आमंत्रण भी दिया जाता था पर उनकी सरकार नहीं होने के कारण ऐसे कार्यक्रमों में वह अपनी व्यक्तिगत मसलों के चलते शामिल नहीं होते थे। पर सत्ता परिवर्तन बाद भाजपा के द्वारा वर्तमान में किए जा रहे कांग्रेस प्रतिनिधियों के साथ पक्षपात निंदनीय है।

बड़ेकनेरा प्राथमिक शाला राजापारा शिक्षक विहीन: मानिकपुरी

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से महज 15 किलो मीटर दुरी पर स्थित ग्राम पचायत बडेकनेरा के प्राथमिक शाला राजापारा शिक्षक विहीन है !, ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा के पंच गणेश मानिकपुरी ने 1948 से संचालित ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा प्राथमिक शाला राजापारा का विजिट किया , तथा विजिट के पश्चात शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों पर लगाया संवेदनहीनता व लापरवाही का आरोप , पंच ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा प्राथमिक शाला राजापारा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के पालकों द्वारा प्राथमिक शाला राजापारा में एक भी शिक्षक नही होने के शिकायत मिलने पर प्राथमिक शाला बड़ेकनेरा राजापारा का दौरा किया! बड़ेकनेरा का सबसे पहला स्कूल 1948 से संचालित है वे स्कूल आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है , लगभग 75 साल पुराना स्कूल आज की स्थिति में शिक्षक विहीन हो चुका है जिस स्कूल की स्थापना लगभग आजादी के साथ साथ हुई , कई लोग इसी स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर बड़े बड़े पदों पर पहुँच गए , इसी स्कूल से पढ़ कर न जाने कितने लोगों का भाग्य रोशन हुआ , परन्तु आज वही स्कूल का भविष्य तथा स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का भविष्य आज अंधकार में है , कक्षा पहली में 08 , दूसरी 15 , तीसरी 06 चौथी 10 पांचवी 05 कुल 44 बालक बालिका अध्ययनरत है , परन्तु आज की स्थिति में एक भी शिक्षक शाला में नही है ,प्राथमिक शाला राजापारा के हेड मास्टर 03,11,2023 को रिटायरमेंट होने के पश्चात एक शिक्षिका सहायक के रूप में नियुक्त थी , परन्तु प्रमोशन के चलते उन्हें भी 15,01,24 को भारमुक्त किया गया , जिसके चलते लगभग 15 दिनो से 75 साल पुराना स्कूल शिक्षक विहीन हो चुका है।

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जनसमस्या के लिए होगा शिविरों का आयोजन

■ **समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कार्ययोजना बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम लोगों की समस्याओं को दूर करने जल्द ही गांवों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने इसके लिए ग्रामों का चयन करने तथा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही योजनावार प्रारूप तैयार करने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के सारे प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण लिए जाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर न जाएं, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। राशन कार्ड नवीनीकरण में तेजी लाने तथा इसकी सतत् मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की तिथि में संशोधन किए जाने के संबंध में उन्होंने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से धान की आवक पर रोक लगाने हेतु सतत् निगरानी करने एवं विक्रय हेतु लाए गए धान का किसान के रकबे से मिलान करने के उपरांत ही खरीदी करने के निर्देश खाद्य अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने वर्ष 2014-15 और 2015-16 में किसानों को वितरित की गई प्रोत्साहन राशि का सत्यापन अब तक नहीं कराए जाने पर नरहरपुर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम कांकेर को दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कैबिनेट : महतारी वंदन ...

की जाएगी।

- मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रूपए प्रतिमाह अर्थात् साल में 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातें में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंग विभेद, असमानता, जागरूकता की कमी होने के फ्लस्वरूप समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव को समाप्त करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना से महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो, को मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को भी योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है।

- छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अगस्त 2023 में जारी अधिसूचना में किए गए संशोधन को निरस्त कर पूर्ववत् किए जाने का निर्णय लिया गया। अगस्त 2023 में उक्त नियम में यह संशोधन किया गया था कि विभागीय जांच उपरांत, शास्ति प्रभावशील होने अथवा अपराधिक प्रकरण में न्यायालय द्वारा दंडित होने पर संविदा नियुक्ति के लिए अपात्र होंगे। इस संशोधन से ऐसे सेवानिवृत्त शासकीय सेवक जिनके विरूद्ध विभागीय जांच या अभियोजन के प्रकरण विचाराधीन अथवा प्रचलित है उन्हें भी संविदा नियुक्ति की पात्रता बन रही थी। जिसे मंत्रिपरिषद ने उचित नही मानते हुए इसे निरस्त कर संविदा नियम 2012 के प्रावधान को यथावत करने का निर्णय लिया है।

- मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार द्वारा लागू बीएच सीरीज के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक बार में दो वर्ष का टेक्स जमा कराना होगा।

- छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

प्रदेशभर में आईटी ...

महेंद्र पासवान के घर भी आईटी की टीम पहुंची है। महेंद्र पासवान का निवास अमरजीत भगत की पाइप फैक्ट्री के पास है। लंबे समय तक अमरजीत के ड्राइवर रहे महेंद्र पासवान के घर भी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अमरजीत भगत ने घोषित की थी 7.55 करोड़ की संपत्ति

2023 में हुए विधानसभा चुनाव में अमरजीत भगत ने अपने परिवार की संपत्ति 7.55 करोड़ रुपये घोषित की थी। अमरजीत भगत पांच साल मंत्री रहे। उनकी चल संपत्ति वर्ष 2018 के घोषणापत्र की तुलना में लगभग यथावत बताई गई थी। है। उन्होंने 8.45 लाख कैश, बैंकों में जमा राशि, बीमा, सोने-चांदी के जेवर और एक वाहन सहित अपनी चल संपत्ति 52 लाख 20 हजार 82 रुपये घोषित की है। वर्ष 2018 में उन्होंने 72 लाख रुपए की चल संपत्ति घोषित की थी।

हेमंत सोरेन ने दिया इस्तीफा ...

सीएमआवास के आसपास धारा 144 अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दी गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं।

बजट सत्र : राष्ट्रपति मुर्मू ने ...

करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है. रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मोर्चे पर काम लगातार जारी है.

कोर्ट का फैसला अब...

उन्होंने कहा कि हमने दूसरी प्रार्थना पर बल दिया। 30 जनवरी को हमने कहा कि पूजा-पाठ प्रारंभ करा दी जाए। प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि आज अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया कि, रिसीवर जिला अधिकारी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट आदि मिलकर पुजारी नियुक्त करके पूजा प्रारंभ करें। अब सात दिन के अंदर लोहे की पट्टिका हटाकर पूजन प्रारंभ कराएंगे। यह बहुत बड़ी सफलता मानकर चलिए। यह न्याय की जीत है, सत्य की जीत है।

खाने के लालच में छत पर...

ही प्रबंध शुरू कर दिया। प्लान कामयाब हो गया।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-17
(प्रथम बार)

क्रमांक/190/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2024 — कोरबा, दिनांक 24/01/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर, द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची, मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 07.02.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रं.	कार्य का नाम व स्थल	ठेके की अनुमानित लागत (रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपयें में)	कार्य पूर्ण करने की	ठेकेदार की श्रेणी
1	कार्यालय सहायक संचालक, उद्यान, जिला कोरबा के बैठक व्यवस्था हेतु मीटिंग हॉल के मरम्मत एवं विस्तार कार्य	11.17	8378.00	750.00	04 माह	द वर्ग या उससे ऊपर

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.01.2024 सयम 15.30 बजे से देखी जा सकती है।

जी-07363/3

(संतोष नाग)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कांकेर वनमण्डल कांकेर
ईमारती काष्ठ के घोष विक्रय की सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अन्तर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस अथवा नीलाम के समय प्राप्त की जा सकेगी।

डिपो का नाम - कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 06 फरवरी 2024, मंगलवार
नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09:00 बजे से

स. क्र.	प्रजाति	अनुमानित मात्रा								
		नया			पुराना			योग		
		काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सागौन	40.631	200	758	74.193	149	1375	114.824	349	2133
2	साल	20.451	1	10	1.768	0	0	22.219	1	10
3	खम्हार	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
4	हल्दू/मुंडी	0.382	9	0	2.191	0	1	2.573	9	1
5	बीजा	1.137	0	13	0.065	0	0	1.202	0	0
6	सलई/मोयन	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
7	साजा	1.925	20	0	5.390	14	0	7.315	34	0
8	शीशम	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
9	तिन्सा	0.000	0	0	1.529	1	0	1.529	1	0
10	नीलगिरी	0.000	0	0	11.602	10	3	11.602	10	3
11	अन्य	4.501	217	1	34.727	20	1	39.228	237	2
	योग :-	69.027	449	782	131.465	194	1380	200.492	641	2162
1	सागौन जलाऊ	07 चट्टा			-			07 चट्टा		
2	साल जलाऊ	16 चट्टा			-			16 चट्टा		
3	सलाई जलाऊ	72 चट्टा			-			72 चट्टा		
4	अन्य जलाऊ	362 चट्टा			-			362 चट्टा		

अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।
टीप :- 1) वर्ष 2024 का लकड़ी व्यापारी के रूप में पंजीयन एवं जी.एस.टी. नं. का प्रमाण-पत्र अवश्य लावें।
2) क्रेता नीलाम के पूर्व आयकर से संबंधित पेन कार्ड एवं टेन नंबर तथा जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में आवश्यक रूप से जमा करावे।

जी-07385/3

वनमण्डलाधिकारी
कांकेर वनमंडल कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

श्रृंगी ऋषि विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा

नगरी/नवप्रदेश। जब देश के मुखिया को देश के हर एक बच्चे की चिंता हो, तो उस देश का भविष्य उज्जवल ही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के प्रत्येक बच्चे की चिंता है। यह जानकारी शिक्षक सीके डडसेना ने दी। जिसका साक्षात उदाहरण ÷परीक्षा पे चर्चा÷ कार्यक्रम में देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने बेहद सरल और मजेदार अंदाज में बच्चों के हर एक सवाल का जबाव दिया। कैसे बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाए, टाइम मैनेजनेंट कैसे हो, मोबाइल के दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए ? इन सभी सवालों का जवाब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिया। उन्होंने यह भी बताया कि वो कैसे इतने पॉजिटिव रहते हैं और प्रधानमंत्री के रूप में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। प्रधानमंत्री जी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से आत्मीयता से बातचीत की। करीब पौने दो घंटे तक प्रधानमंत्री %सर% की मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर बेहतर नागरिक बनने के गुर मिले। उन्होंने कार्यक्रम के पश्चात् उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के सुझावों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय परिसर पर परीक्षा पर चर्चा के जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा सर विद्यालय के प्राचार्य एस के प्रजापति ए एल साव सोनी , एस पी चक्रधारी एच एम माध्यमिक विभाग, सुश्री निधि राठौर एच एम प्राथमिक विभाग, प्रभारी एच एम चैन चौधरी माध्यमिक विभाग एवं अन्य शिक्षक, शिक्षिकाए , कर्मचारी उपस्थित थे।

झुमका जल महोत्सव में मुख्यमंत्री करेंगे 74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचेंगे कोरिया

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कोरिया पहुंचेंगे। कोरिया जिले में जिला प्रशासन द्वारा 01 व 02 फरवरी को झुमका जल महोत्सव का आयोजन किया गया है।

श्री विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर लगभग 74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इनमें लगभग 58 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 16 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। झुमका जल महोत्सव में पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, बैकुंठपुर विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसी प्रकार झुमका जल महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर सौभाग्यवती सिंह, जनपद अध्यक्ष सोनहत लक्ष्मी सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बैकुंठपुर श्रीमती नविता शिवहरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिवपुर-चरचा श्रीमती लालमुनि यादव, ग्राम पंचायत ओड़गी की सरपंच श्रीमती बाबी अगरिया भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। झुमका जल महोत्सव का समापन 2 फरवरी को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में होगा।

लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित उनके एवं बच्चों के टीकाकरण का बढ़ावा हेतु व्यक्ति रूचि लेकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी समय पर पहुंचे और अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में स्वास्थ्य संबंधी अधोसंरचना एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और स्टाफ की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में वर्तमान में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण मानकों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली गई। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लक्ष्य पूरा करने, कमियां दूर करने के निर्देश दिये। शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड कार्य योजना बना कर पूरा करने कहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि हमारा मुख्य फोकस संस्थागत प्रसव को बढ़ावा व जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना है। उन्होंने कहा कि यह मैदानी क्षेत्र होने के कारण प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में ज़्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं है।

युवाओं को अग्निवीर में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करें

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में कबीरधाम जिले के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती परीक्षा में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक युवा आवेदन कर सके। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय, एनसीसी, स्किल डेवलपमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं सहित सुदूर वानाचंल क्षेत्र में निवास करने वाले युवाओं को अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करें।

कांग्रेस ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजली

रायपुर/नवप्रदेश। जगारगुंडा थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों के द्वारा किये गये हमले में तीन जवानों की शहादत बेहद दुखद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन जवानों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है, हमारे जवानों ने बड़ी बहादुरी से आतातायियों का सामना किया। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। हमारी सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करें।

सरकार के अनिर्णय वाली स्थिति के कारण जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है नक्सली गतिविधियां बढ़ी है। भाजपा की सरकार को तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार बने डेढ़ महिने से अधिक हो गया है अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपना कोई राय नहीं बना पाई है। सरकार मति भ्रम का शिकार है।

आज होगी 950 टन धान की खरीदी, मिला टोकन

कवर्धा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन 2023-24 में धान नहीं बेच पाए किसानों को समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए अतिरिक्त 4 फरवरी तक राज्य शासन ने धान खरीदी का समय सीमा बढ़ा दिया है। बढ़े समय सीमा में

वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा और परेशानियां ना हो इसके लिए प्रशासन सजग है, वहीं इस बढ़े हुए समय में बिचौलिया और व्यापारियों को धान रोकने के लिए जिला प्रशासन हाई-अलर्ट हो गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार देर शाम खाद्य, उपपंजीयक, जिला विपणन और जिला सहकारी केन्द्रीय बैठक की संयुक्त बैठक लेकर आगामी 4 फरवरी तक होने वाले धान खरीदी की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के ऐसे धान खरीदी केन्द्र जहां 1 फरवरी के लिए सर्वाधिक धान का टोकन जारी हुए है, ऐसे धान खरीदी केन्द्रों की गहनता से समीक्षा की। उन धान खरीदी केन्द्रों में उपार्जन केन्द्र कवर्धा, बिरपुरकला, सोनपरी रानी, सराईसेत, सहित अन्य धान खरीदी केन्द्रों में टोकन धारी किसानों की जानकारी ली गई।

स्कूली बच्चों ने पेश की मिसाल जेवर से भरा बैग पुलिस को सौंपा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गायत्री स्कूल के दो छात्रों को सोने एवं चांदी के जेवरात से भरा बैग रास्ते में पड़ा मिला था। कीमती 70000 रूपये बताई गई । जिसे थाना कोतवाली से टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्रकार, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, नरेन्द्र प्रजापति को सौंपा गया। बैग के ऊपर महावीर ज्वेलर्स, गुड़ाखु लाइन, राजनांदगांव लिखा था। संबंधित ज्वेलर्स दुकान से संपर्क करने पर उक्त जेवर को ग्राहक ज्योति जैन पति राकेश जैन,(40) निवासी कंचनबाग द्वारा खरीदना बताया। इस पर उक्त ग्राहक को बुलाकर सौंप दिया गया। प्रार्थिया को गुम हुए सोने-चांदी बैग सहित मिल जाने से कोतवाली पुलिस की कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ एवं दोनों छात्रों को धन्यवाद दिया गया।

किसान नेता पवन साहू बने भाजपा जिला अध्यक्ष

बालोद/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने लोकसभा चुनाव के पूर्व संगठनात्मक नियुक्ति कर रहे हैं। इसके अंतर्गत 31 जनवरी को चार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसमें बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष किसान नेता पवन साहू को बनाया गया है। उनके पहले कृष्णकांत पवार अध्यक्ष थे। वे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्हें जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद का नया दायित्व मिला है। उनकी नियुक्ति पर बालोद जिले के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में हर्ष है। पवन साहू ने जिला अध्यक्ष की नियुक्त किए जाने के बाद गृह ग्राम कोहंगाटोला से बंजारी माता मंदिर जुंगेरा में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय में माथा टेककर प्रवेश किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि वो मूलतः कार्यकर्ता स्वभाव के हैं। जिला संगठन 99त्न कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप चलेगा एक प्रतिशत जहां व्यवस्था बनानी है वहां मेरी इच्छा चलेगी , विपक्ष में धरना आंदोलन पर विरोध प्रदर्शन करना आसान है लेकिन सत्ता पक्ष में लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप शत प्रतिशत परिणाम देना अधिक कठिन होता है। वो आम लोगों और संगठन की अपेक्षाओं व उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात भाजपा कार्यालय बालोद में प्रथम आगमन पश्चात कार्यकर्ताओं ने फूल माला, आतिशबाजी, मिठाई वितरण कर उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। उनको अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कुमारी मदन साहू, डॉक्टर बालमुकुंद देवांगन, देवलाल ठाकुर, लेख राम साहू, अभिषेक शुक्ला, छगन देशमुख ,देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू ,नरेश साहू, त्रिलोकी साहू ,ठाकुर रामचंद्राकार, राकेश छोटू यादव, संध्या भारद्वाज, सुशीला साहू ,सुदेश सिंह, मोहन जैन, शरद ठाकुर, राजीव शर्मा, नरेश साहू, जयेश ठाकुर, संजय दुबे, अनीता कुमेटी, अकबर तिगाला आदि ने शुभकामनाएं दी।

खेल से एकजुट रहकर संघर्ष की मिलती है प्रेरणा : योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम बिरोदा में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि शामिल हुए।

प्रतियोगिता में आसपास जिलों की दर्जन भर कबड्डी टीमों ने भाग लिया है। इस दौरान किसान नेता ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धिमता का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार से होता है। खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है, जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी हैं।

रायपुर सांसद सुनील सोनी ने एक्सीडेंटल सांसद है, 5 साल में कुछ नहीं किया : धनंजय सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने सुनील सोनी एक्सीडेंटल सांसद है। धोखे से जनता ने सुनील सोनी को सांसद चुन लिया था जिसका खमियाजा 5 वर्षो तक जनता को उठाना पड़ा है, रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का सुध न मोदी ने लिया, न सांसद ने। सांसद सुनील सोनी को रायपुर लोकसभा की जनता को बताना चाहिए कि उन्होंने 5 साल में लोकसभा क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए क्या काम किये है? सांसद के रूप में सुनील सोनी के पास उपलब्धि जीरो है। सुनील सोनी कोविड कॉल जैसे कठिन विपरीत परिस्थिति में गायब रहे हैं। रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को आज भी एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने के लिए ट्रेन नहीं मिल रहा है और सांसद सुनील सोनी मौन है? केंद्र सरकार से रायपुर लोकसभा के लिए कोई नई योजना नहीं ला पाये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद सुनील सोनी रायपुर लोकसभा के हित के विषय पर सदन में कभी सवाल जवाब नहीं किए हैं बल्कि दुबके हुए ही बैठे रहे। सोनी की उपलब्धि मात्र दिल्ली यात्रा कोरा बयानबाजी एवं अपने केंद्रीय नेताओं की चाटुकारिता एवं अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार उनकी उपलब्धि है। सांसद निधि से लोकसभा क्षेत्र में क्या काम किए हैं यह रायपुर लोकसभा के गांव में कहीं नजर नहीं आता है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा की जनता भूल सुधार करेगी और रायपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा से मुक्त करेगी कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत होगी।

दैवेभो संघ ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम को सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। मनरेगा दैनिक वेतन भोगी (कलेक्टर दर) कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सीमांत प्रजापति,प्रदेश सलाहकार गजेंद्र ने मंगलवार 30 फरवरी को सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से सौजन्य भेंट कर श्रम सम्मान राशि सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया. साथ ही साथ विधानसभा में प्रश्न लगाने हेतु पत्र दिया गया। इस दौरान प्रदेश सलाहकार गजेंद्र शेर, प्रदेश संयोजक गालव सार्वा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे साथ कहा सम्मान राशि सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराके निराकरण की मांग की।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक / //2023-2024, रायपुर, दिनांक 10/01/2024

ग्राम संगनिया, प.ह.नं. 58, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आदिका श्रीमती चमा बाई पति श्री घनश्याम परगनिहा निवासी सुंदर नगर तहसील व जिला रायपुर द्वारा अपने अधिवक्ता सी एम नायक के माध्यम से अनावेदकगण (1) श्रीमती बिरझा बाई बेवा श्री कार्तिक गोड निवासी डगनिया रायपुर (2) छ.ग. शासन के विरुद्ध आवेदन पत्र छ.ग. राजस्व संहिता की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरुस्ती हेतु प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका ने ग्राम डंगनिया , प.ह.नं. 58, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 70/1 का भाग रकबा 1020 वर्ग भूमि को पंजी कृत विक्रय विलेख दिनांक 19/07/1993 को अनावेदिका से क्रय कर अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में प्राप्त किया है। उक्त संपत्ति क्रय किये जाते समय भू परिवर्तित थी। उपरोक्त संपत्ति क्रय करने के पश्चात आवेदिका के द्वारा विधिवत् भू परिवर्तित शाखा के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराया जिसका प्रकरण क्रमाक 733/अ-6/वर्ष 1992-93 आदेश दिनांक 06/10/1993 के द्वारा यायालय विशेष कर्तव्य अधिकारी भू परिवर्तित शाखा रायपुर द्वारा उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत दी गई। तथा परिवर्तित बी-1 खाता संख्या 884 में नाम दर्ज किया गया। आवेदिका ने अन्य कार्य हेतु भू परिवर्तित शाखा के माध्यम से परिवर्तित बी-1 प्राप्त करने हेतु प्रयास किया तब हल्का पटवारी के माध्यम से इस बात की जानकारी हुई कि भू कम्प्यूटरकृत किया गया है। तब राजस्व अभिलेखों के दस्तावेज जिसमें परिवर्तित बी 1 की मांग की। दिनांक को प्रथम बार इस तथ्य की जानकारी दी गई कि आवेदिका का नाम हल्का पटवारी के पास उपलब्ध अभिलेखो में नाम दर्ज नही है तथा राजस्व अभिलेखों में बसरा नंबर 70/1 पर प्रमोद पिता शिव कुमार, रामलाल पिता काशीराम, श्रीमती अनिता ध्रुव पति नंदकुमार सुरेश पिता जोशी ध्रुव का नाम दर्ज है तथा पूर्व नंद कुमार, सुरेश पिता जोशी ध्रुव, सुखम जौजे जोशी चुव, रामलाल पिता काशीराम, प्रमोद पिता शिव कुमार का नाम दर्ज है। तब आवेदिका द्वारा उपरोका संका में अधिवक्ता के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई तब यह जानकारी हुई कि वर्ष 2004-05 में विरझा चाई के स्थान पर नंद कुमार, सुरेश पिता जोशी ध्रुव तथा सुखम पति जोशी ध्रुव का नाम दर्ज किया गया है। पूर्व के खसरा में भी खसरा नंबर 70/1 को कैफियत कालम में भू परिवर्तित लिखा गया है तथा नकल नहीं देने का भी उल्लेख किया गया है। पूर्व में मू परिवर्तित शाखा होने पर परिवर्तित मृति का अभिलेख उक्त शाखा में होता था तथा उव शाखा में ही भू परिवर्तित भूमि के भूमि स्वागिश्री का नाम दर्ज किया जाता था। आवेदिका उपर वर्णित भूमि की स्वामी एवं आधिपत्यधारी है। आवेदिका नाम चारा 109, 110 छ.ग. मू राजस्व संहिता के प्रावधान अनुसार कार्यवाही होकर स्वीकृत होने के पश्चात भूपरिवर्तित शाखा में दर्ज किया गया था। चूंकि भू परिवर्तित शाखा के अभिलेखों के आधार पर हल्का पटवारी द्वारा रिकार्ड दुरूस्त नहीं की गई है और ना ही आवेदिका का नाम त्रुटिवश राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जा सका। अतः पांचसाला एवं बी । किस्तबंदी खतौनी में खसरा नंबर 70/1 का माग रकबा 1020 वर्गफुट भूमि पर आवेदिका का नाम दर्ज कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु मूल प्रकरण मय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामपुर से पाया हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19/01/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दाता/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

रा0प्र0क्रमांक /20240111560069/31-6/2023-2024 रायपुर. दिनांक 23/01/2

तहसील व जिला रायपुर, ग्राम- डंगनिया प.ह.नं.- 58

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकण (1) श्रीमती पुष्पलता हीरालाल वंजारी पति स्व. हीरालाल वंजारी (2) श्रीमती अमिता सिंह पति लव कुमार (3) अभिजीत बजारी पिता स्व. हीरालाल पंजारी सभी निवासी बी 1/45 लोकमान्य सोसायटी रोहणीपुरी नगर सयपुर द्वारा इरा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के निगिना हीरालाल बंजारी पिवा स्व. रामचंद्र वंजारी ने ग्राम डंगनिया प.ह.नं 58 रा.त्रिम रायपुर तहसीन जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका भू खण्ड क्रमांक बी 1/45 खसरा नंबर 136/1 का नाम स्कचा 25 लोकमान्य सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्या. द्वारा अध्यक्ष भारकर काली पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20/01/1986 के माध्यम से क्रय किया नामांतरण नही कराया गया। उक्त भूमि के क्रेता अर्थात आवेदकरण पुष्ट भूमि को किक्रेता जागो कातोरे से किन्तु उक्त भूमि का कि हीरालाल बजारी की मृत्यु दिनांक 10/09/2014 को हो चुका है जिनको विधिक वारिसान आइसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का उल्लेख किया जाकर मृतक क्रेता के नाम के स्थान पर निवास्थिान की हैसियत से आवेदकराण का नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 15/02/2024 को होगी।

अतएवं जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 15/02/2012 को इस न्यायालय में पेश करे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जानेगा।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 02, जिला-रायपुर में मामला क्रमांक

मामले की श्रेणी : राजस्व

202401114500028

विषयः- अ-6 सनः- 2023-2024

गुढियारी(प ह.न. 00049)

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार शशिकांत शेठिया, विनोद कुमार शेठिया,

अनावेदक पक्षकार -शासन

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01 शशिकांत शेठिया पिता स्व. श्री हरखचंद शेठिया, 02. विनोद कुमार शेठिया पिला स्व. श्री हरखचंद शेठिया, दोनों निवासी सत्यनारायण धर्मशाला के पास लोधीपारा स्टेशन रोड, रायपुर तह व जिला रायपुर छ0म0 द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है, कि आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संयुक्त भूमि ग्राम गुढियारी प0ह0नं0 107/49, रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 21 भूखण्ड 4/1, खसरा नंबर 1227, 1241 का कुल रकबा 5112 वर्गफुट भूमि है। उक्त वर्णित भूमि के संबंध में आवेदकगणों के मध्य पंजीकृत बंटवारानामा दिनांक 29.12.2023 को विधिवत पंजीबद्ध किया गया है। उक्त पंजीकृत बंटवारानामा के अनुसार आवेदक क्रमांक 01 को शीट नंबर 21 भूखण्ड 41, खसरा नंबर 1227, 1242 का भाग रकबा 2888 वर्गफुट का भाग एवं आवेदक क्रमांक 02 को शीट नंबर 21 भूखण्ड 4/1, खसरा नंबर 1227, 1242 रकबा 2224 वर्गफुट भूमि प्राप्त हुई है। आवेदकगण पंजीकृत बंटवारानामा के आधार पर पृथक-पृथक से अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवदेन किया गया है। उक्त प्रकरण की मुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 14/02/2024 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 14/02/2024 को इस न्यायालय में पेश करे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 8 रायपुर, जिला-रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324440725600118

// ईश्तहार //

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति- पता-रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 379/5(0.0222) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहिनी दुबे पिता/पति-जगदीश प्रसाद दुबे पता-51/ 1305 भैरव सोसायटी पचपेड़ी नाका रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय अतिक्ति तहसीलदार रायपुर 03, जिला-रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः-जिला रायपुर, प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक

// ईश्तहार //

तहसीलदार रायपुर के प.ह.नं 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता कमल विहार बोरियाखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 191/1(0.0102) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रानी दुबे पिता/पति प्रकाश दुबे पता न्यू राजेंद्र नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्यतयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00063 शंकरनगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440724400063

// ईश्तहार //

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकरनगर के वर्तमान भूमिस्वामी रमाणी समपत प0 एन0 वही समपत मालीनी शरीराम पिता/पति-राम दवारीकी वां मधुसुदन व0 एन0 वीह समपत क्शणन पता-म0 न0 87 से0 2 गीताजंली नगर रायपूर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 686/10 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रमामणी सम्पत पिता/पति-स्व. एन.व्ही. सम्पत पता, मालिनी श्रीराम पिता/पति-राम द्वारिकी पता, खुशबु कृष्णन पिता/पति-स्व. मधुसुदन कृष्णन पता, ना.बा. अयांश कृष्णन पिता/पति-स्व. मधुसुदन कृष्णन पता-गीतांजली नगर रायपुर छ0म0 के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00059 चंगोराभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324440722300039

// ईश्तहार //

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00059 के अंतर्गत ग्राम चंगोराभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी फूला देवी पिता/पति-अशोक कुशवाहा पता-ग्राम नथा पट्टी पोस्ट नकटहा मिश्र जिला कुशी नगर (उ प्र) हाल मु न्यू चंगोराभाठा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 143/35(0.0045) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सिमरन कुशवाहा पिता/पति-अशोक कुशवाहा पता-न्यू चंगोराभाठा रायपुर अजीत कुशवाहा पिता/पति अशोक कुशवाहा पता-न्यू चंगोराभाठा रायपुर अशोक कुशवाहा पिता/पति-नथुनी कुशवाहा पता-न्यू चंगोराभाठा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 19/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जानेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

रा0प्र0क्रमांक/202401115800070/6/2023-2024, रायपुरः दिनाक 23/01/2024

ग्राम डंगनिया प.ह.नं.-58, तहसील व जिला रायपुर

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया आवेदक कुमार गभने पिता आशाराम गभने निवासी डी डी नगर तहसील प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम डंगनिया, पहने 58 रायपुर स्थित भूमि जिसका भूखण्ड क्रमांक बी 2/4 खसरा वर्गफुट भूमि को विक्रेता लोकमान्य सहकारी गृहनिर्माण संस्था बापुर द्वारा आवेदन पत्र निमपुर तहसील व जिला का भाग रकया 2400 द्वारा अध्यक्ष कमलाकर माध्यम से कम कर पिता बालाजी कुसरे से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/11/19 स्वामित्य एवं आधिपत्य प्राप्त किया किया है। अतः उक्तव्य भूगिनीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वानी हक में दर्ज किये जाने प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 15/02/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक आपत्ति दिनांक 15/02/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षरालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

न्यूज गैलरी

सांसद की अनुशंसा पर 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख की मंजूरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सांसद निधि से 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख 92 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पोंड़ में गायत्री मंदिर चौक वार्ड नं. 10 में व पंचायत कोसमबुड़ा में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के लिए 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदाखुर्द के वार्ड नंबर 03 में सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 96 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बहेरापाल में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम बकली में कारीगरों के लिए शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत फुलकर्रा में वार्ड नं. 7 आंगनबाड़ी से डोंगरीपारा तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 98 हजार रूपये, ग्राम बारूला के वार्ड नं. 8 बाजार चौक से दिनेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 98 हजार रूपये और नगर पंचायत राजिम के वार्ड नं. 6 वीप्र भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

प्राकृतिक आपदा के 7 प्रकरण में 28 लाख की मदद

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 7 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम नाऊमुड़ा निवासी 14 वर्षीय देवनारायण नेताम की 24 अगस्त 2023 कोक सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी माता शिवरात्रि को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह मैनपुर तहसील के ही ग्राम जिडार निवासी 50 वर्षीय रामनाथ मरकाम की 26 अगस्त 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नि दयाबाई को 4 लाख रूपये, ग्राम तुहामेटा निवासी 55 वर्षीय कमशीला बाई की 13 जुलाई 2023 को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उसके पति सोनूराम को 4 लाख रूपये तथा राजिम तहसील के ग्राम रावड़ निवासी 20 वर्षीय उमाबाई पटेल की 24 नवम्बर 2021 को आग में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति श्री झम्मन पटेल को 4 लाख रूपये, ग्राम देवरी निवासी 73 वर्षीय लक्षवंतीन बाई की 17 नवम्बर 2022 को आगम में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पुत्र जगमोहन साहू को 4 लाख रूपये, ग्राम बासीन की 29 वर्षीय सोनिया टोंडरे की 27 सितम्बर 2022 को आग में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति अमरदास टोंडरे को 4 लाख रूपये तथा ग्राम कुम्ही निवासी 35 वर्षीय सुभाष की 30 जनवरी 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी तुलसीबाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

सेवानिवृत्ति पर 7 को मिला पेंशन प्राधिकार पत्र

नगरी/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 7 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों से कहा कि आप लोगों का शासकीय सेवक के रूप में दिया गया योगदान अमूल्य है। आपने जीवन का अधिकांश हिस्सा सरकारी काम को दिया है। प्रशासन का फर्ज है, कि आपको सेवा के अंतिम दिन आपके सभी स्वत्वों का भुगतान और पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता समय पर प्रदाय किया जा रहा है, ताकि आमजनों को शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रहे। कलेक्टर सुश्री गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे का अमूल्य समय परिवार, समुदाय-समाज को देने और स्वस्थ रहने की कामना की। कलेक्टर सुश्री गांधी ने आज सेवानिवृत्त हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा के व्याख्याता दिनेश चन्द्र खत्री, विकासखण्ड नगरी के प्रधानपाठक गोपी चंद यादव, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला शिव कुमार कंडरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी के उच्च श्रेणी शिक्षक कल्पना चन्द्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मगरलोड के उच्च श्रेणी शिक्षक भगतूराम साहू, विद्युत यांत्रिकी भारी संयंत्र संभाग महानदी जलाशय परियोजना रूद्री के चौकीदार लक्ष्मण और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद के प्रधान पाठक प्रथामिक स्कूल दीपक कुमार कामड़े को आज पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया।

मेघा को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा सम्मान से नवाजा गया

भाटापारा/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला टिकुलिया में सहायक शिक्षक के रूप मे पदस्थ शिक्षिका मेघा वर्मा सोलंकी को ,शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा सम्मान से रायपुर में सम्मानित किया गया।

अपने को मिले सम्मान के लिए मेघा वर्मा ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, अपने समन्वयक, प्रधान पाठक राजपूत व समस्त सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार जताया है। सम्मान से वशीभूत मेघा वर्मा सोलंकी का मानना है कि वो कोई भी अलग काम नहीं करती। बस हर काम को अलग तरीके से करती है। वो बच्चों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी बनाये रखने और बच्चों की उपस्थिति को बनाये रखने के लिए अलग अलग तरीके जैसे बिल्लस ,अंताक्षरी , रंगों के खेल आदि के जरिये बच्चों को ज्ञान देती है। वहीं कहानी कविताएं गीत आदि से बच्चों को प्रोत्साहित करती है।

मेघा वर्मा सोलंकी का स्पष्ट कहना है कि गांव के बच्चे को अच्छा अवसर दिया जाए तो वे भी अपना एक अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि अलग अलग तरीके से पढ़ाना जैसे टी एल एम, गतिविधियों द्वारा गीत कविता द्वारा चित्र द्वारा खेल के द्वारा वो पहली एवं दूसरी के बच्चों को पढ़ाती है।। उनका कहना है के ये बस सफर की शुरुवात है।। उनको सच्ची उपलब्धि तभी मिलेगी जब उनके पढ़ाये बच्चे भविष्य में सफल होंगे उनका यह कार्य तब तक निरंतर जारी रहेगा। वे प्राथमिक शाला टिकुलिया में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। इस सम्मान के लिए रामजी पाल ब्लाक शिक्षा अधिकारी ,लेखराम साहु बीआरसीसी, समन्वयक, प्रधान पाठक सहित समस्त सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया है जिनके सहयोग से उनको ये सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व भी मेघा वर्मा को भाटापारा ब्लॉक् से 4 शिक्षकों के साथ शिक्षा दूत का भी सम्मान मिल चुका है।

थाना प्रभारी ने ली डीजे और धुमाल संचालकों की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर थाना परिसर में थाना प्रभारी ने डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक ली और उन्हें स्पष्ट रूप से बिना अनुमति डीजे व धुमाल ना बजाने की चेतावनी दी और निर्देशों का उल्लंघन होने पर सीधे कार्यवाही की बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देश पर शहर थाना परिसर में थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक ली। जिसमें प्रभारी ने उपस्थित डीजे व धुमाल संचालकों को कोलाहल अधिनियम व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत कार्य करने की हिदायत दी। वहीं उन्होंने संचालकों को विधिवत एस डी एम की अनुमति के बाद ही डीजे बजाने तथा रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे नही बजाने की सख्त चेतावनी दी ।थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में 10 वीं व 12 वी बोर्ड की परीक्षा होनी है। जिसके मद्देनजर बच्चों की पढ़ाई कोलाहल की वजह से प्रभावित नहीं होनी चाहिए साथ ही कोई भी संचालक बिना अनुमति डीजे या धुमाल बजाते पकड़ा जाता है तो उसके ऊपर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं उसके बाद भी यह कृत्य दोहराया गया तो जुर्माने के अलावा वाहन राजसात की कार्यवाही की जाएगी । बैठक में काफी संख्या में डी जे और धुमाल संचालक गण उपस्थित थे।

श्रृंगी ऋषि स्कूल में खेल स्पर्धा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। विद्यालय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, कुर्सी दौड़, स्लो साइकिल रेस, स्कीपिंग , कबड्डी, खो- खो क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन किया गया था । जिसका प्रमाण पत्र , मेडल एवं पुरस्कार से सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। 26 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । जिसमें विद्यालय के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत, देश भक्ति नृत्य,छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति नृत्य, का आयोजन किया गया था। जिसके सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य एस के प्रजापति ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभाएं निखरती है और सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। वास्तव में यह आयोजन एक प्रशंसनीय कार्यक्रम था । जिसमें सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधान पाठक एस पी चक्रधारी , प्रधान पाठिका सुश्री निधि राठौर , प्रधान पाठिका माध्यमिक विभाग चैन चौधरी एवं शिक्षकों में एल साहू , चैतन कुमार डडसेना , मानसिंह साहू, देवकुमार प्रभात यादव , चित्रलेखा मोहबे भारती शर्मा , श्रीमती तिलोत्मा बाग , चांदनी साहू , सोनाली सोनी, मीनाक्षी ठाकुर राजनंदनी साहू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे । खेलस्पर्धा पी टी सर खेमराज साहू एवं सैमुएल मशईह के मार्गदर्शन में आयोजित था। उक्त कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के शिक्षक सी के डडसेना के द्वारा दी गई है।

हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन अब 2 अप्रैल तक चलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की मांग को ध्यान रखते हुये रेलवे के द्वारा सिकंदराबाद-रक्सौल के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल तक किया गया है। वहीं प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद रक्सौल स्पेशल के परिचालन में विस्तार 30 मार्च किया गया । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल तक किया गया।

बापू की पुण्यतिथि पर नशामुति जागरुकता रैली

बलौदाबाजार -भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा) में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यकम आयोजन किया गया।

जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यकम का आयोजन किया गया, 62 भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम भरसेला (बड़ा) में भारत माता वाहिनी समूह योजना के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्प्लेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,पंचगण,समाज शिक्षा संगठक एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार के कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति थे।

धान खरीदी 4 फरवरी तक, शनिवार और रविवार को भी होगी खरीदी

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। गौरतलब है कि राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान खरीदी के लिए मात्र एक दिन और शेष है। मुख्यमंत्री साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है।

जमीनों की हेराफेरी मामले में पटवारी निलंबित

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। षडयंत्र पूर्वक जमीनों की हेराफेरी करने के आरोप में बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंद राम साहू को कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित किया है।

आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण पदुमनलाल साहू पिता चैतूराम साहू निवासी ग्राम दशरमा एवं 01 अन्य द्वारा तत्कालीन पटवारी नंदराम साहू, प.ह.नं. 18, दशरमा के साथ षड्यंत्र पूर्वक ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं.47/1, 47/4 रकबा 0.021 हेक्टेयर, जो लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास रोड हेतु अधिग्रहित किया गया था। उसका बिक्री नकल जारी कर आवेदक को विक्रय कर दिया गया है। उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार से कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार द्वारा जांच दल का गठन किया गया।

जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्य प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूध्द है। अतः छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 के प्रावधानानुसार तत्कालीन पटवारी हल्का नं.-18, दशरमा नंदराम साहू, वर्तमान पटवारी ह.नं.-04, रसेड़ा तहसील बलौदाबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसके साथ ही छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14(2) 5 (क) के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार को विभागीय जांच अधिकारी एवं छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14 (5) (ग) के अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समर्थन मूल्य से अधिक दर पर बिका महामाया धान

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी भाटापारा के मंडी प्रांगण में विपणन कार्य हेतु आये कृषि उपज धान महामाया समर्थन मूल्य से अधिक दर 2612 रुपए में विक्रय हुआ है।मंडी प्रांगण में महामाया धान की आवक 17714 बोरा सहित सरना,राजा मोटा, श्रीराम, विष्णु भोग के अलावा उन्हारी चना गेहू कुटकी सोयाबीन सहित कुल आवक मंडी प्रांगण में 21866 बोरा का आवक है जिसमें भाव इस तरह से है महामाया धान 2340 से 2612, सरना 2050से 2115,राजा मोटा धान 1950 से 2160 , विष्णु भोग धान 3150 से 3250, श्रीराम धान 2981 से 3026, उन्हारी में गेहू 2400 से 2600, चना 5310 से 5481, कुटकी 1310, सोयाबीन 2490 का भाव में बिका है।

कुष्ठ जागरूकता रथ 13 तक गांवों में करेगा भ्रमण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 'कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना' के संदेश के साथ लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसकी शुरुआत महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर 30 जनवरी को कुष्ठ जागरूकता प्रचार रथ को रवाना करके हुई। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत गाँव-गाँव घर-घर दस्तक देकर स्वास्थ्य कर्मी एवं मितानिन के द्वारा कुष्ठ रोग की जांच की जाएगी। जिससे शीघ्र कुष्ठ रोगी की पहचान कर उनका उपचार प्रारंभ किया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि देश को कुष्ठ मुक्त करने के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत सामूहिक रूप से कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उन्हे मुख्यधारा में लाने का प्रयास करेंगे। अभियान अन्तर्गत पंचायती राज संस्थाओ, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आदि के समन्वय से राष्ट्र व्यापी ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर जागरूकता संदेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुष्ठ माइको बैक्टीरियम लेप्री से होने वाला रोग है। यह अनुवांशिक रोग नहीं है। यह पहले से पापों एवं बुराइयों के कारण नहीं होता है। कुष्ठ के मुख्य लक्षण त्वचा के रंग में बदलाव तथा संवेदना में कमी आना है। यदि किसी को शरीर में इन लक्षणों के संकेत मिलते है, तो वह मितानिन, नर्स एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर इसके लिये समुचित दिशा निर्देश प्राप्त कर सकते है। सभी सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ का उपचार मुफ्त किया जाता है। कुष्ठ का पूरी तरह ईलाज संभव है। शीघ्र परामर्श तथा सही समय में ईलाज से कुष्ठ बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, और विकलांगता से बचाया जा सकता है।

जीएनए कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। अंचल के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित महाविद्यालय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा की सांस्कृतिक समिति के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना करके किया गया। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ.शशिकिरण कुजूर ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया और साथ ही वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें सालभर की गतिविधियों खेल, एन.एस.एस., रेडक्रॉस, आधारभूत संरचना, वि.वि. की प्रावीण्य सूची में दो छात्राओं का स्थान प्राप्त करने आदि की जानकारी दी। इसके पश्चात 94.3 माय एफ एम द्वारा माय कैम्पस स्टार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 25 प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने गायन, एकल नृत्य और समूह नृत्य के जरिये अपने-अपने हुनर से विद्यार्थियों की तालिया बटोरी। इस कार्यक्रम का संचालन आर.जे. अनिमेश ने किया जो छ.ग. एवं म.प्र. के नंबर वन आर.जे. है साथ ही यूनीसेफ द्वारा पुरस्कृत भी है। बीच-बीच में उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे किस्सों से प्रेरित किया और गुदगुदाया भी। इस ऑडिशन में निर्णायक के रूप में छ.ग. फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत उपस्थित थे। इसके बाद कालेज के प्रतिभावान छात्रों को मोमेन्टो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसका संचालन राजन तिवारी, डॉ. सुशीला साहू एवं दीपक यादव ने किया। आभार व्यक्त डॉ. विकास गुलहरे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.उमाकांत मिश्र, डॉ. अनिता सरीन, डॉ.आनंद मिंज, जितेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, डॉ. प्रीति सोनी, मनीष कुमार सरवैया, श्रीमती रेखा कश्यप, रोहन अग्रवाल, श्रीमती ऋतम्भरा चौहान, डॉ.सुमित पंत, डॉ.दीपिका त्रिपाठी, सुश्री इंद्राणी मरकाम इत्यादि एवं रा.से.यो. के स्वयं सेवक लीलेश्वर साहू, शकुन, कोमल , करण, प्रशांत, किशन, उषा ध्रुव, अर्जुन, अम्बा ध्रुव, सीमा, झरना आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बामपारा में इस साल भी अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 31 जनवरी तक किया गया है। कार्यक्रम के आचार्य पंडित गुणेश्वर प्रसाद शर्मा धरमपुरा को तथा मुख्य यजमान गंगोत्री विमल साहू को बनाया गया है। जल यात्रा धूम धाम के साथ निकाली गई। 31 जनवरी को मानस गान प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 9001 रूपए, तृतीय पुरूस्कार 7001 रुपए, चतुर्थ 6001 रूपए, पंचम पुरस्कार 4001 रूपए, षष्ठम पुरस्कार 3501 रूपए, सातवां पुरस्कार 3001 रूपए। इसी तरह 12 पुरस्कार चयनित मानस मंडलियों को प्रदान किया जाएगा। बेस्ट गायक गायिका एवं अच्छे से प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

बतौली जपं अध्यक्ष चुनाव के लिए पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम 1993 की धारा 25 एवं छ.ग. पंचायत (उपसरपंच,अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विलास भोस्कर द्वारा जनपद पंचायत बतौली के अध्यक्ष का निर्वाचन 07 फरवरी 2024 को सम्पन्न कराने के लिए सीतापुर के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को पीठासीन अधिकारी तथा जपं बतौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दलों का डेटा बेस तैयार करने दिशा निर्देश जारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने सर्व विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दलों के गठन हेतु डेटा बेस तैयार करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये है।जिसमें बताया गया है कि विगत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में कर्मचारियों के तैयार डेटाबेस को समस्त विभागों से जानकारी प्राप्त कर अद्यतन किया जाना है। समस्त विभागों से स्थानांतरित एवं नई नियुक्तियों की जानकारी एकत्रित कर नया डेटाबेस तैयार किया जाना है। इस हेतु पीपीएस वर्जन 3.7 में सुधार(अपडेशन) पूर्ण करना है। इस वर्जन में केवल नए नियुक्त एवं स्थानांतरण पश्चात जिले में आए कर्मचारियों की एन्ट्री की जानी है एवं जिले से स्थानांतरित कर्मचारियों की एन्ट्री हटायी जानी है, अन्य प्रविष्टियां पूर्वानुसार सुरक्षित रहेगी। जारी दिशा-निर्देशानुसार नया डेटाबेस 15 फरवरी 2024 तक पूर्ण कर लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पत्र में सर्वसम्बन्धितो को अपने अधिनस्थ समस्त कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रविष्टि कर अद्यतन करने एवं आवश्यक सुधार करना सुनिश्चित करने कहा गया है।आवश्यक कार्यवाही करते हुए पूर्णता प्रमाण पत्र 14 फरवरी तक कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा के पंचायत एवं निर्वाचन शाखा में प्रस्तुत किया जाना है।

प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 16 लाख रूपए की सहायता स्वीकृत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील मैनपाट के ग्राम नर्मदापुर के निवासी रूधनी माझी की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके निकटतम वारिस नेतराम माझी, तहसील मैनपाट के ग्राम कोट के निवासी रितेश कुमार की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस रमेश राम, तहसील मैनपाट के ग्राम कतकालो के निवासी अमृता डोरा की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस परमेश्वर डोरा, तहसील मैनपाट के ग्राम अमगांव के निवासी मानमति मझवार की ढेढी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस इंदु मझवार को 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

जिले के स्कूलों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षक चयनित

जांजगीर/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में जांजगीर-चांपा, सक्ती जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु पूर्ण विवरण सहित इच्छुक व योग्यताधारी प्रशिक्षकों से पूर्व में 11 सितम्बर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जांजगीर-चांपा जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्राप्त उक्त आवेदनों पर अपरिहार्य कारणों से विचार नहीं किया जा सका। अतः जांजगीर-चांपा जिले के 395 माध्यमिक एवं 161 सेकेण्डरी स्तर के कुल 556 शासकीय शालाओं में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जुडो कराटे, ताईक्वांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों से 05 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक प्रशिक्षक, खिलाड़ी, मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र-अ में स्वयं अथवा उचित माध्यम से कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला जांजगीर-चांपा में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण सहित रिकॉर्ड दुरुस्ती कार्यों की हुई समीक्षा

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए लगेंगे कैंप-कलेक्टर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने बुधवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के सम्यसीमा में निराकरण और लंबित प्रकरणों की स्थिति समीक्षा की। कलेक्टर ने अविवादित और विवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों के साथ ही भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, डायवर्सन, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों पर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम से राजस्व शिविरों की शुरुआत करने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में गांवों के क्लस्टर बनाकर शिविर लगाए जाएं जिससे लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरण खंड स्तर पर ही निराकृत हो सकें और लोगों को जिला मुख्यालय तक आने की परेशानी ना उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि शिविरों में संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम सचिव भी उपस्थित रहेंगे और तहसीलदार इन शिविरों के नोडल होंगे। इसके साथ ही कैंप कोर्ट के आयोजन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरवरी माह के लिए सभी एसडीएम शिविरों की कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। जिससे जल्द ही शिविरों की शुरुआत हो सके। उन्होंने शिविर के साथ ही रिकॉर्ड व नक्शा दुरुस्तीकरण पर भी सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि योजनावार तरीके से पटवारियों से नक्शा दुरुस्ती का काम कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समय पर लोगों को मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए और इन लंबित प्रकरणों में संबंधित हितग्राही को भी अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपना सूचना तंत्र मजबूत करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता के अभाव में लोगों द्वारा चिटफंड स्कैम आदि में फंसने की आशंका रहती है। इस पर भी ध्यान दें और अपने अधीनस्थ अमले को भी सतर्क रखें। इस तरह की जानकारी मिलने पर त्वरित वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। बैठक में अपर कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल, सुनील नायक और एएल ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

बिना बताए लौटने पर डीजे संचालक को पीटा

जांजगीर/नवप्रदेश। चूलमाटी में डीजे बजाने के लिए गए ऑपरेटर को पहले तो निर्धारित समय से अधिक देर तक डीजे बजाने के लिए बाध्य किया गया। दबाव में उसने डीजे बजाया भी, बाद में जब वह अपने घर लौट आया तो चुल माटी में शामिल लोग उसका पीछा करते हुए उसके गांव आ गए और बिना जानकारी दिए भाग जाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पांच लोगों को बलवा के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार कनस्दा निवासी राधेश्याम साहू का डीजे का व्यवसाय है। वह चुल माटी में डीजे बजाने के लिए केरा आपरेटर राहुल साहू के साथ गया था। शिकायत के अनुसार हाई कोर्ट के अनुसार रात 10 बजे तक डीजे बजाने की अनुमति पुलिस देती है। राधेश्याम साहू ने अपने ऑपरेटर को रात 9.55 बजे डीजे को बंद करने के लिए कहा, तो गांव वाले व संजय साहू वाद विवाद कर झूमा झटकी करना शुरू कर दिए।

सरगुजा के खिलाड़ी गाजियाबाद में दिखाएंगे प्रतिभा

अंबिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय के हॉकी मैदान में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ क्रॉस बो टीम का चयनकिया गया। इसमें जिले के 50 प्रतियोगियों ने भाग लिया।निर्णायक की भूमिका सरगुजा क्रॉस बो संघ के राहुलसोनकर और ओम सिंह ने निभाई। चयनित प्रतियोगियोंमें श्री साईं बाबा स्कूल से अंडर 14 बालक वर्ग सेप्रथम आर्यवीर सिंह, द्वितीय दिव्यांश गुप्ता, तृतीय नैतिक पैकरा रहे। अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम सत्यम सिंह,द्वितीय पुष्पराज सिंह और तृतीय हर्ष गुप्ता रहे। अंडर 19बालक वर्ग में प्रथम रोशन व द्वितीय अंश विर्को रहे।इस तरह बालिका वर्ग अंडर 14 में कस्तुरबा गांधीउदयपुर की छात्रा स्तूति सिंह, अंडर 17 में कोमल सिंहव अंडर 19 से चांदनी का चयन हुआ। चयनितखिलाड़ी 2 से 5 फरवरी के बीच गाजियाबाद केमहामाया स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रदर्शन केरेंगे।

शहीद दिवस पर अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि

जांजगीर/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा पांडेय सहित कलेक्टोरट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

युवक ने पीया जहर, अस्पताल में मौत

रायगढ़। छाल क्षेत्र के 18 वर्षीय युवक ने जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ी तो परिजन ने उसे खरसिया हॉस्पिटल में भर्ती किया। जहां से उसे रात दो बजे मेकाहारा में भती किया गया। जहां उसकी मौत इलाज के दौरान तीन बजे हो गई। जानकारी के अनुसार सूरजराठिया कुड़ेकेला का रहने वालाथा। वह तीन बहनों में अकेलाभाई था। रात आठ बजेअज्ञात कारणों से घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टी करने पर परिजन को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उसे इलाज के हॉस्पिटल लाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजन के अनुसार पढ़ाई छोड़कर घर में ही खेती-किसानी का काम करता था। उसने किन कारणों से जहर का सेवन किया है, इसकी जानकारी नहीं है। सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग दर्ज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

सौर सुजला योजना से कृषक सोलर पम्प का उठा सकते है लाभ

योजनान्तर्गत 3 एवं 5 एचपी क्षमता के सोलर पम्प स्थापना का है प्रावधान

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन किसानों के हित में सौर सुजला स्कीम चला रही है। इस योजना में किसानों को सोलर पंप देकर सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। सौर सुजला योजना का उद्देश्य कृषकों की सिंचाई आवश्यकता हेतु सौर सिंचाई पम्प स्थापित किया जाना है। कृषकों को रियायती दरों पर सिंचाई पम्प प्रदान कर कृषकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 01 नवम्बर 2016 को योजना प्रारंभ की गई है। सोलर पम्प के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिलेगी। योजनांतर्गत 03 एच.पी. एवं 05 एच.पी. क्षमता के सोलर पम्प की स्थापना किये जाने का प्रावधान है। सौर सुजला योजनांतर्गत सोलर पम्प की स्थापना हेतु हितग्राही द्वारा देय अंशदान राशि का वर्गवार विवरण अनुसार 3 एचपी/एसी/डीसी सरफेस/सबमर्सिबल अजा/अजजा हितग्राहियों के लिए 7 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 12 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 18 हजार तथा 5 एचपी/एसी/डीसी सरफेस/सबमर्सिबल अजा/अजजा के लिए 10 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के लिए 15 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 20 हजार अंशदान राशि शामिल है। उपरोक्त हितग्राही अंशदान के अतिरिक्त 01 रू. प्रति वॉट की दर से (03 एच.पी. 3000 वॉट हेतु 3000 रू. एवं 05 एच.पी. 4800 वॉट हेतु 4800 रू.) प्रोसेसिंग शुल्क की राशि दिया जाना होता है। सौर सुजला योजनांतर्गत सोलर पम्प की स्थापना हेतु कृषक कृषि विभाग या क्रेडा, के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं, साथ ही ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। आवेदन फार्म को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। खरीफ की फसल तो आसानी से हो जाती है लेकिन पानी की समस्या के कारण रबी की फसल लेने में दिक्कत होती है, ऐन वक्त में बिजली की समस्या भी आ जाती है पर अब सोलर पंप लगने से बिजली की समस्या खत्म हो जाएगी। अब किसान खरीफ और रबी दोनों फसल बड़ी आसानी से ले पायेंगे और इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

मुंगेली। व्यासपीठाचार्य श्रीस्वामी घनश्यामाचार्य महाराज कथा के चतुर्थ दिवस पर वामन अवतार के वृतांत का विस्तार पूर्वक वर्णन भक्तों को करवाया एवं कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। बीआरसाव स्कूल मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमदभागवत महापुराण सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर व्यासपीठाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि भाग्यशाली लोग वो होते है जो अपने भगवान के उत्सवों में सम्मिलित होते है। उनके अमंगलो का नाश होता है ह्रदय से भाव से प्रेम से श्रद्धा से जो लोग भगवान का उत्सव अपना समझते है। उन लोगो के जीवन में कभी अमंगल नहीं आ सकता कई लोगो को लगता है कि हमारे जीवन में ये दुःख क्यों आते है। तुम्हारा मंगल किसमें है ये तमसे अच्छा वो जनता है तुम नहीं जानते हो लाखो गुना ज्यादा अच्छा उसे मालूम है कि तुम्हारा भला तुम्हारा मंगल हम और तुम सांसारिक भावनाओं के तहत जिसे मंगल समझ रहे है वो हमारा अमंगल ही है मंगल नहीं है। कितना भी बड़ा परिवार आपको मिल जाये, कितना बड़ी धन दौलत आपको मिल जाये ये मंगल नहीं है। मंगल तो है सत्संग मिले, मंगल तो है बुद्धि कृष्ण में लगे, मंगल तो है कृष्ण के सिवा किसी की याद न आये ये सबसे बड़ा मंगल है। जो मनुष्य किसी अच्छे काम में लगा हुआ होता हैं आने वाले समय में उसका अंत कभी बूरा नहीं होता हैं। श्री स्वामी घनश्यामाचार्य ने श्रीमद्भागवत कथा चतुर्थ दिवस के प्रसंग का वृतांत सुनाते हुए बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु के दशावतारो में पांचवा अवतार और मानव रूप में अवतार था। जिसमें भगवान विष्णु ने एक वामन के रूप में इंद्र की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। देवमाता ने बिष्णु भगवान से वरदान माँगा कि वे उनके पुत्र के रूप में धरती पर जन्म लेकर बाली का विनाश करें। जल्द ही अदिति और ऋषि कश्यप के यहां एक सुंदर बौने पुत्र ने जन्म लिया। पांच वर्ष का होते ही वामन का जनेऊ समारोह आयोजित कर उसे गुरुकुल भेज दिया। इस दौरान महाबली ने 100 में से 99 अश्वमेध यज्ञ पुरे कर लिए थे। अंतिम अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने ही वाला था कि तभी दरबार में दिव्य बालक वामन पहुँच गया।

सहारा के पूर्व ब्रांच हेड की संपत्ति हो सकती है कुर्क

रायगढ़। जिले में सहारा निवेशकों सालों से अपनीनिवेशित राशि पाने के लिए सहारा केदफ्तर, सरकारी दफ्तर और पुलिस थानोंका चक्कर लगा रहे हैं। पूर्व में ब्रांचमैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। बाद में जमानत पर छोड़ भी दियागया। सरकार के चिटफंड कम्पनियों केकुर्की के आदेश के बाद निवेशकों ने पूर्वब्रांच हेड की संपत्ति का ब्योरा इकट्?ठाकर पुलिस को सौंपा। फाइल प्रशासन को भेजी गई है। बताया गया है जल्द ही संपत्ति की कुर्की जल्द ही की जा सकती है। इधर धोखाधड़ी की शिकायत करनेवाले एक निवेशक को ही 482 कानोटिस भेजकर गलत मामला दर्ज कराने पर जवाब मांगा गया है। जिले में लगभग 3800 निवेशकों के लगभग 40 करोड़ रुपए सालों से सहारा कम्पनी में फंसे हैं।

लंबित प्रकरणो का तेजी से निराकरण करने के निर्देश

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।

उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अपने क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर्स की मीटिंग लेकर निर्वाचन संबंधी तैयारिया सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने एफएलसी के लिए कर्मचारियों को चिन्हांकित करते हुवे ड्यूटी लगाने तथा सभी विभागीय अधिकारियों को पीपीईएस एंट्री निर्धारित समय सीमा में कराने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों की उपस्थिति में आज 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस और शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखा गया। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को फील्ड में चल रहे कार्यों का नियमित रूप से संबंधित स्थलों पर जाकर निरीक्षण करने तथा कार्यों में गुणवत्ता और तेजी लाने कहा। उन्होंने एनएच के अधिकारी से रेलवे ओवर ब्रिज के प्रगतिरत निर्माणकार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों से जिले के सभी आश्रम छात्रावास का नियमित निरीक्षण करते हुवे प्रत्येक माह के 10 तारीख से पूर्व प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने के दिशा में कार्य करने कहा है।

आयोजन 10 से 12 फरवरी को होगा जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव, एग्रीटेक कृषि मेला की तैयारियां शुरू

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के सफल आयोजन के लिए गठित समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्व अनुसार समीक्षा करते हुए महोत्सव का गरिमामय आयोजन कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सभी सदस्यों से कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सुझाव मांगे। उल्लेखनीय है कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 का आयोजन 10, 11 और 12 फरवरी को हाईस्कूल मैदान जांजगीर में किया जाएगा।

इस अवसर पर जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, देवेश सिंह, अमर सुलतानिया, परस शर्मा, विजय राठौर, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर. के. खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, संयुक्त कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उद्घाटन कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्किंग व्यवस्था, स्थानीय कलाकारों तथा कवि सम्मेलन के कार्यक्रम, मंच, टेन्ट, स्टॉल, साफ-सफाई, पेयजल, कानून व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, ट्रैफिक, स्वास्थ्य व्यवस्था, स्मारिका, ब्रोशर, आमंत्रण पत्र, अग्निशमन आदि अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जाज्वल्यदेव महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला में सभी विभागों को जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने, कृषक संगोष्ठी, विभिन्न गतिविधियां सहित कृषि से संबंधित अन्य आयोजन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

समस्याएं लेकर लोग जनदर्शन में पहुंचे

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में 27 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में सक्ती तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम डोडकी के समस्त ग्रामवासीयों ने मुर्गी फार्म को बंद कराने के संबंध में आज जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार आज जनदर्शन में जैजैपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम सलनी निवासी मेमबाई चंद्रा ने घर में हुए चोरी का जांच कर उचित कार्यवाही कराने के संबंध में पहुंचे, तहसील बाराद्वार निवासी भारत भूषण साहू ने राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार के संबंध में पहुंचे, विकासखण्ड मालखरौदा के निवासी विष्णु प्रसाद राठौर ने समयमान वेतनमान 10 वर्ष पूर्ण करने पर नहीं मिलने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, तहसील सक्ती के निवासी गुरबारी बरेठ ने भूमि का शासकीय पट्टा प्रदाय करने के लिए, सरपंच ग्राम पंचायत रगजा के निवासी ने नहर पार से निस्तारी तालाब में पानी पहूँच नाली निर्माण के लिए, तहसील हसौद के निवासी रामलाल रात्रे ने नामांतरण पंजी खसरा एवं बी.1 में ऑनलाईन सुधार कराने के संबंध में, ग्राम औरदा भागोडीह के समस्त ग्रामवासीयों ने औरदा के प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी के पास से डीजे हाऊस को हटवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियो को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

न्यूज गैलरी

केशकाल थाने में हुई कोटवारों की बैठक

केशकाल/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव संबंधित तैयारियों एवं गांव में होने वाली आपराधिक गतिविधियों आदि के संबंध में चर्चा करने के उद्देश्य से मंगलवार सुबह केशकाल थाना परिसर में थाना क्षेत्र के कोटवारों की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने कोटवारों से चर्चा करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांव मे शांति व्यवस्था बनाए रखने, गांव में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने, गांव में होने वाले छोटे-बड़े आपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने, गांव में होने वाली प्रतिबंधित गतिविधियां जैसे अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा आदि की जानकारी मिलने पर पुलिस को अवगत करवाने की समझाइश दी गई।

अखिल भारतीय आयरन कप स्पर्धा 4 से

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बचेली रीबेल्स फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय आयरन कप फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन 4 से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। गौरतलब है कि उपरोक्त

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु देश के विभिन्न राज्यों के ख्याति प्राप्त 25 टीमों से संपर्क किया गया था। इसमें 18 टीमों ने अपनी सहमति दी है। जम्मू कश्मीर पाटन हीरोज फुटबॉल क्लब, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया गुजरात, ॥रुबैंगलोर, गोवा, केरल, कोलकाता, दिल्ली, ओडिशा, हैदराबाद आदि टीमों के 350 खिलाड़ी एवं 36 कोच मैनेजर 10 -12 रेफरी एवं मैच कमिश्नर के आने की संभावना है। इस प्रतियोगिता के लिए अखिल भारतीय फुटबाल संघ एवं छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ से औपचारिक अनुमति लेकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है 13 फरवरी को एक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रदर्शनी मैच रखा गया है जो की माता रुक्मणी आश्रम डिमरापाल जगदलपुर विरुद्ध लामा अकैडमी नारायणपुर के मध्य खेला जाएगा। विजेता टीम को 10000 नगद एवं उपविजेता टीम को 7000 नगद दिया जाएगा। अखिल भारतीयआयरन कप फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को नगद 100000 प्रथम पुरस्कार दी जाएगी एवं उपविजेता टीम को 75000 एवं ट्रॉफी दी जाएगी प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों के लिए भी विशेष पुरस्कार जैसे बेस्ट फॉरवर्ड, बेस्ट मीट फोल्डर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट डिफेंडर और मैन ऑफ द मैच आदि पुरस्कार दिए जाएंगे। रिबेलस फुटबॉल क्लब के सचिव लोमेश कश्यप ने बताया कि इस स्पर्धा के आयोजन विशेष सहयोग एनएमडीसी बचेली, किरंदुल, आर्सेलर मित्तल, और बचेली किरंदुल के स्थानीय ठेकेदारों एवं बचेली के स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है और इस फुटबाल स्पर्धा को लेकर पूरे बैलाडीला खेल प्रेमियों में काफी उत्साह का माहौल है। यह मैच प्रतिदिन रात और दिन में खेला जाएगा । इसके लिए पूरे मैदान में दूधिया रोशनी की जबरदस्त व्यवस्था की गई है। पहला मैच शाम 4 बजे एवं दूसरा मैच शाम के 6.30 बजे शुरु होगी।

नाबालिग ने लगाई फांसी

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष आरक्षित पहाड़ी कोरवा जनजाति की एक नाबालिग लड़की ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी। मामला थाना लखनपुर क्षेत्र के कुन्नी चौकी के पंचायत लब्जी के आश्रित ग्राम सेलरा की है। जहां 25 जनवरी को कुमारी कलिस्टा कोरवा आत्मजा प्रेम कोरवा उम्र 14 साल साकिन ग्राम लालमाटी थाना कोतवाली अम्बिकापुर अपने मां के साथ बड़ी बहन के ससुराल ग्राम सेलरा में 25 जनवरी को छेरता त्योहार मनाने आई थी। घर में बिना बताये कही चली गई। घरवालों ने उसकी खोजबीन की। इसी दौरान मंगलवार 30 जनवरी को गांव के समीप एक झाला (कुटिया) में फांसी पर लटकती मिली। मृतका की मां ममता कोरवा ने चौकी कुन्नी में इसकी सूचना दी। चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए नाबालिग के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़की की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बहरहाल पुलिस मर्ग सदर कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

हंगामा करने वाला एक गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। मंगलवार 30 जनवरी को एसपी राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा

तथा पुलिस अनु अधि डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव के अपराध विवेचना में गये पुलिस अधिकारी के समक्ष जांच के दौरान ही आवेदक पर उग्र हुये अनावेदक , अनोवदक को पुलिस अधिकारी व अन्य ग्रामीणों के द्वारा दिया गया समझाइश, किन्तु अनावेदक के द्वारा और उग्र होकर मरने मारने पर हुए उतारू , परिशांति कायम हेतु अनावेदक नोहरसिंग पिता सालिकराम आमले, उम्र- 39 साल पता- करमरी बस स्टैण्ड के पास ,थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छग के गिरफ्तार के अलावा अन्य विकल्प नहीं होने से धारा- 151 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर तरमीन धारा 107,116(3) जाफौ की ईस्तगासा तैयार कर कोर्ट में पेश किया गया है। थाना डोंगरगांव द्वारा विधितव कार्यवाही की गई है ।

सरकारी शह पर अवध ईंट भट्टों का संचालन

■ विद्युत, राजस्व, वन, खनिज सहित पंचायत विभाग संदेह के घेरे में

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा के चलते शासकीय भूमि पर डोंगरगांव क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। इससे राजस्व की हानि हो रही है। इनके लिए बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई कर मुर्गी खाद का उपयोग किया जा रहा है. ईंट के लिए मिट्टी की खुदाई की जा रही है। ईंट भट्टों में किसानी के नाम

से बोर और बिजली का कनेक्शन मिला हुआ है। वर्षों से संचालित इन ईंट भट्टों की जानकारी ग्राम पंचायत के पास भी नहीं है. ना ही राजस्व विभाग के पास है। लाल ईंटों को शासन प्रशासन ने प्रतिबंधित किया है। ईंट भट्ठों में मुर्गी खाद के उपयोग से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। भट्ठा संचालकों ने बताया कि इसके एवज में ग्रामीणों को सालाना बड़ी राशि दी जाती है। पंचायत प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के खाते में अब तक कोई राशि जमा नहीं की गई है और न ही ग्राम पंचायत के अलावा राजस्व तथा खनिज विभाग से अनुमति नहीं ली गई है। ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहे राजस्व विभाग के कर्मचारी, वन विभाग, खनिज विभाग, ग्राम पंचायत सचिव, विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारियों पर भी सवाल उठने लगे हैं।

धान उठाव और जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी: कलेक्टर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यों की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से धान उठाव एवं जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ जिले में पीएम श्री योजना के तहत 6 चिन्हांकित स्कूलों में कार्य एवं विभिन्न विभागों के चल रहे निर्माण निकायों को शीघ्र ही पूर्ण करने के दिए निर्देश हैं।

बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर को और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश कलेक्टर चंदन कुमार ने दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण),पीएम उज्वला योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट),पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया,स्टैंडअप इंडिया पीएम आवास योजना (शहरी),स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना,उजाला योजना,पीएम सौभाग्य योजना सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,अपर कलेक्टर बीसी एक्का,डीएफओ मयंक अग्रवाल,सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख,सभी सीएमओ एवं उपस्थित थे।

नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने भाजपा पर लगाया उपेक्षा का आरोप

कोंडागांव/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कोंडागाँव के नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने भाजपा पर पक्षपात का आरोप लगाया है। सत्ता पर काबिज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति वर्षा यादव व कांग्रेसी पार्षदों प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा की सत्ता में आने के बाद नगर पालिका क्षेत्र के निर्माण कार्यो के भूमि पूजन व लोकार्पण के शिलान्यास पर जानकारी देते है न ही शिलान्यास पत्थरों नाम तक लिखा जा रहा है। जबकि कांग्रेस के सरकार में उपाध्यक्ष के नाम शिलान्यास पत्थरों में अंकित किया जाता रहा है ।जबकि नगर पालिका अध्यक्ष नगर का प्रथम नागरिक होता है। सत्ता नहीं होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष व वार्डो पार्षदों का सम्मान होना चाहिए पर भाजपा के सत्ता में आने पर अध्यक्ष व वार्डो पार्षदों की उपेक्षा की जा रही है। इस दौरान पार्षद तरूण गोलछा, पार्षद शान्ति पाण्डे,श्रीमती ललिता कोर्राम,, योगेन्द्र पोयम, नीलाम्बर जाली,सहित सभी काँग्रेसी पार्षद मौजूद थे।

लोगों को राशन कार्डों के नवीनीकरण से घबराने की जरूरत नहीं

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के साथ के सभी जिलों के ऐसे नागरिक पलायन या अन्य किसी कारणवश राज्य से बाहर हैं, उनको राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे नागरिक अफवाह से सतर्क रहें और अवसरवादियों, बिचौलियों से सावधान रहें। राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए हितग्राही द्वारा आवेदन 15 फरवरी तक लिया जाएगा। इसमें कम से कम एक सदस्य का ईकेवायसी पूर्ण हो, अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निशक्त हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डों का वितरण 1 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डो के समयबद्ध नवीनीकरण के लिए आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जाएगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर इसके जरिये आवेदन की प्रस्तुति की जा सकेगी।

पं. धीरेंद्र शास्त्री से डिप्टी सीएम शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और साजा विधायक ईश्वर साहू ने लिया आशीर्वाद

■ कवर्धा में आयोजित हनुमान कथा का लाखों श्रद्धालुओं ने किया श्रवण

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री द्वारा श्री हनुमान कथा का वाचन किया जा रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और साजा विधायक ईश्वर साहू मंगलवार को पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लेने कथा स्थल पहुंचे। उपमुख्यमंत्री सहित सभी ने देश एवं प्रदेश की जनता के लिए भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर आयोजक मुकेश अग्रवाल, दिलीप

अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि गण तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे। बागेश्वर धाम के दिव्य दरबार में शामिल होने तथा कथा श्रवण के लिए लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

साकरदाहरा में मनी शाकंभरी जयंती

डोंगरगांव/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी द्वारा पवन भूमि साकरदाहरा धारा के शाकंभरी मंदिर में शाकंभरी जयंती महोत्सव मनाई गई। इसमें विभिन्न गांव से महिला-पुरूष एवं युवाओं ने पंडाल को सब्जियों से सजाया था।

समाज के राज अध्यक्ष-देवकुमार पटेल-लीलिमा पटेल एवं मन्दिर के पुजारी कंश पटेल-बिसनतीन पटेल ने पुरोहित के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरन पटेल -अध्यक्ष साकरदाहरा समिति एवं विशेष अतिथि राजेन्द्र माली सचिव - साकरदाहरा समिति ने शाकम्भरी माता की महिमा के बारे में बताया। समाज में एकता की

महत्ता को जरूरी बताया। इस अवसर पर मेहत्तर पटेल, महासिंग पटेल ,पंचराम पटेल ,भुनेश्वर पटेल ,हीरालाल पटेल,चैतराम पटेल ,देशन पटेल,राम पटेल ,चरण पटेल ,परस पटेल,हिरसिंग पटेल,केवल पटेल ,रवि पटेल,हेमू पटेल, यादव पटेल,रोहित पटेल ,अगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

कलेक्टर चौहान ने दिलाया कुष्ठ जागरूकता की शपथ

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कुष्ठ जागरूकता अभियान के संबंध में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को शपथ दिलाया। कलेक्टर ने शपथ दिलाया कि- हम सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के मौके पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। हम कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने के लिए यथा प्रयास करेंगे और हम जिले में उपलब्ध सभी संभावित संसाधनों का उपयोग करेंगे। साथ ही हम कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे और दूसरों को भी करने की अनुमति नहीं देंगे।

कलेक्ट्रेट में शहीदों को श्रद्धांजलि

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सँयुक्त जिला कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों में शहीद दिवस मनाया गया। सुबह 11 बजे ही सँयुक्त जिला कार्यालय परिसर में समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इसके पहले कलेक्टर चंदन कुमार,अपर कलेक्टर बीसी एक्का एवं संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे ने परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,डीएफओ मयंक अग्रवाल समेत समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी सँख्या में उपस्थित थे।

धान भंडारण संबंधी कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने समय सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की एवं निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम धान भंडारण कार्यों के संबंध में जानकारी लिए एवं धान भंडारण एवं लोडिंग का कार्य प्राथमिकता में लेकर समय पर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि राशन कार्ड में आधार लिंक की

प्रकिया समय सीमा में शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत गतिविधियों को अच्छे से करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने निर्वाचन कार्य अंतर्गत एफएलसी कार्यों से संबंध्द सभी विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों के संबंध में सूचित कर सभी कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करने को कहा, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने किसान किताब और आधार प्रविष्टि के मामले, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरा, आधार प्रविष्टि, अविवादित और विवादित खाता विभाजन एवं अविवादित और विवादित नामांतरण अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए आगामी दिनों में इन सभी मामलों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा बंटाकन और अभिलेख शुध्दता रिपोर्ट के कार्यों की समीक्षा की एवं पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की सहायता से कार्य की गति बढ़ाने को कहा?।

बीईओ और डीईओ कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त करें : कलेक्टर

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ स्थित बीईओ और डीईओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने वहां के कार्यालय के साफ सफाई, रखरखाव, कामकाज का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने दोनो कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी शाखा के लिपिक और ऑपरेटर से उनका परिचय और क्या क्या कार्य करते की जानकारी लिए। श्री चौहान ने अधिकारियो को निर्वाचन या उसके पूर्व दोनो कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त कर वापस

उनके विद्यालय में भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एबीईओ मुकेश कुर्रे उपस्थित थे।

महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में जीता स्वर्ण पदक

चेन्नई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के अंतिम दिन महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय अंक में सुधार किया, जबकि तमिलनाडु के भारोत्तोलक आर.पी. कीर्तन ने समग्र राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की।

पलक जोशी, जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इस प्रतियोगिता में उन्होंने घड़ी को 2ः18.59 सेकेंड पर रोक दिया था, जो कि पिछले साल जुलाई में हैदराबाद में राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में निर्धारित उनके वरिष्ठ राष्ट्रीय चिह्न 2ः18.90 सेकेंड से कम था। भारतीय तैराकी महासंघ इसे 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन' के रूप में मान्यता देगा, क्योंकि एसएफआई केवल राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड मानता है। तेलंगाना की श्री नित्या सागी ने 2ः25.83 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक की नायशा ने 2ः25.83 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

इससे पहले, तमिलनाडु के भारोत्तोलक आर.पी. कीर्तन ने लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल में राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। कीर्तन ने कुल 188 किलोग्राम वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 103 किलोग्राम वजन उठाया और अपने राज्य के साथी ओविया के (184 किलोग्राम) से आगे रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की संतुष्टि चौधरी ने कुल 162 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्नैच (81 किग्रा), क्लीन एंड जर्क (104 किग्रा) और ओवरऑल (185 किग्रा) में पिछला रिकॉर्ड आंध्र प्रदेश की चौधरी श्रीलक्ष्मी के पास था। .

इस बीच, महाराष्ट्र ने अपने स्वर्ण पदकों की संख्या में नौ और स्वर्ण पदक जोड़कर स्वर्ण पदकों का अर्धशतक पूरा कर लिया। विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अदिति गोपीचंद स्वामी ने नेहरू पार्क में तीरंदाजी स्थल पर महाराष्ट्र की अगुवाई करते हुए कंपाउंड लड़कियों और मिश्रित टीम के स्वर्ण पदक जीते, जबकि पृथ्वीराज घाडगे और शरवानी शेंडे ने रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल जीता। शेंडे ने लड़कियों की रिकर्व श्रेणी में भी रजत पदक जीता, जबकि तेजल साल्वे ने कंपाउंड लड़कियों में रजत पदक जीता और मिहिर अपार ने लड़कों की कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

मदुरै में, महाराष्ट्र की खो-खो टीम ने अपने पसंदीदा टैग के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दोनों स्वर्ण पदक जीते। लड़कों ने दिल्ली को 40-10 से हराया, जबकि लड़कियों ने ओडिशा को 33-24 से हराया। तारिणी सूरी और श्रावणी वालेकर ने टीएनपीईएसयू बैडमिंटन हॉल में लड़कियों के युगल फाइनल में ओडिशा की प्रगति परिदा और विशाखा टोप्पो को 21-13, 20-22, 21-16 से हराकर महाराष्ट्र को 50 स्वर्ण पदक दिलाए। निशानेबाजी में, तेलंगाना के युवेक बटुला और वेंकट लक्ष्मू ने मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता, मध्य प्रदेश की वंशिका तिवारी और उदयमान राठौड़ ने रजत और पंजाब के जोरावर बेदी और रिशम गुरोन ने कांस्य पदक जीता।

स्कूल बस ड्राइवर की बेटी ने कुश्ती में जीता मेडल

चेन्नई। एक बाप-बेटी की कहानी काफी दिलचस्प है। जब आठ वर्षीय तन्नु सुबह 4.30 बजे अपने पिता जगदीश गुलिया के साथ 2016 रियो ओलंपिक में भारतीय महिलाओं की कुश्ती देख रहीं थी। उस समय साक्षी मलिक ने अंतिम क्षणों में मुकाबला पलटते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह वही क्षण था जब जगदीश और तन्नू दोनों ने जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को गले लगा लिया, और यही से तन्नू का एक खिलाड़ी के रूप में सफर शुरू हुआ।

हरियाणा में एक स्कूल बस ड्राइवर जगदीश ने फैसला किया कि उनकी बेटी तन्नु एक पहलवान बनेगी।दूसरी ओर, तन्नु एक एथलीट के रूप में मिलने वाली यात्रा के अवसरों के बारे में सोचकर और भी अधिक उत्साहित थी। दिलचस्प बात यह है कि राजारथिनम स्टेडियम में 65 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर वह उस सपने के एक

कदम और करीब पहुंच गई।तन्नु ने कहा, मेरे पिता स्वर्ण पदक से खुश होते, लेकिन यह ठीक है। पिछले संस्करण के विपरीत जहां मैं दूसरे दौर में बाहर हो गई थी और खाली हाथ लौटी थी, इस बार मेरे पास अपने पिता को दिखाने के लिए कुछ तो है।

आमतौर पर, उनके पिता ज्यादातर प्रतियोगिताओं में उसके साथ यात्रा करते हैं, लेकिन इस बार उनके स्कूल ने उनकी छुट्टी मंजूर नहीं की, इसलिए उनके साथ उनके चाचा नरेंद्र और छोटी चचेरी बहन साक्षी भी थीं, जो पदक नहीं जीत सकी।तन्नु ने अब तक यहां कांस्य पदक समेत चार पदक जीते हैं। उन्होंने 2023 में अंडर-19 स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2022 में अंडर-17 कैडेट रैंकिंग सीरीज़ में कांस्य और 2019 में अंडर-14 स्कूल नेशनल गेम्स में कांस्य पदक अपने नाम किया।तन्नु ने कहा, अगले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आप मुझे स्वर्ण पदक लेते हुए देखेंगे। मैं कोई कसर नहीं छोडूंगी और यहां से कड़ी मेहनत करूंगी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिले अवसर और पदक ने मुझे काफी उत्साहित किया है। मुझे पता है कि मैं बड़े पुरस्कारों की हकदार हूं और इससे अधिक बेहतर कर सकती हूं।उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपनी कम कमाई के बावजूद उनके लिए सब कुछ किया है। साथ ही मुझे मजबूत रखने के लिए वह मुझे सब कुछ खिलाते हैं। मेरे चाचा ने एक भैंस भी खरीदी है ताकि दूध और घी की कोई कमी न हो।

तबीयत बिगड़ने पर मयंक अग्रवाल अस्पताल में हुए भर्ती

अगरतला। कर्नाटका क्रिकेट टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अगरतला के एक निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

यह घटना शाम को उस समय हुई जब अग्रवाल अगरतला से दिल्ली के रास्ते सूरत के लिए उड़ान भर चुके थे। विमान में बैठते ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अग्रवाल ने इंडिगो के विमान में बैठने के बाद पानी समझकर एक बोतल से तरल पदार्थ ग्रहण किया था। जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द महसूस होने लगा। इसके साथ ही उन्हें मुंह और गले में जलन की शिकायत की। उन्हें विमान में उल्टी भी हुई, जिसके बाद उन्हें अगरतला के आईएलएस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। सूरत में कर्नाटका को रेलवेज के खिलाफ खेलना है। हालांकि कर्नाटका के शेष टीम को सूरत के लिए रवाना कर दिया गया।आईएलएस अस्पताल ने अग्रवाल के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अभी उनकी हालत स्थिर है और वह चिकित्सीय निगरानी में हैं। अस्पताल ने बताया कि अग्रवाल को मुंह में जलन हो रही थी और उन्हें होठों पर सूजन का अनुभव हो रहा था। वह अगले 24 घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन इस समय त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन और अग्रवाल का इलाज कर रहे चिकित्सकों के संपर्क है। अभी उनकी और जांच की जाएगी, जिसके बाद उनके बेंगलुरु लौटकर आगे के इलाज के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। इंडिगो ने मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली जा रहे उसके एक विमान को वापस अगरतला लौटने की पुष्टि की है।

फीफा ने सर्वकालिक अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसफर रिकॉर्ड की घोषणा की

जिनेवा। फीफा ने 2023 ग्लोबल ट्रांसफर रिपोर्ट जारी की है, जो पिछले साल 74,836 क्रॉश बॉर्डर ट्रांसफर के रिकॉर्ड की पुष्टि करती है। इनमें से लगभग 31.7 प्रतिशत पेशेवर पुरुष और महिला खिलाड़ी शामिल थे, जिन्होंने कुल मिलाकर 9.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड खर्च किया। फीफा ने घोषणा की कि शीर्ष 10 खिलाड़ियों के ट्रांसफर ने 2023 में ट्रांसफर शुल्क पर खर्च की गई पूरी राशि का 10 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न किया और शीर्ष 100 ने ट्रांसफर शुल्क का 45 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न किया। फीफा ने महिला फुटबॉल में भी प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। 2022 की तुलना में 2023 में 20 प्रतिशत से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। शौक़िया तौर पर किया गया ट्रांसफर मार्केट अधिक सक्रिय था। 2023 में 50,000 से अधिक शौकिया खिलाड़ी दूसरे देश चले गए। फीफा के 211 सदस्य संघों में से 207 कम से कम एक शौकिया ट्रांसफर में शामिल थे।

न्यूकैसल ने विला को 3-1 से हराया

बर्मिंघम। फैबियन शार के दो गोल की मदद से न्यूकैसल युनाइटेड ने एस्टन विला में प्रीमियर लीग में 3-1 से जीत दर्ज की।

मिली इस जीत ने न्यूकैसल की प्रीमियर लीग में लगातार चार हार के सिलसिले को खत्म किया, जिससे यूनाई एमरी की टीम को सीजन की अपनी पहली घरेलू हार का सामना करना पड़ा। स्विस डिफेंडर ने एलेक्स मोरेनो के गोल से पहले फर्स्ट हाफ के पांच मिनट में दो बार गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में ही उनकी जीत पक्की हो गई। ओली वॉटकिंस ने विला के लिए एकमात्र गोल किया, जिसने अपने पिछले पांच प्रीमियर लीग मैचों में से केवल एक जीता है। सीज़न की अपनी दूसरी जीत हासिल करने के बाद

न्यूकैसल 32 अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि विला 43 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। 17 मैचों का अजेय होम रन समाप्त होने के बाद लिवरपूल एक मैच अधिक खेलने के कारण पांच अंक पीछे है।

बिजनेस

केंद्र सरकार ने दिया तोहफा, सस्ते होंगे मोबाइल

नई दिल्ली। एक फरवरी 2024 को केंद्र वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी। इस बार यूनिन बजट पेश नहीं किया जाएगा। बजट पेश होने से पहले सरकार मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क को 10त्र की छूट दी गई है। ऐसे में उम्मीद है कि बजट के बाद फोन की कीमतों में नरमी देखने को मिल सकती है।

सरकार ने यह कदम भारत से निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लिया है। 10 फीसदी की संशोधित आयात शुल्क दर मोबाइल फोन असेंबली के लिए इस्तेमाल होने वाले घटकों पर लागू होगा। सरकार द्वारा जारी नए नोटिफिकेशन के अनुसार बैटरी कवर, मुख्य लेंस, बैक कवर और प्लास्टिक और मेटल से बनी मोबाइल पार्टस शामिल हैं।

यह निर्णय इस महीने की शुरुआत में आई हालिया रिपोर्टों के अनुरूप है। इस रिपोर्ट के अनुसारप सरकार मोबाइल के उन पार्ट पर आयात शुल्क कम करने पर विचार कर रहा है जो हाई-एंड मोबाइल फोन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कटौती का असर मोबाइल फोन इंडस्ट्री पर देखने को मिलेगा। इस फैसला के बाद भारत की मोबाइल फोन इंडस्ट्री को वैश्विक बाजार में विकास मिलने की उम्मीद है।

एसोसिएशन ने किसान कल्याण मंत्रालय से तरबूज के बीज के आयात की अनुमति देने का किया आग्रह

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि तरबूज के बीज का उपयोग राजस्थानी मिठाइयों और नमकीन बनाने में बड़े पैमाने पर किया जाता है, जिसका स्थानीय स्तर पर उपभोग किया जाता है और दुनिया भर के बाजारों में निर्यात भी किया जाता है, तरबूज के बीज की महंगी खरीद ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों में बड़ा व्यवधान पैदा किया है। श्री बलदेवा ने कहा कि संबंधित वर्ष की स्थितियों और संबंधित फसल की कटाई के अनुसार निर्णय लिए जा सकते है ताकि जमाखोरी पर नियंत्रण किया जा सके। कृषि किसान एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष, श्री सुनील बलदेवा कहते हैं, ÷तरबूज के बीज की मांग का एक बड़ा हिस्सा सूडान की उपज के आयात से पूरा होता है, जिसकी आयातकों को फिलहाल अनुमति नहीं है। इस मांग का आधा हिस्सा राजस्थान (जोधपुर, बाड़मेर और बीकानेर) की घरेलू उपज से पूरा होता है, इस वर्ष सभी क्षेत्रों में साल भर कम वर्षा हुई है।

सैमसंग ने 3डी डीआरएएम डेवलपमेंट के लिए खोली नई रिसर्च लैब

सोल। दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निर्माता कंपनी सैमसंग ने अगली जनरेशन के त्रि-आयामी (3डी) डीआरएएम विकसित करने पर फोकस करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नई रिसर्च लैब बनाई है। सूत्रों के अनुसार, नई लैब डिवाइस सॉल्यूशंस अमेरिका (डीएसए) के तहत काम कर रही है, जिसका मुख्यालय सिलिकॉन वैली में है, जो अमेरिका में सैमसंग के सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन की देखरेख करती है, और सैमसंग को ग्लोबल 3डी मेमोरी चिप बाजार का नेतृत्व करने की अनुमति देने के लिए एक अपग्रेड डीआरएएम मॉडल विकसित करने के लिए काम करेगी।अक्टूबर में, दक्षिण कोरियाई टेक जायंट ने कहा कि वह सब-10-नैनोमीटर डीआरएएम के लिए नई 3डी संरचनाएं तैयार कर रही है, जिससे बड़ी सिंगल-चिप क्षमताएं 100 गीगाबिट से अधिक हो सकती हैं। सैमसंग 2013 में उद्योग में पहली बार 3डी वर्टिकल एनएएनडी फ्लैश मेमोरी चिप्स का व्यावसायीकरण करने में सफल रहा।इस बीच, उद्यम और उपभोक्ता खर्च में मंदी के कारण ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के राजस्व में 2023 में 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

जूम एयरलाइन ने फिर भरी उड़ान, अयोध्या के लिए सेवाएं शुरू

नई दिल्ली। अपने परिचालन को पुनर्जीवित करते हुए, घरेलू कंपनी जूम एयरलाइन ने बुधवार को दिल्ली से अयोध्या के लिए उड़ान सेवाओं के साथ अपना परिचालन शुरू किया।

एयरलाइन ने दिल्ली-अयोध्या मार्ग पर सेवाओं के लिए बॉम्बार्डियर सीआरजे200ईआर विमान के अपने बेड़े को तैनात किया, जो पहले से ही भारत के सबसे अधिक मांग वाले आध्यात्मिक पर्यटन हॉटस्पॉट में से एक के रूप में उभरा है।पिछले साल अगस्त में, विमानन निगरानी संस्था, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में वाणिज्यिक यात्री परिचालन शुरू करने के लिए जूम एयरलाइंस को अपनी मंजूरी दे दी थी।शुरुआत में अप्रैल 2013 में स्थापित जूम एयरलाइंस या ज़ेक्सस एयर ने अपना पहला विमान, बॉम्बार्डियर सीआरजे200 हासिल किया। हालांकि, इसने केवल फरवरी 2017 में परिचालन शुरू किया। अपने प्रयासों के बावजूद, एयरलाइन को महत्वपूर्ण हवाई यात्री यातायात आकर्षित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।सुरक्षा चिंताओं के कारण, डीजीसीए ने जुलाई 2018 में अपने एयर ऑपरेटर प्रमाणपत्र को एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए निलंबित कर दिया।जूम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल

गंभीर ने कहा,हमें अयोध्या और दिल्ली को जोड़ने वाली सेवाओं के साथ जूम के पुनः लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जूम भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समर्पित है। नई उड़ान सेवाओं का उद्देश्य लोगों, संस्कृतियों और क्षेत्रों को इस आध्यात्मिक केंद्र से जोड़ना है।

गंभीर ने कहा,हम भारत में घरेलू हवाई यात्रा यात्रियों में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। कम लागत वाली एयरलाइन उड़ानों का प्रसार, सुव्यवस्थित बुकिंग प्रणाली, बेहतर ग्राहक अनुभव और लचीली एयरलाइन कार्यक्रम इस वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख कारक हैं। जूम इन विकास तत्वों के साथ तालमेल बिठाएगा, यात्रा के अनुभव को बढ़ाएगा और गुणवत्ता सुधार पर ध्यान देने के साथ इसे व्यक्तियों के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा। उन्होंने कहा कि एयरलाइन अपनी सेवा पुनरुद्धार के हिस्से के रूप में उड़ान मार्गों पर केंद्रित अतिरिक्त सेवाएं शुरू करके सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस-यूडीएएन) को बढ़ावा देते हुए अपनी सहायक भूमिका में भी बनी रहेगी।गंभीर ने कहा,हम नए मार्गों की खोज और अधिक टियर-2 शहरों को शामिल करने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने पर भी विचार कर रहे हैं।

तमन्ना भाटिया ने करण जौहर से मिलाया हाथ

दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं।अब अभिनेत्री ने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल सहायक कंपनी धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है।वह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली एक कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है।इस सीरीज का निर्देशन डॉ अरोड़ा फेम निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इस शो को एक स्टार्टअप ड्रामा के रूप में दिखाया जाएगा, जिसमें 2 महिलाओं की कहानी होगी जो उद्यमशीलता का मार्ग तलाशती हैं। इसमें मुख्य भूमिका तमन्ना निभाएंगी तो दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है।कहा जा रहा है कि धर्माटिक एंटरटेनमेंट अपनी इस सीरीज से पहले निर्देशक अर्चित के साथ सीरीज शोटाइम लेकर आएगा, जिसका फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।

बिना शीर्षक वाली अपनी इस सीरीज के साथ ही धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ तीसरी बार सहयोग किया है।इससे पहले सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन और अनन्या पांडे के नेतृत्व वाली सीरीज कॉल मी बे के लिए दोनों ने हाथ मिलाया है। ये दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल रिलीज होंगे।इसके अलावा तमन्ना की जी करदा, आखिरी सच और लस्ट स्टोरी के बाद यह चौथी वेब सीरीज होगी। तमन्ना की झोली में इस वेब सीरीज के अलावा 3 और फिल्में शामिल हैं।वह तमिल हॉरर कॉमेडी अरणमनई 4 का हिस्सा हैं, जिसमें राशि खन्ना और सुंदर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।तमन्ना फिल्म बोले चूड़ियां में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन शमास नवाब सिद्दीकी ने किया है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजपाल यादव शामिल हैं।इसके अलावा वह जॉन अब्राहम, अभिषेक बनर्जी और शरवरी वाघ के साथ फिल्म वेदा का भी हिस्सा हैं।

जॉर्जेट साड़ी पहनकर रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल अनुभव: जिया शंकर

अभिनेत्री जिया शंकर, हर्ष बेनीवाल के साथ मेरी जिंदगी नामक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जॉर्जेट साड़ी में रोमांटिक नंबर शूट करना एक स्वप्निल अनुभव रहा। गाने में अभिनय के बारे में बात करते हुए जिया ने कहा, बर्फ में जॉर्जेट साड़ी पहनकर एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल और खूबसूरत अनुभव था। तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने जिस तरह से इस गाने को गाया है, उससे मुझे इससे और भी ज्यादा प्यार हो गया है।इस रोमांटिक ट्रैक को तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने गाया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित वीडियो को मनाली के बर्फ से ढके पहाड़ों में शूट किया गया है। तुलसी ने कहा, मेरी जिंदगी एक बहुत ही भावपूर्ण ट्रैक है, जो तुरंत श्रोताओं के दिलों को छू जाएगा।उन्होंने कहा, यह गाना मोहसिन और मेरे द्वारा लगभग तीन साल पहले लॉक डाउन में शुरू किया गया था और

इसकी एक बहुत ही मजबूत धुन है, जो इतने समय तक मेरे साथ रही और आखिरकार हमारे पास इस गाने के लिए एक खूबसूरत वीडियो है। मैं अपने सभी प्यारे प्रशंसकों के लिए इसका इंतजार नहीं कर सकती। बर्फ से ढके पहाड़ों में साड़ी में दिखाना भी एक चुनौती थी। गाने के दिल छू लेने वाले बोल रश्मी विराग ने लिखे हैं और संगीत जावेद और मोहसिन ने दिया है। स्वप्निल संगीत वीडियो आरिफ खान द्वारा निर्देशित है।विशाल ने कहा, दर्शकों ने मेरे गानों को जो प्यार दिया है।

झुमका जल महोत्सव में सीएम समेत कई दिग्गज करेंगे शिरकत

- विशिष्ट व अति विशिष्ट की मौजूदगी में होगा कार्यक्रम
- करीब 74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की मिलेगी सौगात

कोरिया /नवप्रदेश। एक व दो फरवरी को झुमका जल महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन कोरिया द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कोरिया पहुंचेंगे विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता डॉ रमन सिंह, छत्तीसगढ़ विधानसभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि होंगे बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह सरुता, जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर सौभाग्यवती सिंह, जनपद अध्यक्ष सोनहत लल्ली सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बैकुंठपुर नविता शिवहरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिवपुर-चरचा लालमुनि यादव, ग्राम पंचायत ओड़गी की सरपंच बाबी अगरिया की मौजदूगी में संपन्न होगा। इसी तरह समापन दिवस 2 फरवरी को मुख्य अतिथि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे।

विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

कोरिया जिले को करीब 74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी मिलेगी। जानकारी के मुताबिक करीब 58 करोड़ रुपए की भूमिपूजन तथा 16 करोड़ रुपए के लोकार्पण कार्य भी सम्पन्न होगा।

तबला, गिटार और नृत्य प्रतिस्पर्धा के बॉलीवुड मिक्स में छात्रों ने किया एंजॉय

- नन्हे तबला वादक साश्वत महंत ने दी मनमोहक प्रस्तुति...
- लक्ष्मी राजवाड़े ने दिया विशिष्ट पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सर्कार विश्वविद्यालय के सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन इंस्ट्रुमेंटल, नृत्य, बास्केट बॉल, वॉली बॉल, कैरम, फुटबॉल, टेबल टेनिस,चैस प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इंस्ट्रुमेंटल प्रतिस्पर्धा में कीबोर्ड, गिटार, तबला, क्लेप बॉक्स,फ्लूट के माध्यम से कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 के विजेता जवाहर नवोदय विद्यालय की तबला वादक श्रिष्टी महनत ने प्रथम और विवेक कान्वेंट विद्यालय के देवेश बघवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 19 उम्र के अधिक केटेगरी में यश पाल (कीबोर्ड), प्रखर सिंह (गिटार) एवं भूसन यादव (फ्लूट) में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बास्केट बॉल एबव -19 के गर्ल्स केटेगरी में जी.ई.सी रायपुर ने प्रथम स्थान और एस. आर.आई.पी धनेली रायपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कैरम प्रतिस्पर्धा स्कूल गर्ल्स केटेगरी में स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मध्यम स्कूल, बेमेतरा की ममता साहू ने प्रथम और समृधि राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉली बॉल अंडर 19 बॉयज केटेगरी में 6 टीमें के मध्य प्रतिस्पर्धा हुई और एबव-19 बॉयज केटेगरी में 4 टीमें के मध्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ।बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में एबव -19 के (पोल ए) के सेमीफाइनल मैच में विजेता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर रहा।

नृत्य प्रतिस्पर्धा में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे 11 ग्रुप डांस और 12 सिंगल डांस प्रस्तुति क्लासिकल, छत्तीगढ़ी, बॉलीवुड मिक्स और कत्थक की परफॉरमेंस दी गई।आज मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की माननीय कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने सभी विजेताओ को गोल्ड, सिल्वर, ब्रोंन्ज़ मैडल और प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

प्रतिभागियों के सम्मान समारोह की सुरुवात मुख्य अतिथि और विश्ववविद्यालय प्रबन्धन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं राज्य गीत गायन के साथ हुई। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम के द्वारा दिया गया जिसमे उन्होंने आरोहण आयोजित करने के उद्देश का संक्षिप्त विवरण दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने अपने शब्दों में आरोहण में भाग लिए सभी प्रतिभागियों से कहा की जितने और हारने से ज्यादा भाग लेना अति आवश्यक है। इसके साथ-साथ उन्होंने उन्नत भारत के तेहत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए सात गाँव में गुलाबी गैंग में कार्यरत महिलओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, सी.पी.आर.ओ श्री राजेश तिवारी, सभी शिक्षक और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

कार्रवाई के बाद भी नहीं रुक रहा अवैध उत्खनन और परिवहन

- 14 दिनों में ही विभिन्न प्रकरणों पर 26 गाड़ियां हुई जब्त,लगभग 5 लाख रूपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसके तहत 14 दिनों में 26 प्रकरणों पर 5 लाख 10 हजार रूपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना लगाया गया है। जब्त गाड़ियों में एक सोल्ड सहित 18 टेक्टर, 2 चौन माउंटेन, 6 हाईवा समेत कुल 26 गाड़ियां शामिल है। खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी को रेत से भरे टैक्टर सीजी 22 टी 4625, सीजी 04 पीसी 4704, सीजी 04 एमएस 6405, 16 जनवरी को 2 माउंटेन चौन ओडी 08, टी 0336, ओडी 08 टी 2700, 17 जनवरी को टैक्टर सीजी 04 एमई 2035, 19 जनवरी को 5 रेत से भरे हाईवा डोंगरीडीह से सीजी 22 एक्स 7336, सीजी 28 पी 8255, सीजी 28 एन 7310, सीजी 28 क्यू 1811, सीजी क्यू 1844 शामिल है। इसी तरह 29 जनवरी को टैक्टर सीजी 22 एसी 1082, सीजी 04 एलएल 6090, सीजी 04 एचएल 8339, सोल्ड टैक्टर, सीजी 04 एलजे 1531, सीजी 04 पीएफ 7468, सीजी 04 एनबी 9376 शामिल है। इसके साथ ही आज 1 टैक्टर बोल्डर के परिवहन करते, 5 टैक्टर रेत के परिवहन करते एवं 1 चूना पत्थर से भरे हाईवा को जब्त किया गया है। सभी गाड़ियां को नजदीकी थाने के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरणों के निराकरण से कुल रु. 5 लाख 10 हजार अर्थदंड राशि की वसूली की जाएंगी जो शासन के राजस्व में जमा होगा।

यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

4 फरवरी तक होगी समर्थन मूल्य और लिंकिंग पर धान खरीदी

शनिवार एवं रविवार को भी होगी धान खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर नगद और लिंकिंग के आधार पर धान खरीदी अब 4 फरवरी रविवार तक की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील निर्णय लिया है। ज्ञातव्य है कि खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान सोसायटी के धान उपार्जन केन्द्रों में बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर नगद और लिंकिंग के आधार पर धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है। यहां यह उल्लेखनीय है ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। राज्य के किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री साय का यह संवेदनशील निर्णय से किसान उत्साहित हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य में 31 जनवरी तक 142.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में उन्हें 29 हजार 318 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है।

सिकल सेल की पहचान के लिए हुआ परीक्षण

- अब तक 89 हजार से अधिक लोगों ने कराई जांच

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन की शुरुआत की गई थी। इसके तहत जनजातीय क्षेत्र एवं एवं इस बीमारी की आशंका वाले क्षेत्रों में यह कार्यक्रम मिशन मोड में चलाया जा रहा है । जिसके तहत शून्य से चालीस वर्ष के व्यक्ति की जांच की जा रही है। कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेज़ी से इस पर कार्य किया जा रहा है । इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि जिले में इस हेतु सभी को प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया है। जिला अस्पताल को 200,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक,एएन एम को 20-20 प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया। स्कूलों में जानी वाली चिरायु टीम को भी 100 का लक्ष्य दिया गया है। जिले अब तक 89 हजार 436 लोगों का सिकलसेल जांच किया गया है।

जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार में 19 हजार 705, भाटापारा में 18 हजार 37, कसडोल में 17 हजार 154, पलारी में 15 हजार 983 तथा सिमगा में 18 हजार 557 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी है। गौरतलब है कि सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रोग है जो एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में जीन्स के माध्यम से हस्तांतरित होता है। इस रोग में शरीर की लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में बन जाती हैं एवं जल्दी नष्ट हो जाती हैं, जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है, और नसों में खून का बहाव भी रुक सकता है, जिससे दर्द होता है और खून की कमी हो जाती है। इस रोग का कोई उपचार नहीं है बस सावधानी रखने पर परेशानी से बचा जा सकता हैं। हाथ पैरों में दर्द,कमज़ोरी ,सीने में दर्द,किसी प्रकार का संक्रमण इसमें हो सकता है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2024 (रविवार) को दो सत्रों में 28 जिलों में आयोजित की जाएगी। इन जिलों में अम्बिकापुर, बैकुण्ठपुर (कोरिया), बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग-भिलाई, दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम (कवर्धा), कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बलरामपुर, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं मुंगेली के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए जारी की गई समय सारिणी के अनुसार यह परीक्षा 11 फरवरी को पहली पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक विषय सामान्य अध्ययन (जनरल स्टडी) और द्वितीय पाली में अपरान्ह 3 से 5 बजे तक रुचि परीक्षा (एप्टीट्यूट टेस्ट) विषय की होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवेश पत्र 30 जनवरी 2024 को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

शहर को बदरंग कर रहे स्ट्रीट डॉग्स को हटाये निगम

- एनजीओ के साथ बुलाई गई बैठक में महाराष्ट्र मंडल ने नगर निगम को दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में स्ट्रीट डाग्स का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इनकी वजह से अब तक न जाने कितने हादसे हो चुके हैं, कितने मासूम बच्चे घायल हो चुके हैं । गली-मोहल्लों में लोग रात 9:30 बजे के बाद घर से बाहर निकलने में डरने भी लगे हैं। नगर निगम की बैठक में लगभग 70 एनजीओ की उपस्थिति में इस आशय की समस्या महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन ने बयां की।

खंगन ने कहा कि हर रोज समाचार पत्रों में स्ट्रीट डॉग्स के आतंक की खबरें तो छपती रहती है। विडंबना यह है कि नगर निगम इस दिशा में कुछ नहीं कर पा रहा है। जरूरत है राजधानी की सड़कों से स्ट्रीट डाग्स को हटाने की। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी की एक बड़ी वजह स्ट्रीट डॉग्स भी हैं, जो जहां-तहां गंदगी करते फिरते हैं। ऐसी गंदगी को सड़कों से साफ का कोई इंतजाम नहीं है। सड़कों से स्ट्रीट डॉग्स हटेंगे, तो सड़कें-गलियां बदबूदार गंदगी से भी मुक्त हो जाएंगी।

नगर निगम के कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक अविनाश मिश्रा की बुलाई गई बैठक में मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने कहा कि रायपुर की अधिकांश कॉलोनी-मोहल्लों में कचरा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से नहीं आती। यही वजह है कि लोग अपने घर का कचरा सार्वजनिक स्थानों पर फेंकते हैं। नगर निगम को न केवल कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था करनी चाहिए, बल्कि सड़कों पर, गलियों पर सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर दंड का प्रावधान भी करना चाहिए। रायपुर को स्मार्ट सिटी बनाने, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने के लिए ऐसे सख्त नियम बनाने और उसका पालन करने की माहती आवश्यकता है।

खेल समिति प्रभारी गीता दलाल के मुताबिक जब से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का मुख्यालय तोड़कर वहां शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया गया है, तब से उस क्षेत्र का समूचा बरसाती पानी शंकर नगर बाल वाचनालय-उद्यान में एकत्रित होने लगा है।

निधन

उमा देवी श्रीवास्तव

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी निवासी उमा देवी श्रीवास्तव का आज निधन हो गया वे अधिवक्ता बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी थी - लीना सक्सेना, सोनाली निगम,अमित श्रीवास्तव, रूपाली श्रीवास्तव की माता जी थी व ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव व राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव की बड़ी बहन थी उनकी अंतिम यात्रा 11 बजे हमारे निवास गुढ़ियारी से कोटा मुक्तिधाम जाएगी।

मोबाइल फोन के कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15% से 10% घटाया गया

- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- उद्योग और सीमा शुल्क में निश्चितता और स्पष्टता की आवश्यकता

नई दल्ली/नवप्रदेश डेस्क। मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्रालय ने मोबाइल फोन के लिए स्वरुप, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना को जारी की है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, उद्योग और सीमा शुल्क में निश्चितता और स्पष्टता की बहुत आवश्यकता है । यह प्रक्रियायेँ सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाता है। मैं मोबाइल फोन विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में मजबूती की दिशा में इस कदम के लिए माननीय प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं÷

केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना के माध्यम से मोबाइल उद्योग से संबन्धित 3 श्रेणियों सीमा शुल्क, अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लागू सीमा शुल्कमें बदलाव पेश किए हैं । मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर शुल्क 15त्न से घटाकर 10त्न कर दिया गया है।मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिसे अन्य माना गया एवं जिन पर पहले विचार किया गया था कि 15त्न शुल्क लिया जाएगा और अब उन पर 10त्न शुल्क लिया जाएगा।उदाहरण स्वरूप इन वस्तुओं में बैटरी कवर,फ्रंट कवर, मिडिल कवर, मेन लेंस, बैक कवर, जीएसएम एंटीना, पीयू केस, सीलिंग,गैस्केट, सिम सॉकेट, स्क्रू, प्लास्टिक और धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुएं शामिल है।

मोबाइल उद्योगके लिए यह संशोधन काफी महत्वपूर्ण है एवं मोबाइल उद्योग जगत ने सरकार के इस कदम का जोरदार स्वागत किया है। मोबाइल उद्योग के लिए सीमा शुल्क कम करनानिर्यात-आधारित विकास की दिशा में नीति परिवर्तन, नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करना, औरविनिर्माण में प्रतिस्पर्धात्मकता को संबोधित करनाभारत में मोबाइल फोन विनिर्माण उद्योगके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।